विधान परिषद हे खरेतर ज्येष्ठांचे सभागृह. शिक्षक, पदवीधर, स्थानिक स्वराज्य संस्था यातून चांगली माणसे सभागृहात आली पाहिजेत हा विचार या निवडणुकीमागे होता; पण सगळीकडे पैसा चालतो. विदर्भात गुरुजींच्या एका निवडणुकीत अगदी काहीच वर्षांपूर्वी पाच हजार रुपये आणि महागडी साडी अशी 'मतभेट' दिलेला उमेदवार चक्क जिंकला. सातवा वेतन आयोग घेणाऱ्यांनीही त्या उमेदवाराकडून आलेली भेट कुठलाही खेद न बाळगता आनंदाने स्वीकारली. तेव्हापासून त्यांना 'साडीचोळीवाले आमदार' असे म्हणतात.

विधान परिषद निवडणुकीत अगदी 'आपले' म्हणजे आपल्या पक्षाचेही मतदार पैसे घेतात. ज्या पक्षाने आपल्याला पालिका, जिल्हा परिषदेवर पाठविले त्या पक्षाप्रति निष्ठा वगैरे काही नाही. उमेदवार आपल्या पक्षाचा असला तरी बहुतेक सगळे रोखीने पैसे घेतात. लाज, लज्जा वगैरे काही नाही. एकाला बड्या पक्षाने जिल्हा परिषद अध्यक्ष केले. विधान परिषद आमदारकीची निवडणूक आली, वाटप सुरू झाले. आता पक्षाच्या नेत्यांना वाटले याला लायकी नसताना, पक्षातूनच विरोध असताना अध्यक्ष केले तेव्हा हा काही पैसे वगैरे मागणार नाही किंवा याला देण्याचाही प्रश्न नाही. त्या अध्यक्षाने स्वत:च विषय काढला, 'सगळ्यांचे पाहता, माझे काही पाहता की नाही? मी असाच कोरडा राहू का?'- असा त्रागा त्याने व्यक्त केला. लक्ष्मीदर्शन घडविले जाताच त्याची पक्षनिष्ठा कमळासारखी फुलली. - निवडणूक काळात पैसे वाटण्याची जबाबदारी असलेले नेतेच निवडणुकीनंतर एकेक सुरस कथा सांगतात. तुमचा-आमचा विश्वास बसणार नाही असे जिल्हा परिषद सदस्य, नगरसेवक इकडे-तिकडे पाहून पटकन पैसे घेऊन टाकतात. पाच वर्षांच्या सदस्यकाळात घसघशीत बोनस मिळवून देणाऱ्या या निवडणुकीत पैसा कमावण्याची ही संधी चार-दोन अपवाद सोडले तर कोणालाही गमवावीशी वाटत नाही.




सतरा जागांच्या निवडणुकीत घोडेबाजार टाळता येईल का? हो ! नक्कीच टाळता येईल. मोठ्या नेत्यांची मानसिकता असेल तर तसे नक्कीच घडू शकेल. तसे होईल अशी अपेक्षा करायला काय हरकत आहे?

### संधी गमावणारे विरोधक

महाराष्ट्राच्या विरोधी पक्षाला सध्या स्वत:चीच दृष्ट लागली आहे. राज्य आणि केंद्र सरकारविरुद्ध आंदोलन करण्याची मोठी संधी नीट परीक्षा, महागाई आणि पेट्रोल-डिझेल टंचाईमुळे चालून आलेली असताना कुठलेही मोठे आंदोलन होताना दिसत नाही. नीटच्या घोटाळ्याचे तर राजस्थाननंतर महाराष्ट्र हेच केंद्र आहे. जयपूरमध्ये काँग्रेसच्या शेकडो कार्यकर्त्यांनी भाजपच्या कार्यालयाला घेराव घातला. पोलिसांच्या लाठ्या खाल्ल्या. इकडे हर्षवर्धन सपकाळ काय करत आहेत? कडक उन्हात काँग्रेस कूलर, एसी लावून झोपली आहे. आदित्य ठाकरे हापूस खात असावेत.

तरुणाईमधील खदखद जेव्हा विरोधकांना कळेनाशी होते, तेव्हा एका रात्रीतून कॉक्रोच जनता पार्टीला लाखो ऑनलाइन फॉलोअर्स मिळतात. जेन झीच्या मनाचा ठाव घेता आला नाही तर सत्ताधारी अन् विरोधकांचाही कनेक्ट राहाणार नाही आणि या दोन पर्यायांशिवाय भलताच एखादा पर्याय लोक स्वीकारतील, तेव्हा पश्चातापापलीकडे हाती काहीही नसेल.

जनता ज्याला पर्याय मानत नाही, त्यालाच कधी कधी संतापाच्या भरात संधी देते. लोकशाहीत विरोधक हे जनतेच्या रागाचे, वेदनेचे आणि आशेचे अधिकृत प्रतिनिधी असतात याचे भान सध्या उरल्याचे दिसत नाही. इतिहास सांगतो, जेव्हा प्रस्थापित पक्ष जनतेचा आवाज ऐकणे बंद करतात, तेव्हा समाज आधी उपहास करतो, मग पर्याय शोधतो आणि शेवटी सत्तेचा संपूर्ण अर्थच बदलून टाकतो.

कारण लोकशाहीत जनता कधीच अनाथ राहत नाही; ती उशिरा का होईना, नवा पालक शोधतेच. आजकाल विरोधकांचे आंदोलनही वाय-फायसारखे झाले आहे; पासवर्ड माहिती असलेल्या काही लोकांपुरतेच मर्यादित. सत्ताधाऱ्यांचा अहंकार लोकशाहीसाठी जितका धोकादायक असतो, तितकीच विरोधकांची आळशी शांतताही घातक असते. सत्ताधारी आणि विरोधक जेव्हा जनतेचे अश्रू वाचण्यात अपयशी ठरतात, तेव्हा जनता मीम्स, रील्स आणि उपहासातून नवे नेते घडवू लागते. कॉक्रोच जनता पार्टी हा त्याचाच परिणाम आहे.

yadu.joshi@lokmat.com

अन्वयार्थ

# धोका वाढताच 'एआय'चा गळा घोटणारे नवे शस्त्र- 'किल स्विच'

## एखादी एआय प्रणाली धोकादायक ठरत असल्यास तिचे संगणकीय सामर्थ्य त्वरित बंद केले जाऊ शकेल; पण त्यासाठी 'धोका' ठरवायचा कसा आणि कुणी?



डॉ. दीपक शिकारपूर
अभियंता व माहिती तंत्रज्ञान अभ्यासक

**कृत्रिम** बुद्धिमत्ता म्हणजे फक्त स्मार्ट चॅटबॉट किंवा ऑटोमेशन नाही. ती आता निर्णय घेणारी, माहिती निर्माण करणारी, निरीक्षण करणारी आणि मानवी वर्तनावर प्रभाव टाकणारी शक्ती बनत आहे. संगणक आणि यंत्रांना माणसासारखे विचार करणे, शिकणे आणि निर्णय घेणे शिकविणारी ही तंत्रज्ञान पद्धती वेगाने वाढत आहे. शिक्षण, आरोग्य, बँकिंग, उद्योग, न्यायव्यवस्था अशा अनेक क्षेत्रांत तिचा वापर होतोय.

आज जगासमोर सर्वांत महत्त्वाचा प्रश्न असा उभा आहे की, "एआय कोणाच्या नियंत्रणाखाली असणार आणि ते मानवजातीच्या हितासाठी काम करणार का?" - कारण तंत्रज्ञान जितके सामर्थ्यवान बनते, तितकी त्याच्या चुकीच्या वापराची भीतीही वाढते. कृत्रिम बुद्धिमत्तेच्या मदतीने बनावट चित्रे, खोटे व्हिडीओ, दिशाभूल करणारी माहिती आणि मानवी निर्णयांवर प्रभाव टाकणाऱ्या प्रणाली निर्माण होत आहेत. त्यामुळे सुरक्षित आणि नैतिक 'एआय'ची गरज आता पूर्वीपेक्षा अधिक तीव्र झाली आहे. याच पार्श्वभूमीवर 'किल स्विच गव्हर्नन्स मॉडेल' ही नवी संकल्पना महत्त्वाची ठरत आहे.

या मॉडेलनुसार एखादी एआय प्रणाली मानवजातीसाठी धोकादायक ठरत असल्यास तिचे संगणकीय सामर्थ्य त्वरित बंद केले जाऊ शकते. म्हणजेच, एआय सर्व्हर, क्लाउड नेटवर्क, डेटा सेंटर्स किंवा जीपीयू निष्क्रिय करून ती प्रणाली थांबवता येईल. साध्या भाषेत सांगायचे तर, 'एआय'ला आवश्यक असलेली ऊर्जा आणि संगणकीय शक्ती बंद केली तर त्याचे कार्यही थांबेल.

पूर्वी एआयचे नियंत्रण मुख्यतः कोड लिहिणाऱ्या किंवा मॉडेल विकसित करणाऱ्या कंपन्यांकडे होते. आता मात्र 'कॉम्प्युटर कंट्रोल' म्हणजे संगणकीय शक्ती पुरवणाऱ्या संस्थांकडे अंतिम नियंत्रण जाऊ शकते. आधुनिक एआय प्रणालींना प्रचंड संगणकीय क्षमता लागते. हजारो जीपीयू, अत्याधुनिक डेटा सेंटर्स. सतत चालणारे क्लाउड नेटवर्क याशिवाय प्रगत एआय कार्य करू शकत नाही. ही सुविधा असणाऱ्यांकडे एआय थांबवण्याची ताकद असते.

या मॉडेलचा सर्वांत मोठा फायदा म्हणजे सुरक्षा. जर एआय चुकीची माहिती पसरवत असेल, सायबर हल्ल्यांना मदत करत असेल किंवा मानवी नियंत्रणाबाहेर जात असेल, तर एआयला त्वरित थांबवणे शक्य होईल. भविष्यात जैविक शस्त्रनिर्मिती, आर्थिक फसवणूक किंवा डिजिटल युद्धांमध्ये एआयचा गैरवापर होण्याची भीती व्यक्त केली जाते. अशा वेळी 'किल स्विच' ही यंत्रणा आपत्कालीन सुरक्षाकवच ठरू शकते. 'किल स्विच' मॉडेलमुळे बाह्य नियंत्रणाची एक नवी व्यवस्था निर्माण होते.

तथापि, या मॉडेलवर गंभीर प्रश्नही उपस्थित केले जात आहेत. सर्वांत मोठा प्रश्न म्हणजे अंतिम निर्णय कोण घेणार? एखादी एआय प्रणाली धोकादायक आहे की नाही हे ठरवण्याचा अधिकार एका खासगी कंपनीकडे असावा का? जर काही मोजक्या कंपन्यांकडे इंटरनेट, क्लाउड आणि संगणकीय शक्तीचे नियंत्रण असेल तर डिजिटल सत्तेचे केंद्रीकरण वाढू शकते. भविष्यात काही तंत्रज्ञान कंपन्या सरकारांपेक्षाही अधिक प्रभावशाली बनण्याची शक्यता नाकारता येत नाही.

दुसरा महत्त्वाचा मुद्दा म्हणजे पारदर्शकता. 'हानी' किंवा 'धोका' याची व्याख्या नेमकी काय असणार? चुकीची माहिती, राजकीय मतभेद, आर्थिक संकट किंवा सुरक्षा धोका - यातील सीमारेषा अनेकदा अस्पष्ट असतात. स्पष्ट निकष नसतील तर 'किल स्विच'चा गैरवापर होण्याची भीती निर्माण होते. काही वेळा विरोधी विचार दडपण्यासाठी किंवा स्पर्धकांना रोखण्यासाठीही अशा यंत्रणांचा वापर होऊ शकतो.

यामुळे 'डिजिटल सार्वभौमत्व' हा नवा प्रश्न समोर येतो. एआय प्रणाली जागतिक स्वरूपाच्या असल्या तरी त्यांचे नियंत्रण काही देशांतील कंपन्यांकडे केंद्रित होत आहे. भविष्यात संगणकीय शक्ती तेल, वीज किंवा अणुऊर्जेसारखी सामरिक संपत्ती मानली जाऊ शकते. ज्यांच्याकडे कॉम्प्युटर शक्ती असेल तेच भविष्यातील एआयचे नियम ठरवू शकतील. म्हणूनच एआयचे भवितव्य केवळ तांत्रिक प्रगतीवर अवलंबून नसेल, तर नैतिकता, पारदर्शकता आणि मानवी मूल्यांवरही ठरणार आहे. 'किल स्विच' ही संकल्पना मानवजातीच्या सुरक्षेसाठी उपयुक्त ठरू शकते; परंतु तिचा वापर लोकशाही, न्याय आणि पारदर्शकतेच्या चौकटीतच झाला पाहिजे.

deepak@deepakshikarpur.com

जगभर

# या देशात दर ५० पैकी एक जण तुरुंगात!

**शुक्रवार,** दि. २५ मार्च २०२२चा तो दिवस. या दिवशी सकाळी अल-सल्वाडोरच्या रस्त्यांवर अनेक मृतदेह पडले होते. सगळीकडे रक्तमांसाचा चिखल झाला होता. मृतांचे नातेवाईक रस्त्यावर आकांत करीत होते. केवळ एका दिवसात तब्बल ६२ लोकांची हत्या झाली होती. १९८० च्या गृहयुद्धानंतरचा तो सर्वांत रक्तरंजित दिवस होता. कोणी केला होता हा नरसंहार? कशासाठी?..

अल-सल्वाडोरच्या 'एमएस-१३' गँगनं हा रक्तपात घडवला होता, कारण राष्ट्राध्यक्ष नायब बुकेले यांच्या 'सर्फ सिटी' पर्यटन प्रकल्पाच्या निषेधार्थ त्यांनी सर्वसामान्य लोकांचा बळी घेतला होता. तीन दिवसांत त्यांनी तब्बल ८७ लोकांची हत्या केली. त्यानंतर मात्र सारं बदललं. ४४ वर्षीय राष्ट्राध्यक्ष नायब बुकेले यांनी या साऱ्या गोष्टी अतिशय गंभीरपणे आणि वैयक्तिक घेतल्या.

राष्ट्राध्यक्ष बुकेले यांनी देशात आणीबाणी लागू केली. सारे संवैधानिक अधिकार रद्द करण्यात आले. पुढील दोन आठवड्यांत दहा हजारांहून अधिक जणांना अटक करण्यात आली!

त्याहीपुढे जाऊन बुकेले यांनी आता एक नवीन कायदा मंजूर केला आहे, जो अजूनच खतरनाक आहे. या कायद्यान्वये १२ वर्षांपर्यंतच्या मुलांनाही आता जन्मठेपेची शिक्षा देण्याची तरतूद आहे. बुकेले यांनी इशारा दिला आहे, लहान असो किंवा मोठा, चुकीला माफी नाही. दहशत माजवली तर कोणालाही सोडलं जाणार नाही.

मानवी हक्क संघटनांचं म्हणणं आहे, हजारो निरपराध तरुणांना केवळ संशयावरून तुरुंगातील अंधाऱ्या कोठड्यांमध्ये डांबलं गेलं आहे, जिथं ना खिडकी आहे, ना कुटुंबीयांना भेटण्याची परवानगी! तीस कैद्यांची क्षमता असलेल्या कोठडीत शंभर कैदी डांबले जात आहेत. बुकेले यांना मात्र त्याची पर्वा नाही. त्यांना आपला देश हिंसाचारमुक्त हवा आहे.



त्यामुळेच कधीकाळी जगाचं 'मर्डर कॅपिटल' म्हणून ओळखला जाणारा लॅटिन अमेरिकेतील अल-सल्वाडोर हा देश आता दहशतवादापासून सुरक्षित झाला आहे. देशाच्या रस्त्यांवर मुलं रात्री निर्धास्तपणं फुटबॉल खेळतात. लोक न घाबरता केव्हाही, कुठेही फिरतात. राष्ट्राध्यक्ष नायब बुकेले यांनी साम-दाम-दंड-भेद.. या साऱ्या नीतींचा अवलंब करून हा बदल घडवून आला. त्यामुळेच त्यांचे समर्थक त्यांना 'मसीहा', तर विरोधक 'क्रूर हुकूमशहा' म्हणतात!

दहशतवाद चिरडून काढल्यामुळे अमेरिकेचे राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांनीही नायब बुकेले यांचं कौतुक केलं असून, त्यांना व्हाइट हाउसमध्ये निमंत्रित केलं होतं.

९२ टक्के लोकप्रियतेच्या जोरावर बुकेले यांनी आपला देश आता अमेरिकेपेक्षाही अधिक सुरक्षित बनवला आहे, मात्र त्याची किंमत लोकशाहीला मोजावी लागत आहे. ६४ लाख लोकसंख्या असलेला अल-सल्वाडोर हा जगातील असा एक देश आहे, जिथे १.९ टक्के लोकसंख्या म्हणजे प्रत्येकी ५० पैकी १ व्यक्ती सध्या तुरुंगात आहे!

बुकेले यांनी स्वतःला एक्सवर 'जगातील सर्वांत कूल हुकूमशहा' घोषित केलं होतं. त्यांच्या 'ठोकून काढा' मॉडेलचा परिणाम असा झाला की, २०१५ मध्ये देशातील हत्या दर १०४ होता, तो २०२६ मध्ये घटून केवळ १.९ प्रती एक लाख इतका झाला! मात्र तज्ज्ञ आणि जाणकारांचा सवाल आहे की, निष्पक्ष चौकशी आणि मानवी हक्कांशिवाय मिळालेली ही 'शांतता' किती काळ टिकेल? काही असो, बुकेले यांची उलटी टोपी आणि कठोर भाषाशैली सध्या मात्र लॅटिन अमेरिकेच्या राजकारणातील सर्वांत प्रभावशाली 'ब्रँड' बनली आहे.

जनमन

# डिजिटल इंडियाची ही शोकांतिका..



**'एनटीए'** अर्थात नॅशनल इलिजिबिलीटी ॲण्ड एन्ट्रन्स टेस्ट या संस्थेच्या अनागोंदी कारभारामुळे यंदाची 'नीट'ची परीक्षा रद्द करण्यात आली. घरात ढेकूण झाले म्हणून संपूर्ण घरच पेटवून देण्यासारखा हा प्रकार म्हणावा लागेल. गेल्या दहा वर्षांत एनटीएमार्फत घेण्यात आलेल्या 'नीट' राष्ट्रीय पात्रता तथा प्रवेश परीक्षांमध्ये तब्बल ८९ वेळा पेपर फुटीचे प्रकार उघडकीस आले असून, ४८ वेळा सदर परीक्षाच रद्द करण्याची नामुष्की एनटीएवर ओढवली आहे. इतके गैरप्रकार होऊनही हवी ती सुधारणा न झाल्यामुळे यंदाही 'नीट'ची परीक्षा रद्द करावी. लागली यामुळे ज्या २२ लाख विद्यार्थ्यांना मानसिक त्रास, पुनर्परीक्षेचा ताण सहन करावा लागत आहे. त्यास जबाबदार कोण? डिजिटल इंडियाचे उठता बसता डिंडिम वाजवले जात असताना परीक्षेच्या आधी काही मिनिटे संगणकआधारित प्रश्नपत्रिका परीक्षा केंद्रांना थेट ऑनलाइन पाठविण्यात व्यवस्था असमर्थ ठरत आहे. डिजिटल इंडियाची ही शोकांतिकाच म्हणावी लागेल.

२०२४ सालच्या 'नीट' परीक्षेत गैरप्रकार समोर आले असता एनटीएने परीक्षा रद्द करण्याचा निर्णय घेतला होता. तेव्हा सर्वोच्च न्यायालयाने 'नीट' फेरपरीक्षा न घेण्याचा निर्वाळा दिला होता. सर्वोच्च न्यायालयाने म्हटले होते, केवळ हजारीबाग व पाटणा येथेच नीटचा पेपर फुटला आणि त्याचा गैरफायदा जेमतेम १५५ विद्यार्थ्यांनी घेतला; त्याची शिक्षा देशभरातील २० लाख विद्यार्थ्यांनी का भोगावी? सरकार आणि एनटीएने योग्य तो बोध आता तरी घ्यावा.

**- बाळकृष्ण शिंदे,** पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

म्हणजे काय?

# स्क्रीन ॲप्निया- स्क्रीन समोर असताना श्वास घेणेही विसरता तुम्ही!

## ८० टक्के लोक डिजिटल उपकरणे वापरताना नीट श्वास घेत नाहीत. शरीराला पुरेसा ऑक्सिजन मिळत नाही, हे तुम्हाला कधी जाणवले आहे?

**स्लीप** ॲप्निया या शब्दाशी आपण सगळेच परिचित आहोत; पण वाढत्या स्क्रीन वापरामुळे जगातले सुमारे ८० टक्के लोक 'स्क्रीन ॲप्निया' नावाच्या एका समस्येचा सामना करत आहेत. गेल्या काही वर्षांत आपले दैनंदिन जीवन विविध प्रकारच्या स्क्रीन्सने व्यापले आहे. मोबाइल स्क्रीन, टीव्ही स्क्रीन, लॅपटॉप स्क्रीन, कॉम्प्युटर स्क्रीन, झालेच तर टॅब, ई-बुक रीडर असे अनेक स्क्रीन आपण दिवसभर वापर असतो. या सर्व प्रकारच्या स्क्रीन्सवर अतिवेळ घालविल्यामुळे स्क्रीन ॲप्निया ही समस्या निर्माण होते.

२००७ मध्ये लिंडा स्टोन नावाच्या एका अमेरिकन महिलेने 'स्क्रीन ॲप्निया' हा शब्द पहिल्यांदा वापरला. स्टोन या अमेरिकन तंत्रज्ञान संशोधक, लेखिका आणि कॉर्पोरेट अधिकारी आहेत. मायक्रोसॉफ्ट, ॲपलसारख्या कंपन्यांमध्ये त्यांनी काम केले आहे. मानव-तंत्रज्ञान यांच्यातील परस्पर संबंध, डिजिटल सवयी आणि शारीरीक, मानसिक आरोग्य हे त्यांच्या अभ्यासाचे विषय. ई-मेल पाहताना, ई-मेल्सना रिप्लाय करताना किंवा स्क्रीनसमोर काम करताना आपण नकळत श्वास रोखून धरत असल्याचे किंवा खूपच वरवर श्वास घेत असल्याचे त्यांना जाणवले. म्हणून त्यांनी स्वतःच्याच डिजिटल सवयींचा आणि श्वासोच्छवासाचा अभ्यास केला. आपले निरीक्षण बरोबर असल्याचे जाणवल्यानंतर त्यांनी आपल्या मित्रमंडळी आणि सहकाऱ्यांच्या मदतीने एक संशोधन केले. त्यातून सुमारे ८० टक्के लोक डिजिटल उपकरणे वापरताना नीटपणे श्वास घेत नसल्याचे त्यांच्या लक्षात आले. यालाच त्यांनी स्क्रीन ॲप्निया असे म्हटले.

स्क्रीन ॲप्निया हा ताणतणाव, एकाग्रतेचा अभाव आणि आधुनिक डिजिटल सवयींशी संबंधित आहे. माणसे सोशल मीडिया, त्यावर येणारी नोटिफिकेशन्स, कार्यालयीन ई-मेल्स, गेमिंग किंवा स्क्रोलिंगमध्ये पूर्णपणे गुंतून जातात तेव्हा त्यांच्या



श्वासोच्छवासाची पद्धत बदलते. अनेकदा श्वास आत घेतला जातो, पण तो नीट सोडला जात नाही. त्यामुळे श्वास वरवरचा घेतला जातो किंवा अनावश्यक रोखला जातो. मोबाइल किंवा लॅपटॉप वापरताना बसण्याची चुकीची पद्धतही या समस्येला कारणीभूत ठरते. वाकून बसल्यामुळे छातीवर दाब येतो आणि खोल श्वास घेणे कठीण होते, त्यामुळेही स्क्रीन ॲप्निया जडतो. माणसांच्या शारीरिक आणि मानसिक आरोग्यावर याचे दुष्परिणाम होऊ शकतात. केवळ वरवरचा श्वास घेतल्यामुळे मेंदू आणि शरीराला पुरेसा ऑक्सिजन मिळत नाही. डोकेदुखी, थकवा, चक्कर ही लक्षणे सुरू होतात. दीर्घकाळ स्क्रीन ॲप्निया राहिल्यास डोळ्यांवर ताण, मान आणि खांद्यामध्ये वेदना, चिडचिड, अपूर्ण झोप ही लक्षणे तीव्र होतात. काही तज्ज्ञांच्या मते सतत वरवरचा श्वास घेतल्यामुळे रक्तदाबाचे गणित बिघडते आणि हृदयाच्या आरोग्यावरही परिणाम होऊ शकतो.

काही सोप्या सवयींच्या मदतीने स्क्रीन ॲप्निया टाळता येतो किंवा कमी करता येतो. स्क्रीन वापरताना जाणीवपूर्वक दीर्घ श्वास एका संथ लयीत घेणे, स्क्रीनवर काम करताना नियमितपणे 'ब्रेक' घेणे, स्ट्रेचिंग करणे, योग्य 'पोस्चर' निवडून बसणे हे अत्यंत महत्त्वाचे आहे. त्यातून श्वासोच्छवासाची लय सुधारते. २०-२०-२० नियम, म्हणजेच दर २० मिनिटांनी स्क्रीनसमोरुन उठून २० फूट लांब अंतरावर असलेल्या गोष्टीकडे २० सेकंद पाहण्यामुळे बराच उपयोग होत असल्याचे तज्ज्ञ सांगतात. योगासने, ध्यानधारणा करणे, नृत्य, वाद्य किंवा संगीत शिकणे यामुळेही श्वासाची लय सुधारते. नवजात बाळ, एखादा निरोगी कुत्रा यांच्या श्वासोच्छवासाचे निरीक्षण करून, त्यांच्याप्रमाणे, नाकावाटे संथ लयीत श्वास घेण्यामुळे शरीराला पुरेसा ऑक्सिजन मिळतो आणि स्क्रीन ॲप्निया टाळता येतो, असे तज्ज्ञ सांगतात.

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## चिंतन

# आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार जरूरी

आतंकवाद विरोधी दिवस पर हाल ही के वर्षों में सुरक्षाबलों पर किए गए खतरनाक हमलों में से एक पुलवामा हमले के कातिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। पुलवामा एक ऐसा हमला था, जिसने पूरे देश को अस्थिर कर दिया था। इसके बाद भारतीय सेना को बालाकोट स्ट्राइक करनी पड़ी थी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। असल में दुनिया के तमाम देश आतंकवाद पर सिलेक्टिव नजरिया रखते हैं, लेकिन इसे व्यापक नजरिये देखे जाने की जरूरत है। भारत ने इस हकीकत को समझ लिया है और अब यह स्पष्ट हो गया है कि आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इसी का परिणाम है कि अब देश में आतंकवाद का माहौल कुछ कम हो गया है। हाल ही के दिनों में पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर कर दुश्मन को करारा जवाब दिया, लेकिन सीमापार नापाक देश अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी न किसी रूप में भारत को निशाना बनाता रहता है। भारतीय सुरक्षाबल किसी भी दुस्साहस को जवाब देने के लिए तत्पर हैं। आतंकी हमजा बुरहान की हत्या केवल एक व्यक्ति के अंत की खबर नहीं है, बल्कि यह उस आतंकवादी ढांचे पर बड़ा संकेत है, जिसने दशकों से भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दी है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता है और वहां की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। हमजा बुरहान, सलमान अजहर, शेख यूसुफ अफरीदी और सज्जाद अहमद जैसे नाम इसी नेटवर्क की कड़ियां रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में इन आतंकियों की रहस्यमयी मौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंक की फैक्ट्री अब भीतर से भी दरकने लगी है। हालांकि इन घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि कम हुई है, लेकिन इतना जरूर है कि आतंकवादी संगठनों के भीतर असुरक्षा और भय का माहौल बढ़ा है। भारत के लिए यह समय केवल संतोष का नहीं, बल्कि और अधिक सतर्क होने का है। आतंकवाद का चेहरा बदल चुका है। पहले सीमा पार से घुसपैठ और हथियारों की तस्करी प्रमुख खतरा थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड ऐप्स और डिजिटल फंडिंग के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। हमजा बुरहान पर भी युवाओं की भर्ती और फंडिंग का आरोप था। यह बताता है कि आतंकवाद अब बंदूक से ज्यादा दिमाग और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की सत्ता और वहां की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को "रणनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल करती रही हैं। जब तक इस सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक सीमा पार से साजिशें जारी रहेंगी। इसलिए भारत को केवल सैन्य शक्ति पर नहीं, बल्कि अपने खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी और मजबूत करना होगा, ताकि किसी भी हमले से पहले उसे भांप सकें और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। तभी हम आतंक पर पूरी तरह लगाम लगाने में सक्षम हो सकेंगे। अब दुनिया में आतंक नए रूप में सामने आ रहा है। तकनीकी क्षमताओं के दम पर इसे आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। अब जरूरत है कि आतंक के हर प्रारूप पर कड़ा वार प्रहार किया जाए, तभी देश सुरक्षित होगा और आम नागरिक खुद को महफूज समझेगा और भारत को सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर जरूरी हस्तक्षेप



मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

> सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।

हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया



कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए, लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं, तस्वीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है, जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके।सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत के निर्देशों के बाद अब राज्यों और नगर निकायों पर संस्थागत क्षेत्रों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने और प्रभावी नियंत्रण नीति लागू करने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू इन नियमों को लेकर जहां पशु प्रेमियों में निराशा है वहीं कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और पीड़ितों को इस आदेश से जरूर खुशी मिली होगी। यह आदेश लागू हैं और अब सख्ती से इनको अमल में लाया जाना बाकी है। देखना है कि इन आदेशों के बाद किस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। यह पशु प्रेमियों की बड़ी पहल के परिणाम बदलाव लाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सियासत

बाल मुकुन्द ओझा



# आखिर क्यों गुस्सा हो जाते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का विवादों से पुराना नाता रहा है। विशेषकर नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद से कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनपर तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' तक कहा है। राहुल गांधी के हालिया बयानों पर एक नज़र डालें तो पता चलेगा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूसरी तरफ, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता अर्बन नक्सली जैसी है। राहुल पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे राजनीति के 'राहु' हैं। राहुल गांधी परिवारवाद की उपज हैं। उन्होंने देश का अपमान किया है। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राहुल के बयान उनकी मानसिकता को बताते हैं। राहुल ने देश की जनता का अपमान किया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुaचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे अपने गुस्से का इजहार करने के दौरान जो बातें कह रहे है वे लोगों को हज़म नहीं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रहे है।

राहुल गांधी मोदी के बहाने बेसिरपैर के आरोप लगाते तनिक भी नहीं हिचकिचाते। मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है। राहुल को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते है, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिलाए मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे मरहूम रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। उनके पिता राजीव गांधी भी सौम्य व्यवहार और सभ्य भाषा का प्रयोग करते थे, लेकिन राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। भाजपा का कहना है जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों लें। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके हैं। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही हैं। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभूति खो रहे है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है। मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है ,अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है। राहुल को चाहिए कि वे अनाप शनाप बयान न देकर अपनी गरिमा बनाएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा




संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सिर्फ पेय नहीं, दुनिया की धड़कन है चाय

चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, यह एक संस्कृति है, एक संवाद है और दुनिया के करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। दुनियाभर में पानी के बाद यदि कोई पेय पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद और उपभोग किया जाता है तो वह है चाय। सुबह की पहली किरण के साथ नींद को अलविदा कहने से लेकर, दफ्तर की थकान मिटाने और मेहमानों के स्वागत तक, चाय हमारे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'चाय को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना' न केवल चाय के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन पर जोर देती है, बल्कि उन लाखों छोटे किसानों और श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने का भी आह्वान करती है जिनकी आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है।

*- शंकर यादव, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# कांगो में इबोला संक्रमण का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी




पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण से निपट रहे स्वास्थ्यकर्मियों और राहत सहायता समूहों ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि इसका प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने अधिक आपूर्ति बढ़ाने और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सशस्त्र समूह एक ऐसे क्षेत्र की सुरक्षा को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं जो पहले से ही विस्थापन और मानवीय संकट से जूझ रहा है। अलीमा नामक एक सहायता समूह के बुनिया क्षेत्र समन्वयक हामा अमाडो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'स्थिति चिंताजनक है क्योंकि संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह कई क्षेत्रों में फैल रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि स्थिति नियंत्रण में है।' स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो प्रकार से निपटने के लिए कोई टीका या दवा उपलब्ध नहीं है, जो पहली ज्ञात मौत के बाद हफ्तों तक बिना पता चले फैलता रहा। इबोला वायरस के संक्रमण से अब तक 139 संदिग्ध मौतें हुई हैं और लगभग 600 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## ट्रेंड

### कृषि जीवन की मूल धारा



भारत में कृषि जीवन की मूल धारा और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम सिर्फ उत्पादन बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक ऐसा फार्मिंग इकोसिस्टम बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुरूप हो और भविष्य रेडी हो। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं



हमारी सरकार के दौरान रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव है। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा, और इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेजी से बढ़ावा दे रहा है।
**-राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### ऋण को सिबिल से ना जोड़ें



हर बैंक को, मुख्यालय से लेकर शाखा स्तर तक, बता दिया है कि फसल ऋण को सिबिल की शर्तों से नहीं जोड़ा जाए। रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। 'सिबिल' स्कोर से जुड़ी समस्याओं के कारण किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। **-देवेंद्र फडणवीस**, सीएम महाराष्ट्र

### घुसपैठियों को बीएसएफ को सौपेंगे



पश्चिम बंगाल में नया नियम लागू हो गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को अब अदालतों में नहीं भेजा जाएगा, बल्कि बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश में घुसपैठ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
**-शुभेंदु अधिकारी**, सीएम पश्चिम बंगाल

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**कल्पमेधा**

*अनुपयोग से लोहा जंग खा जाता है। स्थिरता से पानी अपनी शुद्धता खो देता है। इसी तरह निष्क्रियता मस्तिष्क की ताकत सोख लेती है।*

*– लिओनार्दो दा विंची*

# चुनौतियों के बीच

इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद जिस स्तर पर वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई, उसका प्रभाव दुनिया के ज्यादातर देशों पर पड़ा है। भारत में भी आपूर्ति शृंखला बाधित होने की वजह कई स्तर पर झटके लगे हैं, जिसका सीधा असर देश की आर्थिक संरचना पर पड़ा है। इसके बावजूद भारत ने अपने स्तर पर हालात से निपटने की कोशिश की है और यही वजह है कि आने वाले दिनों की चुनौतियों के समांतर कुछ सकारात्मक संकेत अब भी कायम हैं। वैश्विक स्तर पर ज्यादातर देशों को लगे आर्थिक झटकों के असर का दायरा अब भी फैल रहा है और शायद संयुक्त राष्ट्र की ओर से इन्हीं वजहों से भारत की विकास दर प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में कटौती कर दी गई है। इसके मुताबिक, वर्ष 2026 में भारत की विकास दर 6.6 फीसद से घट कर 6.4 फीसद हो सकती है।

निश्चित तौर पर यह भारत के लिए एक चुनौती भरा वक्त साबित हो सकता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने जिस तरह विकास दर में इस अनुमानित संशोधन के बावजूद भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में एक बने रहने का आकलन पेश किया है, उससे एक उम्मीद भी पैदा होती है। दरअसल, पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद जैसी स्थितियां पैदा हुईं, उसका असर इस रूप में आने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। सच यह है कि न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अप्रत्याशित साबित हो रहे संकट का दायरा और भी विस्तृत हो सकता है, क्योंकि 2026 के लिए वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भी महज 2.5 फीसद आंका गया है। यह छिपा नहीं है कि दुनिया के ज्यादातर प्रभावित देशों में इसकी वजह से विकास की रफ्तार धीमी हुई है और सभी जगहों पर महंगाई का दबाव तेजी से बढ़ा है। आम लोगों की क्रयशक्ति कमजोर होने का सीधा असर बाजार पर पड़ता है और उसका सिरा आगे उत्पादन क्षेत्र तक भी जाता है। ऐसे में इससे निपटने के लिए नीति निर्माण के मामले में विकल्प कम होते जाते हैं।

हालांकि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा कीमतों में उछाल और व्यापारिक अनिश्चितता का प्रत्यक्ष प्रभाव भारत समेत कई अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। खासतौर पर ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध से उपजे हालात में तेल आयात पर निर्भर देशों की चिंताएं बढ़ी हैं। सच यह है कि जिस तरह ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया, उसकी वजह से अन्य देशों के साथ-साथ भारत को भी इसका बड़ा खमियाजा उठाना पड़ा है। यों भारत ने इसका विकल्प निकालने की कोशिश की है और तेल आयात के लिए अन्य कुछ देशों के साथ कूटनीतिक संवाद कायम किया है, लेकिन फिलहाल बाधित आपूर्ति शृंखला की वजह से अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। ऐसे में ऊर्जा आयात के क्षेत्र में बढ़ती लागत और वित्तीय स्थितियों पर लगातार बढ़ते दबाव की वजह से अगर भारत की विकास-दर भी चुनौतियों के बीच है, तो यह एक स्वाभाविक स्थिति है। मगर इसका सामना करना इस बात पर निर्भर है कि सरकार नए विकल्पों को लेकर कितना स्पष्ट है और कितनी इच्छाशक्ति के साथ पहल करती है।

# साझेदारी की राह

जिस दौर में वैश्विक स्तर पर कई तरह की नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, वैसे में भारत और इटली के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक अहम अध्याय के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, दोनों देशों ने वर्ष 2029 तक अपने बीच होने वाले व्यापार को नई ऊंचाई देने का एक महत्त्वपूर्ण संकल्प लिया है। यों कुछ समय पहले भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते ने एक नई जमीन रची थी, लेकिन अब भारत और इटली के बीच दुर्लभ खनिजों के मुद्दे पर हुए समझौते के अलावा आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर जो सहमति बनी है, उससे उम्मीद बंधी है कि दोनों देशों के संबंधों को एक नया आयाम मिलेगा। इसके अलावा, रणनीतिक साझेदारी पर भी अहम समझौते के साथ ही रक्षा, व्यापार और नवाचार से लेकर अन्य कई अहम क्षेत्रों में सहयोग के कदम बढ़ते दिख रहे हैं। मगर यह धरातल पर कितना उतरेगा, अभी कहना मुश्किल है। उम्मीद की जा रही है कि वैश्विक स्तर पर बदलते समीकरण के बीच रक्षा तथा आर्थिक संबंध एवं समुद्री परिवहन में सहयोग बढ़ाने का संकल्प द्विपक्षीय संबंधों को नया विस्तार देगा।

खासतौर पर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जो समझौते हुए हैं, वे भविष्य मे हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। अगर ये जमीन पर उतरते हैं, तो इसे एक महत्त्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि माना जाएगा, जो शायद दोनों देशों के संबंधों को एक नए स्तर पर आगे ले जाए। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर सहयोग करने की प्रतिबद्धता से भी स्पष्ट है कि साझेदारी का दायरा बड़ा है। गौरतलब है कि इटली यूरोपीय संघ में भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। रणनीतिक साझेदारी कई स्तरों पर बढ़ने जा रही है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक व्यापक रूपरेखा बनेगी और दोनों देश संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे। आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए साझा प्रयास करने पर दोनों देशों के बीच बनी सहमति वक्त का तकाजा है। हालांकि फिलहाल संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि दोनों देश इसे व्यावहारिक स्तर पर कितना और कैसे लागू करते हैं।

# विकास की सुस्त पड़ती रफ्तार



**पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का असर अब भारत पर भी साफ दिखने लगा है। वहीं वैश्विक एजंसियों की रिपोर्ट में भी देश की विकास दर में कमी आने के संकेत दिए गए हैं।**

**जयंतीलाल भंडारी**

भूराजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच भारत को भी कई तरह की अनिश्चितताओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति में वैश्विक एजंसियों की अलग-अलग रिपोर्ट में भारत की विकास दर में कमी आने के संकेत सामने आ रहे हैं। अब देश में बढ़ती महंगाई से यह चुनौती और बड़ी होती दिख रही है। हाल ही में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए की वृद्धि, खुदरा और थोक महंगाई दर के बढ़कर क्रमशः 3.48 फीसद और 8.3 फीसद हो जाने, निर्यात में कमी और आयात लागत में उछाल जैसे कारणों से अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ने लगा है। ऐसे में विकास की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। इसके तहत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर क्रियान्वयन, नए श्रम कानूनों को बेहतर तरीके से लागू करना, निर्यात के नए बाजार तलाशना, सेवा निर्यात को मजबूत करना, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सार्वजनिक डिजिटल ढांचे की मजबूती को प्रमुख आधार बनाना होगा।

एशियाई विकास बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर में 0.6 फीसद की कमी आ सकती है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर 7.6 फीसद थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 6.5 फीसद रह सकती है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक ने भी भारत की विकास दर में कमी आने के संकेत दिए हैं। इन तमाम रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल के ऊंचे दाम, व्यापार मार्ग और आपूर्ति शृंखला की बाधा, महंगाई, राजकोषीय घाटा, शेयर बाजार का कमजोर परिदृश्य और रुपए के मूल्य में गिरावट जैसे कारण भारत की तेज विकास दर के सामने चुनौती बन गए हैं।

निस्संदेह इस समय भारत को एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने की जरूरत है। इसके मद्देनजर निर्यातकों को कम लाभ देने के साथ ही प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। इससे निर्यात के नए बाजारों में दस्तक देने की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसमें दोराय नहीं कि दुनिया के विकसित और विकासशील देश भारत के साथ कारोबार बढ़ाने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस समय आकार ले रही नई विश्व अर्थव्यवस्था भारत की ओर झुकी हुई प्रतीत होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत न्यूजीलैंड में सौ फीसद भारतीय निर्यात पर शून्य शुल्क सुनिश्चित किया जाएगा। भारत भी न्यूजीलैंड के 95 फीसद निर्यात पर शुल्क समाप्त या कम करेगा। खास बात यह है कि इस समझौते के तहत ऐसे कई उत्पादों को सूची से बाहर रखा गया है, जो भारत के किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों से जुड़े हुए हैं। साथ ही न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डालर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता भी जताई है।



उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भारत की ओर से ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का भी चालू वित्त वर्ष में कार्यान्वयन शुरू होगा। ये दोनों समझौते भारत से निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही भारत-यूरोपीय संघ के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते का क्रियान्वयन भी देश के निर्यात को बढ़ाने में मददगार होगा। इससे दो अरब लोगों का विशाल बाजार बनेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है। इसके अलावा अब कनाडा, इजराइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में भी तेजी लानी होगी। साथ ही इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि अभी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में जल्दबाजी नहीं की जाए।

> **वर्तमान में भारत से कुल निर्यात का अधिकांश हिस्सा अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, सऊदी अरब और चीन जैसे प्रमुख देशों पर निर्भर है। इसलिए अब अन्य देशों में भी बाजार तलाशने होंगे, ताकि किसी एक या कुछ देशों में आर्थिक सुस्ती का सीधा असर भारत पर न पड़े। निर्यात विविधीकरण पर भी ध्यान देना होगा, ताकि नए उत्पादों को इसमें शामिल किया जा सके। वैश्विक संकट की चुनौतियों के बीच तेज विकास के लिए प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी जरूरी है। भविष्य में भारत के विकास की तेज वृद्धि के लिए सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा, महत्त्वपूर्ण खनिज और स्वच्छ प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश की जरूरत होगी।**

श्रम कानूनों को सरल एवं प्रभावी बनाए जाने से भारत का सेवा निर्यात भी तेजी से बढ़ाया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से वैश्विक सेवा निर्यात पर किए गए अध्ययन में कहा गया है कि हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। ये ऐसी सेवाएं है, जिन्हें बिना भौतिक निकटता के सीमाओं के पार पहुंचाना आसान है। यानी जैसे-जैसे दूरी का महत्त्व कम होता जा रहा है और डिजिटल व्यापार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत से सेवाओं का निर्यात भी बढ़ रहा है। ऐसे में भारत से सेवा निर्यात में वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता और सुरक्षा को लेकर अधिक प्रयास करने होंगे। युवाओं को कृत्रिम मेधा में भी दक्ष बनाना होगा, जिससे सेवा निर्यात की विकास दर को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि विकास दर बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) आकर्षित करने के वास्ते व्यापक स्तर पर प्रयास करने होंगे। उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के तहत काम करने वाली एजंसी इन्वेस्ट इंडिया ने हाल में अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया के दस प्रमुख देश भारत में उद्योग-कारोबार के दस महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में 45 अरब डालर का निवेश करने के इच्छुक हैं। ऐसी संभावनाओं को साकार करने के लिए भारत में बंदरगाह, वस्तुओं का भंडारण एवं परिवहन तथा अन्य निवेश सुविधाओं को और बेहतर बनाना होगा। पश्चिम एशिया में संकट से निर्मित परिस्थितियों के कारण भारत की विकास दर को कम होने से बचाने और तेज विकास की संभावनाओं को बनाए रखने के लिए हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। निर्यात बढ़ाने के लिए नए बाजार और विविधता की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। निर्यातकों की दिक्कतों को कम करना होगा, जो केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं, बल्कि निर्यात पर लगाए गए डंपिंग-रोधी शुल्क से भी संबंधित हैं।

वर्तमान में भारत से कुल निर्यात का अधिकांश हिस्सा अमेरिका, यूएई, ब्रिटेन, सऊदी अरब और चीन जैसे प्रमुख देशों पर निर्भर है। इसलिए अब अन्य देशों में भी बाजार तलाशने होंगे, ताकि किसी एक या कुछ देशों में आर्थिक सुस्ती का सीधा असर भारत पर न पड़े। निर्यात विविधीकरण पर भी ध्यान देना होगा, ताकि नए उत्पादों को इसमें शामिल किया जा सके। वैश्विक संकट की चुनौतियों के बीच तेज विकास के लिए प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी जरूरी है। भारत को ऐसे संस्थान एवं विकास माडल बनाने होंगे, जो उसकी अपनी वास्तविकताओं और सभ्यतागत मूल्यों से जुड़े हों। भविष्य में भारत के विकास की तेज वृद्धि के लिए सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण, महत्त्वपूर्ण खनिज और स्वच्छ प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश की जरूरत होगी। अब शासन और सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और मुक्त स्रोत वाली प्रौद्योगिकी प्रणालियों की भूमिका को सुदृढ़ करना होगा। लंबे समय से लंबित सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। कृत्रिम मेधा जैसे उच्च-स्तरीय क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर नियामक बाधाओं को बहुपक्षीय प्रयासों के माध्यम से दूर करना होगा।

## दुनिया मेरे आगे

# दिखावे का रोग

**आशुतोष कुमार**

इन दिनों एक कहावत हर तरफ कही-सुनी जाती है- 'जो दिखता है, वही बिकता है।' मतलब यह कि बिकने के लिए 'दिखना' जरूरी है। यह कहावत आज की 'अर्थवादी संस्कृति' की ओर इंगित करती है। साथ ही, इसका निहितार्थ यह भी है कि बाजार के इस युग में मूल्य ही सर्वोपरि है। मूल्यांकन का आधार अलग-अलग हो सकता है। मूल्य सिर्फ नकद रूप में नहीं दिख सकता, लेकिन उस मूल्य की जद में अर्थ ही होता है, क्योंकि मोल तो मूल्य से ही होता है। हां, यह संभव है कि मूल्य का स्वरूप अलग हो। कोई व्यक्ति बहुत अमीर है, उसके पास काफी पैसे हैं, तो वह अपनी अमीरी दिखाने के लिए नोटों की गड्डियां सिर पर लादकर नहीं चल सकता। उसकी अमीरी उसके परिधान, उसके आभूषण, उसकी कार और दूसरे संसाधनों से आंका जा सकता है।

दिखावे की दुनिया में पैसे के बिना रंग-रोगन नहीं चढ़ सकता। पैसे की चमक दूर से दिखती है, भले ही वह नकद रूप में न रहे। पैसे से न सिर्फ चलन बदल जाता है, बल्कि चाल भी बदल जाती है। अपनी अमीरी दिखाने के लिए लोग कोई भी उपक्रम अपनाने से बाज नहीं आते। विशेष मौकों पर यह उपक्रम अपनी पराकाष्ठा पर तो होता ही है, अन्य मौकों पर भी जहां गुंजाइश बनती है, लोग दिखावा करने से नहीं चूकते। इसके पीछे मानसिकता यह होती है कि समृद्धि और संपन्नता का आकलन कर ही व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठा मिलती है। कमोबेश यह सही भी है। आर्थिक युग में ऐसा संभव है। लोग मानते हैं कि पैसा सब कुछ नहीं, फिर भी बहुत कुछ है। पैसा है, तो सारे साधन और संसाधन उपलब्ध किए जा सकते हैं। यानी, जिसके पास सारे संसाधन हैं या तमाम संसाधन जुटाने की क्षमता है, उसे अर्थ प्रधान समाज में अपेक्षाकृत अधिक प्रतिष्ठा मिलना भी स्वाभाविक है।

> **दिखावे की दुनिया में पैसे के बिना रंग-रोगन नहीं चढ़ सकता। पैसे की चमक दूर से दिखती है, भले ही वह नकद रूप में न रहे। इससे न सिर्फ चलन बदल जाता है, बल्कि चाल भी बदल जाती है। अपनी अमीरी और श्रेष्ठताबोध दिखाने के लिए लोग कोई भी उपक्रम अपनाने से बाज नहीं आते।**

इस दुनिया के अलग-अलग रंग और रूप हैं। आम मौके पर, जहां सिर्फ परिवार, समाज और सामान्य लोग ही होते हैं, वहां भी लोग अपनी श्रेष्ठता साबित करने की भरपूर कोशिश करते हैं। अर्थशास्त्र में इच्छा, आवश्यकता और मांग में अंतर बताए गए हैं, लेकिन अब अर्थ के नित्य नए शास्त्र लिखे और पढ़े जा रहे हैं। एक डाक्टर के लिए भी कार आवश्यकता की वस्तु है और एक शिक्षक के लिए भी। डाक्टर को मरीजों के इलाज के लिए जल्दी पहुंचना होता है, समय पर नहीं पहुंचने पर मरीज की जान भी जा सकती है, इसलिए कार डाक्टर की जरूरत है, लेकिन शिक्षक के साथ ऐसी बात नहीं है। अगर कुछ मिनटों की देरी से वह कक्षा में जाता है, तो किसी की जान पर खतरा नहीं है। ज्ञान पर भी असर पड़ने की गुंजाइश नहीं है। मगर कार खरीदने की सामर्थ्य डाक्टर के पास भी है और प्राध्यापक के पास भी। इस तरह इच्छा और आवश्यकता और मांग आज गड्डमड्ड हो गए हैं।

सामर्थ्य इच्छा, आवश्यकता और मांग के बीच के फासले को खत्म कर देती है। यह सामर्थ्य लोगों को सुविधाएं भी देती है और दिखावे का अवसर भी। दिखावे के पीछे सिर्फ एक ही मानसिकता होती है- अपने को श्रेष्ठ साबित करना। श्रेष्ठ साबित करने की यह मानसिकता अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग रंगों में दिखती है। यह कार से लेकर सरोकार तक दिखती है। महंगी कारों के माध्यम से लोग अपनी अमीरी का प्रदर्शन करते हैं, वहीं रसूख वाले लोगों से अपने संबंधों को दिखाकर समाज में अपनी प्रतिष्ठा को स्थापित करना चाहते हैं। प्रदर्शन ही प्रतिष्ठा पाने का माध्यम बन गया है। जो दिखता नहीं, वह बिकता भी नहीं। बिकने के लिए दिखना जरूरी है। वह भी सिर्फ बेहतर नहीं, उससे दो कदम आगे बेहतरीन। प्रदर्शन का दर्शन सभा-समारोहों से लेकर मांगलिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया पर भी दिखता है। जहां भी मौका मिलता है, लोग अपनी श्रेष्ठता साबित करने की कोशिश करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि लोग सोशल मीडिया पर अपनी अत्यधिक सुविधाओं से लैस जिंदगी और तड़क-भड़क का दिखावा करते हैं। अपने जीवन की वास्तविक तस्वीरें न लगाकर वे तस्वीरें डालते हैं, जो उन्हें साधन संपन्न होने की पुष्टि करती दिखती हैं। महंगी कारों के सामने खड़े होकर, महंगे होटल में या नकली सोना-चांदी के आभूषणों में फोटो लेकर सोशल मीडिया पर प्रदर्शित करने का चलन आम हो गया है। 'ऐसा करने में कोई बुराई नहीं, इससे किसी की क्षति तो नहीं होती, यह सिर्फ शौक है', ऐसा कहकर ऐसी हरकतों को सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ऐसे लोग अपनी वास्तविकता से इतर सिर्फ दिखावे के लिए सोशल मीडिया पर अपनी ठसकदार तस्वीरें प्रदर्शित करते हैं। ऐसे लोगों को अपना यथार्थ स्वीकार करने में जरूर कठिनाई होती होगी। जीवन के सत्य को स्वीकारना ही सच्ची बहादुरी है। जीवन की सच्चाई को नकारना अंदर की छिपी कायरता को दिखाता है। दिखावे के पीछे का मूल कारण भी यही है। जो लोग अपने जीवन के यथार्थ और सच्चाई से कतराते हैं, वहीं दिखावा करते हैं। नैतिक स्तर पर दिखावा करना किसी गुनाह से कम नहीं। नैतिकता कभी भी दिखावा करने की इजाजत नहीं देती। जो वास्तविकता है, वही दिखना चाहिए और जो दिखता है, वहीं अंदर भी होना चाहिए। दिखावे की दुनिया भ्रम की दुनिया होती है। अपने के लिए भी और दूसरे के लिए भी। दिखावा करना अपने को भी धोखा देना है और दूसरे को भी। इसलिए दिखावा नहीं कर यथार्थ को स्वीकार करने का नैतिक आचरण अपनाना ही सदाचार है।




## सोना और संस्कृति

भारत में सोना केवल धातु नहीं, बल्कि परंपरा, प्रतिष्ठा, सुरक्षा और निवेश का प्रतीक है। सोने और चांदी के प्रति भारतीय समाज में जो आकर्षण दिखता है, वह सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा है। विवाह, त्योहार, धार्मिक अवसर और पारिवारिक प्रतिष्ठा हर जगह सोने की भूमिका दिखाई देती है। दुनिया में भारत ही ऐसा देश है, जहां सोने का सबसे गहरा सांस्कृतिक संबंध है। इसके कई कारण हैं। यह संकट के समय वित्तीय सुरक्षा का काम करता है। भारतीय परिवार सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि निवेश का सबसे सुरक्षित विकल्प मानते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने लगभग 721 टन सोना आयात किया, जिसकी कीमत करीब 71.98 अरब डालर रही। यह पिछले वर्ष के 58 अरब डालर से लगभग 24 फीसद अधिक है। इसी अवधि में चांदी का आयात 7,334 टन तक पहुंच गया, जिसकी कीमत करीब 12 अरब डालर रही। यानी भारत ने एक वर्ष में सोने-चांदी पर 84 अरब डालर से अधिक विदेशी मुद्रा खर्च की। ऐसे में सोने पर आयात शुल्क बढ़ाना देश की अर्थव्यवस्था को कौन-सी दिशा देगा?

*– युगल किशोर राही, छपरा*

## परीक्षा की शुचिता

'जिम्मेदारी का दायरा' (संपादकीय, 19 मई) पढ़ा। आखिर उन 22 लाख आकांक्षी विद्यार्थियों का क्या कसूर है, जिन्होंने तन्मयता से पढ़ाई की। उनके कोमल मन-मस्तिष्क पर इस लचर व्यवस्था की जो तस्वीर उभरी होगी, उसकी धारणा ताउम्र बनी रहेंगी। इन्हीं धारणाओं के साथ वे नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। आखिर तमाम उपाय, जिसमें ऐसी परीक्षाओं के आयोजन के लिए विशेष व्यवस्था की गई, वे धरे रह गए। राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी पर कई सवाल उठे। अब जिम्मेदारी की टोपी उछाली जा रही है। हालांकि समय बीतने के साथ यह सब विस्मृत हो जाएगा। कोई नहीं पूछेगा कि जिम्मेदारी किसके सिर बंधी या बंधी भी कि नहीं? फिर अगले साल आशंकाओं के बादल मंडराने लगेंगे? शुचिता बरकरार रखने के खयाल से एकीकृत व्यवस्था की गई, जो पहले विकेंद्रीकृत थी। मगर इसके लिए तय नियमों और उपायों की हकीकत अक्सर परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने में दिखती है।

*– मुकेश कुमार मनन, पटना*

## जीवन के मूल्य

बदलती जीवन शैली और डिजिटल व्यवस्था के बीच युवा वर्ग पारंपरिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिविर आयोजित कर बच्चों और युवाओं को जीवन के व्यावहारिक मूल्य सीखने होंगे। शिविरों में ग्रंथों का अध्ययन, प्रार्थना, ध्यान, नैतिक शिक्षा और अनुशासन पर आधारित गतिविधियां आयोजित हों। ग्रंथों का अध्ययन व्यावहारिक राह दिखाता है। इनमें लिखी बातों को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा मिलती है। हमारे ग्रंथ सिर्फ धार्मिक किताबें नहीं, बल्कि हजारों वर्षों का अनुभव, विज्ञान और मनोविज्ञान है। जब हम टूटते हैं, तो 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो' का संदेश सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। यह भी सीखने को मिलता है कि रिश्ते कैसे निभाएं और बेटा, भाई, पति तथा राजा हर भूमिका की जिम्मेदारी क्या है। साथ ही बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर भी जोर दिया जाए। इससे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित हो सकती है।

*– राजेंद्र कुमावत, जयपुर*

## कुप्रथा का शिकंजा

किसी भी समाज की प्रगति वहां की महिलाओं की प्रगति से मापी जाती हैं। मगर हाल ही में घटी दो घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया। दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों पर लगाम लगाने के लिए दहेज निषेध अधिनियम 1961 के तहत इसे आपराधिक श्रेणी में रख कर कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। बहरहाल, लगभग छह दशक बाद भी इस कुप्रथा को समाप्त नहीं किया जा सका। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों से लेकर दक्षिणी राज्यों तक में यह प्रथा आज भी अपनी जड़ें जमाए हुए हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग सात हजार मामले दहेज उत्पीड़न के संबंध में दर्ज होते हैं, जिनमें लगभग एक तिहाई मामलों में मौत हो चुकी होती हैं। शिक्षा हर कुप्रथा को खत्म कर देती हैं। मगर उस प्रथा का क्या, जिसे 'सामाजिक उपलब्धि' हासिल हो गई है कि मेरे बेटे ने इतना पाया और उसके बेटे ने इतना पाया।

*– दिनेश शाह, सिंगरौली, मप्र*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

दैनिक जागरण

विवेक से ही उचित-अनुचित का भेद संभव है

# पाक में पलते आतंकी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारत के लिए खतरा बने एक और आतंकी सरगना हमजा बुरहान का मारा जाना यही बताता है कि ऐसे आतंकियों को ठिकाने लगाने वाले अज्ञात बंदूकधारी अपने काम पर लगे हुए हैं। पुलवामा का रहने वाला हमजा पाकिस्तान पढ़ने के लिए गया था, लेकिन वहां जाकर वह आतंकी संगठन अल बद्र का गुर्गा बन गया और कश्मीरी युवाओं को आतंक के रास्ते पर चलने के लिए उकसाने लगा। पुलवामा आतंकी हमले में उसका भी हाथ था। हालांकि वह अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था, लेकिन फिर भी अज्ञात बंदूकधारियों की निगाह से बच नहीं पाया। प्रश्न यह नहीं है कि इन अज्ञात बंदूकधारियों के पीछे कौन है? प्रश्न यह है कि आखिर पाकिस्तान भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को पालने-पोसने से कब बाज आएगा? चूंकि वह बाज नहीं आ रहा है, इसलिए वहां पल रहे आतंकियों का येन-केन-प्रकारेण खात्मा ही भारत के हित में है। जब सीधी अंगुली से घी न निकले तो अंगुली टेढ़ी करनी ही पड़ती है और आतंकियों के खात्मे में तो साम-दाम-दंड-भेद यानी कोई भी जतन करने में हर्ज नहीं। यह अच्छा है कि भारत में आतंकी हमले कराने अथवा कश्मीरी युवाओं को भड़काने वाले आतंकियों के खात्मे का सिलसिला न केवल कायम है, बल्कि वह तेज होता हुआ भी दिख रहा है। यह इतना तेज होना चाहिए कि पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों के साथ-साथ वहां के सत्ता प्रतिष्ठान को भी यह संदेश जाए कि भारत को क्षति पहुंचाने वाले सुरक्षित बचने वाले नहीं हैं। और भी अच्छा यह होगा कि भारत के लिए खतरा बने आतंकियों को पालने-पोसने और उन्हें हर तरह की मदद देने वालों तक भी अज्ञात बंदूकधारी पहुंचें।

पिछले पांच-छह वर्षों से अब तक अज्ञात बंदूकधारियों की ओर से कम से कम दो दर्जन ऐसे आतंकियों का खात्मा किया जा चुका है, जिन्होंने भारत में आतंकी हमले कराए। इनमें जैश, लश्कर के कई आतंकी सरगना हैं। ऐसे शेष आतंकियों की लंबी सूची है। इनमें मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकी सरगना तो हैं ही, दाऊद इब्राहिम भी है। भारत विरोधी आतंकियों की लंबी सूची यही बताती है कि पाकिस्तान का सत्ता प्रतिष्ठान और विशेष रूप से उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ इन आतंकियों को बिना किसी शर्म-संकोच पाल रही है, लेकिन अज्ञात बंदूकधारियों से वे लाहौर से लेकर पेशावर तक कहीं भी नहीं बच पा रहे हैं। उन्हें बचना भी नहीं चाहिए। पता नहीं ढीठ पाकिस्तान के लिए यह कितनी चिंता का विषय है कि उसके यहां पलते आतंकियों को कौन मार रहा है, लेकिन कम से कम भारत को इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए कि पहलगाम हमले के बाद छेड़े गए आपरेशन सिंदूर में पस्त होने के बाद भी वह भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने में लगा है।

# अकादमिक शुचिता

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शोध कार्यों की गुणवत्ता और अकादमिक शुचिता का सवालों के घेरे में आना संस्थान की प्रतिष्ठा को आहत कर रहा है। चिकित्सा विज्ञान, प्रदूषण, प्रसवोत्तर रक्तस्राव जैसे संवेदनशील और जनहित से जुड़े विषयों पर गलत तथ्य और पुराने शोध की नकल कर जिस प्रकार बौद्धिक चोरी का कुत्सित प्रयास किया गया, वह इस बात का द्योतक है कि कहीं न कहीं अध्ययन और शोध कार्य में गुणवत्ता से समझौता हो रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने शोध पत्रों के परीक्षण के लिए शोध गंगा जैसा प्रकल्प गठित किया है। वर्ष 2013 से अब तक विश्वविद्यालय के कुल 60 शोध पत्रों में अनियमितताएं सामने आ चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि शोध कार्य में प्राध्यापकों का बड़ा योगदान होता है। उनके निर्देश के अनुरूप ही शोधार्थी अपना प्रबंध तैयार करते हैं। किसी भी संस्थान में यह कार्य कई चरणों में होता है। अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में बीएचयू के रिसर्च के प्रकाशन के निरस्त होने से वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की साख और रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। चाहे कोई तकनीकी त्रुटि हो या जानबूझ कर बौद्धिक चोरी की गई हो, इस पर पूर्ण विराम आवश्यक है। कुछ लोगों की लापरवाही या अक्षमता से देश के इतने प्रसिद्ध शैक्षिक संस्थान की गरिमा आहत हो, यह ठीक नहीं। विश्वविद्यालय प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि फिर ऐसा कोई खेदजनक प्रसंग न हो। इससे देश के शैक्षिक स्तर में भी गिरावट आने की आशंका रहती है, लिहाजा इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

**अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में बीएचयू के शोध कार्यों का प्रकाशन निरस्त होने से विश्वविद्यालय की साख प्रभावित हुई है**

# केवल किफायत से नहीं चलेगा काम



तरुण गुप्त

**छिटपुट सुधारों और सीमित गति वाली प्रगति का दौर अब बीत चुका हैं। अब व्यापक सुधार करने, सक्षम प्रदर्शन और गहन रूपांतरण का समय हैं**

किसी भी संस्कृति और समय में मितव्ययिता की महत्ता रहती है। 'पैसा बचाना भी पैसा कमाने के बराबर है' से लेकर 'फिजूलखर्ची से तो कुबेर का खजाना भी खत्म हो जाता है' जैसी कहावतें भी मितव्ययिता को ही सराहती हैं। अतीत में भी ऐसे अवसर आए हैं, जब सत्ता में बैठे लोगों ने सार्वजनिक जीवन में शुचिता प्रदर्शित की है, किंतु प्रायः ऐसे प्रयासों की प्रकृति प्रतीकात्मक ही रही है। हम यही आशा करते हैं कि इस बार किफायत के ये प्रयास दिखावटी न होकर अपेक्षित परिणाम सुनिश्चित करेंगे।

भले ही किफायत बरतना कितना ही सराहनीय क्यों न हो, लेकिन उससे एक सीमित दायरे में ही लाभ प्राप्त हो सकता है। जैसे केवल खर्चों में कटौती करके ही कोई संस्थान शीर्ष पर नहीं पहुंच सकता, इसके साथ ही उसे अपनी आय बढ़ाने के भी उपाय करने होंगे। भारत के संदर्भ में देखें तो यह किसी से छिपा नहीं रहा कि राजस्व बढ़ाने के लिए विनिवेश के साथ ही भूमि के मौद्रीकरण को लेकर भी हमारा प्रदर्शन लचर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों के पास लाखों एकड़ भूमि अनुत्पादक पड़ी है, जिसकी कीमत का अनुमान लगाना भी मुश्किल है। केवल रक्षा और रेल मंत्रालय की ही बात करें तो उनके पास 15 से 18 लाख एकड़ से अधिक भूमि का भंडार है। इस जमीन का एक अच्छा-खासा हिस्सा शहरी क्षेत्रों में है। इस अनुत्पादक भूमि को मुक्त कर उत्पादक बनाने की दिशा में अविलंब प्रयास करने होंगे। यह भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि नेताओं एवं नौकरशाहों के आवास की व्यवस्था औपनिवेशिक काल की विशाल संपत्तियों पर है। यह अतीत का ही एक अवशेष है। किसी टियर-2 शहर में एक जिला कलेक्टर का सौ करोड़ रुपये के औपनिवेशिक काल के बंगले में रहना गैर-निष्पादित आस्ति यानी एनपीए से कम नहीं। इसे देखते हुए प्रशासकों को आधुनिक बहुमंजिला परिसरों में रखने के उपाय न केवल किफायती, बल्कि वाणिज्यिक उपयोग, मनोरंजन और किफायती आवास की पूर्ति का माध्यम बनेंगे। इससे रखरखाव और सुरक्षा के खर्चों में भी भारी बचत होगी। राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) को इस आमूलचूल बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाने ही चाहिए।

निःसंदेह पिछले 12 वर्षों में सड़क, रेल, हवाई संपर्क और बिजली उत्पादन जैसे बुनियादी ढांचे में जबरदस्त प्रगति हुई है। फिर भी, इसे और चार गुना बढ़ाने की आवश्यकता है, जहां पूंजी को उत्पादक गतिविधियों में लगाने के अवसर विद्यमान हैं। इस क्रम में भूमि, श्रम और पूंजी से जुड़े अगली पीढ़ी के सुधार प्रतीक्षित हैं। यह भी स्मरण रहे कि कारोबारी सुगमता और जीवन की सुगमता अन्योन्याश्रित हैं। इसलिए स्वच्छता के स्तर, शहरी नियोजन और नगर निकायों के शासन में ठोस सुधार सामाजिक-आर्थिक वातावरण के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य हैं। संरचनात्मक न्यायिक सुधार किसी बड़े निवेशक सम्मेलन की तुलना में उद्यमशीलता की भावना को कहीं अधिक बढ़ाने का काम करेंगे। इससे हर स्तर पर निवेश को संबल मिलेगा।



अवधेश राजपूत

भारतीय बाजार के बफेट संकेतक यानी जीडीपी के अनुपात में समग्र शेयर बाजार पूंजीकरण पैमाने को देखें तो कई विकसित व तुलनात्मक अर्थव्यवस्थाओं के सापेक्ष भारत कहीं बेहतर स्थिति में है, लेकिन पिछले डेढ़ साल से विदेशी निवेशकों की बिकवाली पर विराम नहीं लग पा रहा है। इस दिशा में कुछ उपायों जैसे कि सीमांत दरों पर लाभांश कराधान (डिविडेंड टैक्स) और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से इंडेक्सेशन को वापस लेने पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इसका उद्देश्य भारतीय इक्विटी बाजारों को अधिक आकर्षक बनाना है। यह एक स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है कि स्वयं को अधिक समृद्ध महसूस करने पर ही निवेशक उपभोग को उन्मुख होते हैं।

स्थलों की विविधता एवं व्यापकता को देखते हुए पर्यटन एक दमदार आर्थिक इंजन बनने की क्षमता रखता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में भारत का हिस्सा मात्र एक प्रतिशत पर अटका हुआ है। रोजगार आधारित विकास की दृष्टि से यह क्षेत्र बेजोड़ है, जहां प्रत्येक 10 लाख रुपये का निवेश औसतन 45 नौकरियां सृजित करता है, जो विनिर्माण की तुलना में तीन गुना और इन्फ्रास्ट्रक्चर की तुलना में छह गुना अधिक है। नागरिकों से विदेशी सैर-सपाटे पर संयम की अपील में भले ही कितनी ही भली मंशा क्यों न निहित हो, किंतु घरेलू पर्यटन को आकर्षक बनाना कहीं अधिक प्रभावी होगा। इससे भारी विदेशी पर्यटन घाटे को पाटने में भी मदद मिलेगी, जिस पर भारतीय सालाना 15 से 20 अरब डालर खर्च करते हैं।

इस क्रम में शिक्षा संभवतः सबसे बड़ा परिवर्तनकारी कारक है। हमें तत्काल मांग और आपूर्ति के गंभीर असंतुलन को दूर करने, गुणवत्तापूर्ण सार्वभौमिक स्कूली शिक्षा में निवेश करने और उच्च शिक्षा में सीटों के विस्तार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली में कमियों और बड़े पैमाने पर पेपर लीक को लेकर संस्थागत विश्वसनीयता बहाल करने के लिए उपाय करने होंगे। विदेशी छात्रों को आकर्षित करने से जहां मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित होती है, वहीं भारतीय छात्रों को देश में ही रोकने से प्रतिभा और पूंजी के पलायन पर रोक लगती है। बहुप्रचारित जनसांख्यिकीय लाभांश तभी बेहतर परिणाम देगा जब इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा द्वारा उपयोग में लाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही यह किसी भी विकसित समाज के लिए एक अनिवार्य शर्त है।

ये सभी उपाय सहकारी संघवाद से ही संभव हो सकते हैं। केंद्र और लगभग 70 प्रतिशत राज्यों में एक ही दल या गठबंधन वाली शासन व्यवस्था के दौर में इसके लिए आवश्यक ढांचागत परिवर्तन में कोई वैचारिक या प्रक्रियात्मक बाधा नहीं आनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सही कहा कि 2020 का दशक व्यवधानों से भरा रहा है। शुरुआत महामारी से हुई। उसके बाद से कई सशस्त्र वैश्विक संघर्ष जारी हैं। इसी बीच संरक्षणवाद की वापसी ने काफी समय से कायम पुरानी व्यवस्था को उलट दिया। हर संकट में अवसर छिपा होता है तो क्या यह ऐतिहासिक पड़ाव परिवर्तन की अग्नि को प्रज्वलित कर सकता है? छिटपुट सुधारों और सीमित गति वाली प्रगति का दौर बीत चुका है। अब व्यापक सुधार करने, सक्षम प्रदर्शन और गहन रूपांतरण का समय है।

(लेखक दैनिक जागरण के प्रबंध संपादक हैं)
response@jagran.com

# कोचिंग संस्कृति की चपेट में शिक्षा



**नव उदार आर्थिकी आने पर जब बाजार आक्रामक हुआ तो उसने शिक्षा और परीक्षा को भी अपनी चपेट में ले लिया**

बद्री नारायण

मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट के पेपर लीक कांड ने सभी को दुखी और चिंतित किया है। नीट पेपर लीक कांड ने बताया कि किस तरह पैसा, बढ़ते लालच और अयोग्य होकर भी योग्य छात्रों की सीट छीनने की चाहत के त्रिकोण ने ऐसी घटनाओं को जन्म दिया है। इसी त्रिकोण ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ लिपिक पद की परीक्षाओं तक के लिए भी देश भर में कोचिंग का जाल खड़ा कर दिया है। देश में अनेक कोचिंग हब बन गए हैं। आनलाइन-आफलाइन के कोचिंग तंत्र विकसित हो गए हैं और कोचिंग व्यवसाय एक इंडस्ट्री का रूप ले चुका है। यह इंडस्ट्री अब अत्यंत समर्थ और शक्तिवान हो गई है। इसका टर्नओवर छह मिलियन डालर का हो गया है। आने वाले वर्षों में इसके 17 मिलियन डालर हो जाने की संभावना है। इस इंडस्ट्री में प्रतिवर्ष लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है। जिस व्यवसाय में अपार धन निहित हो, वह किसी भी सिस्टम में छेद कर पेपर लीक करा सकता है। नीट पेपर लीक कांड में गिरफ्तार कुछ लोग कोचिंग व्यवसाय से भी जुड़े हैं।

वास्तव में हर सिस्टम में ऐसे लोग होते हैं, जिनमें लालच अपना फन छुपाए प्रवेश कर जाता है। इसीलिए हाल में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक को एक सामाजिक बुराई कहा। ऐसी सामाजिक बुराई के खिलाफ सरकार और समाज, दोनों को साथ आकर काम करना होगा। सरकार अपनी व्यवस्था को दुरुस्त करने में तो लगी ही है, लोगों को भी खुद एक नैतिक समाज में तब्दील होना होगा। मेडिकल कालेजों की सीट में हेराफेरी में अनेक स्तरों पर कमीशनखोर एजेंट्स, कंसलटेंट नुमा दलालों और पेपर लीक करने वालों का जाल फैला हुआ है। यह बड़े शहरों से लेकर कस्बों तक फैल गया है। 1980 के दशक में जब हम स्कूली छात्र थे तो कोचिंग संस्थानों का जाल इतना नहीं फैला था। तब सरकारी स्कूल बेहतर स्थिति में थे और कमजोर छात्रों के लिए ही कोचिंग आवश्यक मानी जाती थी।



नीट मामले में कोचिंग सेंटर पर कार्रवाई। फाइल

1990 के दशक के बाद सरकारी स्कूल व्यवस्था कई जगह पर कमजोर हुई। इसका लाभ शिक्षा को व्यवसाय मानने वालों ने उठाया। यह वही दौर था जब भारत में मध्य वर्ग का कई गुना विस्तार हुआ। नव उदारवादी अर्थव्यवस्था के आने के बाद जब बाजार आक्रामक हुआ तो उसने शिक्षा और परीक्षा को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसी समस्या को देखते हुए मोदी सरकार ने जो नई शिक्षा नीति बनाई, उसमें शिक्षा मंत्रालय का सबसे ज्यादा जोर शिक्षा के माध्यम से ऐसा नैतिक मानस सृजित करना है, जो परंपरा से जुड़ा हुआ आधुनिक नवाचारी नागरिक हो।

शिक्षा मंत्रालय ने इस बार जैसे ही नीट पेपर लीक की खबर आई, उसे निरस्त किया और जांच सीबीआइ को सौंप दी। इसके साथ ही परेशान छात्रों के लिए आर्थिक एवं व्यवस्थागत सहयोग की कई घोषणाएं कीं। शिक्षा मंत्रालय का यह कदम योग्य छात्रों के हक पर अयोग्य एवं अनैतिक शक्तियों के कब्जा करने की रणनीति के खिलाफ सख्त पहल के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

पिछली बार जब ऐसी घटना हुई थी तो शिक्षा मंत्रालय ने कई सुधारात्मक कदम उठाए थे। पेपर लीक में लिप्त पाए गए लोगों को कठोर सजा देने के लिए सरकार ने पब्लिक एग्जामिनेशन प्रिवेंशन आफ अनफेयर मीन्स एक्ट बनाया और ऐसे मामलों से निजात पाने के लिए राधाकृष्णन कमेटी का गठन किया। एनटीए ने इस कमेटी की कुछ सिफारिशों को लागू भी किया है। इस कमेटी के सुझावों के अनुसार शिक्षा मंत्री ने अगले साल से नीट-यूजी, पीजी परीक्षा सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के रूप में कराने की घोषणा की है। इससे एक लाभ यह होगा कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। संपूर्ण व्यवस्था एवं प्रक्रिया काफी कुछ डिजिटल मोड में आ जाएगी। यह ठीक है कि इस मोड में परीक्षा कई दिन और कई सेट प्रश्नपत्रों के साथ करानी होगी और परीक्षा के मूल्यांकन हेतु संतुलित नार्मलाइजेशन की प्रक्रिया भी अपनानी होगी।

एक तरफ एनटीए अपनी व्यवस्था चाक चौबंद बनाने में लगा है, दूसरी तरफ छात्र पुनः परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। इस बीच विरोधी दलों ने सरकार पर आक्रमण तेज कर दिया है, लेकिन पेपर लीक जैसे मुद्दे कभी भी राजनीतिक नहीं होते। ये बड़े अर्थों में सामाजिक मुद्दे भी होते हैं। पेपर लीक से निजात पाने के लिए हम सबको अपने अंदर झांककर खुद को सुधारते रहने होगा। आखिर पैसा देकर पेपर लीक कराने और लीक पेपर खरीदने वाले इसी समाज के लोग ही हैं। यह समय आरोप-प्रत्यारोप करने का नहीं। विकास के बड़े लक्ष्य पाने एवं देश के नव उत्थान का है। यह ठीक है कि नीट निरस्त होने से छात्रों और अभिभावकों के तनाव का क्षण लंबा हो गया, पर पुनः परीक्षा अयोग्य एवं भ्रष्ट शक्तियों के कब्जे की साजिश को रोकने की कोशिश है। यह वह प्रक्रिया है, जिससे गुजरकर ही नीट के प्रतिभागी छात्र एक नई सुबह तक पहुंच पाएंगे।

(लेखक टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, मुंबई के कुलपति हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### सत्यमेव जयते

सत्य की सदैव विजय होती है और झूठ को एक न एक दिन पराजित होना पड़ता है। झूठ थोड़ी देर के लिए सुख जरूर दे सकता है, लेकिन अंततः उसे सत्य के समक्ष नतमस्तक होना पड़ता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को अनेकानेक झूठ के सहारे हतोत्साहित करने का काम किया गया, लेकिन अंत में हर झूठ उनके आगे पराजित हुआ। पहले झूठ के शिकार तो अयोध्या में ही हुए। कैकेयी ने किस प्रकार उन्हें वनवास के लिए राजा दशरथ को बाध्य किया। वे वनवास के लिए निकले तो सिर्फ तीन लोग ही थे। वन में मारीच हिरन वेश में श्रीराम को दूर तक ले गया तथा झूठ का सहारा लेकर लक्ष्मण को सीता जी से विलग कर दिया और रावण ने सीता का अपहरण किया, लेकिन श्रीराम हिम्मत नहीं हारे।

महाभारत में भी धृतराष्ट्र ने पांडवों के साथ छल-छद्म किया। दुर्योधन ने द्रौपदी को अपमानित करना चाहा, लेकिन उसकी कुत्सित मंशा को श्रीकृष्ण ने ध्वस्त कर दिया। अंततः कौरवों एवं पांडवों का युद्ध हुआ। दुर्योधन की तरफ एक से एक ताकतवर योद्धा थे। यहां तक भीष्म पितामह भी कौरव सेना के साथ ही थे, लेकिन सत्य के प्रतीक श्रीकृष्ण पांडवों के सत्य के रथ के सारथी बने और उनके मार्गदर्शन में ही दुर्योधन एवं अनीति के रास्ते पर चल रहे उसके पूरे खेमे को खत्म कर दिया गया। इसी तरह झूठे हिरण्यकश्यप को अपने ही पुत्र प्रह्लाद के चलते पराजित होना पड़ा था।

इसलिए हमेशा सत्य के सहारे ही रहना चाहिए। एक झूठ बोलने से हमारे सैकड़ों पुण्य कर्म नष्ट होते हैं, जबकि सत्य के सहारे रहने पर मन हमेशा सशक्त रहता है, वहीं झूठे व्यक्ति का मन हमेशा भय में रहता है। मन हमेशा डरा-डरा रहने लगे तो हर काम में असफलता मिलती है।

सलिल पाण्डेय

# म्यूआन की गुत्थी सुलझाने के करीब विज्ञान

प्रदीप

**म्यूआन इलेक्ट्रान की तरह होता हैं, परंतु उससे दो सौ गुना भारी होता हैं। इसका जीवनकाल बहुत अल्प होता हैं**

ब्रह्मांड के सूक्ष्मतम कणों की दुनिया में म्यूआन को एक लंबे अर्से से एक विचित्र और रहस्यमय कण माना जाता रहा है। दशकों से विज्ञानियों को लग रहा था कि यह सूक्ष्म उप-परमाण्विक कण शायद भौतिकी के स्थापित सिद्धांतों को चुनौती देने वाला है। दरअसल, इसके चुंबकीय व्यवहार में दिखने वाली एक छोटी-सी विसंगति ने विज्ञानियों को यह सोचने पर विवश कर दिया था कि कहीं प्रकृति में कोई नई शक्ति या अज्ञात कण विद्यमान तो नहीं है। लेकिन 'नेचर' में प्रकाशित एक अध्ययन से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विज्ञान म्यूआन की गुत्थी को काफी हद तक सुलझाने के करीब पहुंच गया है।

म्यूआन इलेक्ट्रान जैसा होता है, लेकिन उससे लगभग 200 गुना भारी होता है। इसका जीवनकाल बहुत छोटा होता है और यह कुछ ही क्षणों में दूसरे कणों में परिवर्तित हो जाता है। फिर भी कण भौतिकी के क्षेत्र में इसका महत्व बहुत बड़ा है, क्योंकि इसका अध्ययन करने से हमें पदार्थ और ब्रह्मांड के मूलभूत नियमों के बारे में जानने में मदद मिलती है।

म्यूआन को जब चुंबकीय क्षेत्र में रखा जाता है, तो यह एक सूक्ष्म चुंबक की भांति व्यवहार करता है। इसके चुंबकीय आघूर्ण का मान सिद्धांत और प्रयोग दोनों से मापा जाता है। दिक्कत यह थी कि पिछले कई दशकों से प्रयोगों से हासिल मान और कण भौतिकी के 'मानक माडल' द्वारा की गई भविष्यवाणियां पूरी तरह मेल नहीं खा रही थीं। इसी अंतर को ''म्यूआन जी 2 विसंगति'' कहा गया। आगे चलकर यह विसंगति आधुनिक भौतिकी की सबसे चर्चित गुत्थियों में बदल गई। सर्न, ब्रुकहेवन नेशनल लैब और बाद में फर्मी लैब में हुए प्रयोगों ने इस विसंगति को और ज्यादा सटीकता से मापा। 2021 में फर्मी लैब के परिणामों ने वैज्ञानिक समुदाय में भारी उत्साह पैदा कर दिया, क्योंकि ऐसा लग रहा था कि यह विसंगति वास्तव में किसी 'नई भौतिकी' का संकेत हो सकती है।

इसकी व्याख्या करने के लिए कई सिद्धांत सामने आए। कुछ विज्ञानियों ने नए कणों की संभावना जताई, जबकि कुछ ने इसे 'पांचवीं मूलभूत शक्ति' का संकेत माना। अगर यह सही साबित होता, तो यह खोज आइंस्टाइन के सामान्य आपेक्षिकता सिद्धांत के बाद आधुनिक भौतिकी की सबसे बड़ी क्रांतियों में से एक होती। लेकिन हालिया अध्ययन ने तस्वीर को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। पेन स्टेट यूनिवर्सिटी के भौतिकविद जोल्टन फोडोर और उनके दल ने सुपरकंप्यूटरों की मदद से अब तक की सबसे सूक्ष्म गणनाएं कीं। नई गणनाओं ने दिखाया कि पहले दिखने वाली विसंगति शायद पुरानी गणनाओं की त्रुटियों की वजह से थी। बहरहाल, हालिया अध्ययन ने विज्ञान की एक बड़ी विशेषता को उजागर किया हैः विज्ञान अपने ही सिद्धांतों की कठोर परीक्षा लेने से पीछे नहीं हटता।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

## मेलबाक्स

### राजनीति में मर्यादा को हो पालन

'आदत से लाचार राहुल' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय में सही रेखांकित किया गया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कांग्रेस नेत्री एवं अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा से सीखना चाहिए कि सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों की कड़ी से कड़ी आलोचना कैसे की जा सकती है? दरअसल भाषा की मर्यादा के माध्यम से ही अपनी बातों को जनमानस में उचित तरीके से संप्रेषित किया जा सकता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रत्युत्तर में भी सधी हुई भाषा का इस्तेमाल नहीं किया गया जैसे कि राहुल गांधी को राहु के साथ जोड़ना। राजनीति सिद्धांतों और नीतियों पर आधारित होती है। इसमें सरकार की नीतियों की आलोचना को महत्व मिलना चाहिए। सरकार के काम में खामियों को भी जनता के सामने लाना बेहद जरूरी है। इसके लिए भाषा या व्यवहार की मर्यादा लांघने की जरूरत नहीं है। आखिर राजनीति दो शीर्षस्थ राजनेताओं के लिए जंग का अखाड़ा नहीं है।

मुकेश कुमार मनन, पटना

### राजनीतिक विमर्श में उत्तरदायित्व

राजनीतिक विमर्श में तथ्यहीन, अनुमान आधारित और भ्रामक बयानबाजी का बढ़ता चलन लोकतांत्रिक वातावरण को दूषित कर रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा अवश्य है, किंतु इसका अर्थ यह नहीं कि कोई भी व्यक्ति बिना प्रमाण के ऐसे आरोप, दावे या आशंकाएं सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत करे जिनसे समाज में भ्रम, अविश्वास और वैचारिक प्रदूषण फैले। अब समय आ गया है कि राजनीतिक बयानबाजी को भी उत्तरदायित्व और प्रमाणिकता के दायरे में लाया जाए। जो व्यक्ति सार्वजनिक मंच से कोई गंभीर आरोप या दावा करता है, उस पर उसे सिद्ध करने का दायित्व भी होना चाहिए। यदि वह अपने कथन के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत न कर सके, तो उसके लिए दंडात्मक प्रविधान होना चाहिए, ताकि सार्वजनिक जीवन में संयम और सत्यनिष्ठा बनी रहे। आज स्थिति यह बनती जा रही है कि तथ्यों से अधिक सनसनी और प्रचार को महत्व दिया जा रहा है। इससे जनता के मन में संशय, असंतोष और संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा होता है। लोकतंत्र स्वस्थ बहस और आलोचना से मजबूत होता है, लेकिन निराधार आरोपों और असत्य प्रचार से कमजोर पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ उत्तरदायित्व को भी समान महत्व दिया जाए।

मानसिंह चुंडावत, मंदसौर, मध्य प्रदेश

### बेटियों की मौत का जिम्मेदार कौन

पिछले दिनों भोपाल की ट्विशा शर्मा और ग्रेटर नोएडा की दीपिका नागर की ससुराल में हुई मौतों ने पूरे देश में हलचल मचा दी। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों को ससुराल और मायका पक्ष, अपने अपने दृष्टिकोण से देख रहे हैं और एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। ससुराल पक्ष की तरफ से दहेज मांगना, घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना इत्यादि सब गलत है। इन दोनों घटनाओं ने देश में लड़कियों के माता-पिता के लिए बहुत से सवाल खड़े कर दिए हैं। जब माता-पिता को यह बात पता होती है कि उनकी बेटी को ससुराल वाले तंग करते हैं, मारते पीटते हैं, तो वे क्यों अपनी बेटी को वापस घर नहीं ले आते? जब दहेज की मांग शादी से पहले और बाद में भी निरंतर की जाती है, तो क्यों माता-पिता दहेज देते हैं। कई बार तो कर्ज लेकर वे ससुराल पक्ष की मांगे पूरी करते हैं। क्यों वे अपनी हैसियत से बाहर जाकर शादी में पैसा खर्च करते हैं? क्या लड़की के माता-पिता का कोई कसूर नहीं जो अपनी बेटियों को ससुराल में अत्याचार सहने के लिए छोड़ देते हैं? या अपनी इज्जत और समाज की परंपराओं की दुहाई देकर बेटियों को गलत सहने पर मजबूर करते हैं। बदलते परिवेश में माता-पिता की यह जिम्मेदारी बन चुकी है कि वे अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएं, ताकि वह गलत शादी को इसलिए न निभाए कि वह मां-बाप पर बोझ बन जाएगी। उसे निर्भय और बेबाक बनाएं जिससे ससुराल में होने वाले शोषण के खिलाफ तुरंत आवाज उठा सके।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली।

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**5.72** लाख पद रिक्त हैं वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार प्राथमिक स्कूलों में जहां स्वीकृत पदों की संख्या 45.46 लाख है। वहीं वर्ष 2024-25 में माध्यमिक स्कूलों के स्वीकृत पदों की संख्या 24.29 लाख है जिनमें से लगभग चार लाख पद रिक्त हैं।

आजकल

# सरकारी स्कूलों में व्यवस्थागत सुधार

शिक्षा व्यवस्था राष्ट्र की नींव होती है। भारत जिस प्रकार कृषि प्रधान देश है, उसी प्रकार यह सरकारी स्कूल या शिक्षा प्रधान भी है। गांव-देहात में रहने वाले करोड़ों बच्चे आज भी सरकारी स्कूलों पर निर्भर हैं। उनके पास न तो आर्थिक संपन्नता है और न ही ऐसे दूसरे संसाधन हैं कि वे निजी स्कूलों का रुख कर सकें। प्रत्येक बच्चे तक समुचित शिक्षा की पहुंच के बिना विकसित भारत का संकल्प पूरा नहीं हो सकता है। लिहाजा सरकारी स्कूलों में भी बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए



डा. वेदप्रकाश
असिस्टेंट प्रोफेसर, किरोड़ीमल कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

विगत दिनों सरकारी स्कूलों से संबंधित दो महत्वपूर्ण समाचार सामने आए। पहला समाचार शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति की 349 वीं और 363 वीं रिपोर्ट से संबंधित था, जिसमें शिक्षकों के खाली पदों को समयबद्ध तरीके से भरने की बार-बार सिफारिश की गई है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में प्राथमिक स्कूलों के स्वीकृत 45.46 लाख पदों में से 5.72 लाख पद रिक्त हैं। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में माध्यमिक स्कूलों के स्वीकृत 24.29 लाख पदों में से लगभग चार लाख पद रिक्त हैं। अनेक स्थानों पर अतिथि व संविदा शिक्षक काम कर रहे हैं। गौरतलब यह भी है कि केंद्र सरकार राज्यों को स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए 41,249 करोड़ रुपये वित्त वर्ष 2025-26 में राज्यों को आवंटित कर चुका है। क्या सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पद शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट और बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं कर रहे हैं? यदि ऐसा है तो फिर इसके जिम्मेदार राज्यों और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती?

दूसरा समाचार नीति आयोग की रिपोर्ट से संबंधित है, जिसके अनुसार विगत दो दशकों में सरकारी स्कूलों में दाखिले में 22 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2005 में जहां 71 प्रतिशत दाखिले सरकारी स्कूलों में होते थे, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा घटकर 49 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि अब सभी माध्यमिक संस्थानों में प्राइवेट स्कूलों की हिस्सेदारी 44 प्रतिशत हो गई है जो निजी शिक्षा की ओर अभिभावकों के झुकाव को दर्शाता है। उपरोक्त दोनों समाचार जहां एक ओर सरकारी स्कूलों की बदहाली को व्यक्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राज्य स्तर पर शासन-प्रशासन की लापरवाही को भी उजागर करते हैं।

देश में लगभग एक लाख सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। क्या यह स्थिति चिंताजनक नहीं है? सर्वविदित यह भी है कि देश में अनेक सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां आज भी शौचालय, पीने का पानी, विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, भवन एवं स्कूल तक जाने का रास्ता जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। सत्य यह भी है कि सरकारी स्कूलों के लाखों शिक्षक समय-समय पर मतदान, मतदाता सूची पुनरीक्षण, जनगणना एवं विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों एवं अभियानों में लगा दिए जाते हैं। क्या ऐसे में उनकी अध्ययन-अध्यापन की गतिविधियां प्रभावित नहीं होती हैं?

**पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति** : शैक्षिक सत्र शुरू हुए एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पाठ्य पुस्तकों की मांग और आपूर्ति के हिसाब से एनसीईआरटी की अब तक केवल आधी पुस्तकें ही छपी हैं। यद्यपि एनसीईआरटी ने नए पाठ्यक्रम ढांचे को बहुत पहले मंजूरी दे दी थी, जिसके तहत कक्षा तीन से नौ तक की संशोधित पाठ्य पुस्तकें सही समय पर आ जानी चाहिए थी। लेकिन अब तक आधी पुस्तकें ही छाप पाना समुचित योजना और कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। दूसरी ओर निजी स्कूलों में निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों पर निर्भरता बढ़ रही है। वहां कोई ऐसा प्रशासनिक आदेश लागू नहीं होता कि निजी स्कूल भी एनसीईआरटी की पुस्तकों का अनिवार्य रूप से प्रयोग करेंगे।

शिक्षा मंत्रालय लगातार कौशल विकास, तकनीक आधारित शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं गुणवत्ता आदि के लिए प्रयासरत है। लेकिन ऐसे विद्यालय जहां न तो मूलभूत सुविधाएं हैं और न ही शिक्षकों की समुचित संख्या है, क्या वहां पर उपरोक्त प्रयास अथवा विचार लागू हो पाना संभव है? राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में गुणवत्तापूर्ण, शिक्षा समावेशी, शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना, ड्रापआउट बच्चों की संख्या कम करना एवं तकनीक के उपयोग पर जोर देने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण प्रविधान हैं, लेकिन वह धरातल से बहुत दूर दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रारंभिक शिक्षा एवं स्कूलों को लेकर बाल्यावस्था विकास, खेल आधारित, गतिविधि आधारित और खोज आधारित शिक्षा, उच्चतर गुणवत्ता का बुनियादी ढांचा, शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से भरना, शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात सुनिश्चित करना, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर ध्यान देना जैसे दर्जनों विचार और प्रविधान हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति पूर्ववत है।

छत्तीसगढ़ के पांच हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में केवल एक शिक्षक है। उत्तराखंड के 1,655 विद्यालयों में छात्रों के लिए शौचालय नहीं हैं। क्या ऐसे में उन्नत शिक्षा की बात केवल जुमला नहीं है? जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। आज भी देश के आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, एमपी, झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, बिहार में साक्षरता की अनुमानित दर 70 से 75 प्रतिशत ही है।

स्कूली शिक्षा की तस्वीर बदलने अथवा उसमें सुधारों की दृष्टि से केंद्र सरकार की ओर से पीएम श्री स्कूल, समग्र शिक्षा, प्रेरणा, उल्लास, निपुण भारत, विद्या प्रवेश, विद्यांजलि, दीक्षा जैसी विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई हैं, लेकिन क्या ये योजनाएं दूरदराज क्षेत्रों में पहुंच पा रही हैं? सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने के लिए वहां व्यापक स्तर पर आमूलचूल परिवर्तनों और सतत निगरानी की आवश्यकता है। धरातल पर उतरकर यथार्थ को समझना होगा। देश के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल समस्याओं से ग्रसित हैं। इन स्कूलों में भी सुधारों के व्यापक पैमाने बनाकर निरंतर काम करना होगा।



देश के सभी गांवों और दूरदराज क्षेत्रों में हर बच्चे के लिए सुगम और सरल बने स्कूली शिक्षा। फाइल

## अंकों की प्रतिस्पर्धा से सीखने की दिशा में बदलाव



आदित्य कुमार
शिक्षा मामलों के जानकार

भारतीय शिक्षा व्यवस्था में परीक्षा को लंबे समय से सफलता का सबसे बड़ा पैमाना माना जाता रहा है। विद्यार्थियों की क्षमता, बुद्धिमत्ता और भविष्य का आकलन मुख्य रूप से परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाता है। परिणामस्वरूप शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति के बजाय अधिक अंक हासिल करना बनता जा रहा है। आज स्कूलों में पढ़ाई से अधिक परीक्षा की तैयारी पर जोर दिया जाता है। ऐसे में स्कूली परीक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता एक गंभीर राष्ट्रीय विषय बन चुका है। देखा जाए तो वर्तमान परीक्षा प्रणाली की सबसे बड़ी कमजोरी इसकी रटंत प्रवृत्ति है। वस्तुतः विद्यार्थी विषय को समझने के बजाय उत्तर याद करने में अधिक समय लगाते हैं। परीक्षा समाप्त होते ही सीखा गया अधिकांश पाठ भूल जाता है। यह प्रणाली बच्चों की रचनात्मकता, जिज्ञासा और स्वतंत्र सोच को सीमित कर देती है। शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्तित्व विकास और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना होना चाहिए।

चिंताजनक यह कि परीक्षाओं का बढ़ता दबाव विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को भी दुष्प्रभावित कर रहा है। बोर्ड परीक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान अनेक छात्र तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं का सामना करते हैं। असफलता का भय बच्चों में आत्मविश्वास की कमी पैदा करता है। कई बार समाज और अभिभावकों की अत्यधिक अपेक्षाएं भी विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव बढ़ा देती हैं। शिक्षा का वातावरण प्रेरणादायक होने के बजाय भयपूर्ण बनता जा रहा है।

वर्तमान परीक्षा व्यवस्था सभी विद्यार्थियों की प्रतिभा का सही मूल्यांकन नहीं कर पाती। हर छात्र की रुचि और क्षमता अलग होती है, लेकिन एक समान लिखित परीक्षा से सभी को मापना उचित नहीं कहा जा सकता। कला, खेल, संगीत, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक कौशल जैसे क्षेत्रों को पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाता। इससे अनेक प्रतिभाएं उभरने से पहले ही दब जाती हैं। वस्तुतः हमें विविधता का भी सम्मान करना चाहिए। जिस बच्चे में जो प्रतिभा है, उसकी समय पर पहचान करते हुए उसे उसी ओर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए।

नई शिक्षा नीति 2020 ने परीक्षा सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इसमें रटंत शिक्षा के स्थान पर अवधारणात्मक समझ और कौशल आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल परीक्षार्थी नहीं, बल्कि विचारशील और सक्षम नागरिक बनाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा प्रणाली को अधिक व्यावहारिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाया जाना चाहिए। वार्षिक परीक्षा के साथ-साथ सतत एवं समग्र मूल्यांकन को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। परियोजना कार्य, प्रयोगात्मक गतिविधियां, मौखिक प्रस्तुति और कक्षा सहभागिता को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों पर एक दिन की परीक्षा का दबाव कम होगा और उनकी वास्तविक क्षमता सामने आ सकेगी। तकनीक भी परीक्षा सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डिजिटल मूल्यांकन, आनलाइन परीक्षण और व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट शिक्षा को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बना सकते हैं। साथ ही विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श और तनाव प्रबंधन कार्यक्रमों की व्यवस्था भी आवश्यक है।

अंततः शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक तैयार करना है। जब परीक्षा व्यवस्था ज्ञान, समझ, कौशल और रचनात्मकता आदि को महत्व देगी, तभी शिक्षा वास्तव में समाज और राष्ट्र के विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है।

खरी-खरी

## मई में मेलोनी और मितव्ययिता की तपिश

विनोद कुमार विक्की

कभी दूरदर्शन पर मासूमियत से पूछा जाता था, 'मेलोडी इतनी चाकलेटी क्यों है?' और जवाब मिलता था, 'मेलोडी खाओ, खुद जान जाओ!'

अब जमाना बदल गया है। अब जवाब कुछ यूं है, 'सेल्फी देखो, खुद समझ जाओ!'

मई में देश में 'ट्रिपल एम' की चर्चा परवान पर है- मोदी, मेलोनी और मेलोडी। वैसे 'म' से मैत्री और मितव्ययिता भी चलन में है। राजनीति अब सिर्फ नीतियों तक सीमित नहीं रही, उसमें चाकलेट का फ्लेवर भी घुल चुका है।

बंगाल में दस रुपये की झालमुड़ी खरीद कर मितव्ययिता का शंखनाद किया गया जिससे आलोचकों की जीभ पर मिर्ची और झाल का स्वाद प्राप्त हुआ। जबकि समर्थकों ने इसे सादगी का प्रतीक बताया, मानो देशहित अब थाली में नहीं, ठेले पर परोसा जा रहा हो।

उधर, इटली में चाकलेट का कूटनीतिक आदान-प्रदान हुआ। महंगे तोहफों के इस दौर में सस्ती मेलोडी ने जो कमाल किया, वह किसी 'इकोनमिक रिफार्म' से कम नहीं। एक पैकेट चाकलेट और एक मुस्कुराती सेल्फी, बस हो गई मित्रता की मिठास सील! हालांकि, इस मिठास प्रकरण से कुछ लोगों का 'शुगर लेवल' अचानक बढ़ गया है।

आलोचकों की मानें तो जनता को सार्वजनिक वाहन से चलने और विदेशी यात्रा न करने की सीख देने वाले खुद आसमान नाप रहे हैं! सादगी का उपदेश जमीन पर और उसका प्रदर्शन हवाई यात्रा के साथ! वस्तुतः सादगी भी इन दिनों 'इवेंट मैनेजमेंट' का हिस्सा बन चुकी है। आलोचकों को शिकायत रहती है कि उनके द्वारा हर काम उल्टा-पुल्टा किया जाता है। उदाहरण के तौर पर फरवरी में मनाया जाने वाला 'चाकलेट डे' मई में मनाया गया!

मैत्री और मितव्ययिता का यह नया माडल बड़ा दिलचस्प है, जहां दस रुपये की झालमुड़ी और मेलोडी मिलन को समर्थक मितव्ययिता के चश्मे से देखते हैं तो विरोधी आलोचना के लेंस से। बहरहाल, मई की तपिश में 'म' से मोदी, मेलोनी, मैत्री, मेलोडी और मितव्ययिता सुर्खियों में है।

पोस्ट

काकरोच पार्टी की इंटरनेट मीडिया पर लोकप्रियता को तूफान बनाने वाले विद्वानों को चेता दें कि किसान आंदोलन के नेता चढ़ूनी जी को करीब ग्यारह सौ वोट मिले थे और किसान नेता राकेश टिकैत जी के अपने बूथ से भाजपा जीती थी। बाकी जिसे जितना झाड़ पर चढ़ाना है, चढ़ा लीजिए।
सी फेयरर@World_neptuner



एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो इंटरनेट मीडिया पर लाइक और रीपोस्ट कर खुद को एक सजग नागरिक समझने की भूल कर बैठता है। यही भ्रम विपक्षी पार्टियों के कई दिग्गजों ने भी पाल रखा है। दुष्यंत कुमार होते तो कहते: तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं। अब देख रहा हूं कि 'काकरोच' एक बड़े वर्ग का 'चौकीदार' हो गया है।
राहुल पंडिता@rahulpandita

पीएम मोदी ने मेलोडी टाफी गिफ्ट क्या की, लोग उस पारले कंपनी के शेयर खरीदने दौड़ पड़े, जिसका मेलोडी से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था। यही सब देखकर समझ आ जाता है कि आज का ट्रेंड किसी विचार से नहीं, एक सामूहिक उत्तेजना से चलता है।
अतुल कुमार राय@AuthorAtul

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या ईरान को दी जा रहीं ट्रंप की धमकियां बेअसर साबित हो रही हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

रिश्ते में मौसी लगें क्यों खाते हो खार,
भिजवा देते आप भी कुछ 'देसी' उपहार।
कुछ 'देसी' उपहार न लगती ज्यादा लागत,
जाते जब ननिहाल आपका होता स्वागत!
मोदी जी उपहार भले देते हों सस्ते,
पर लेते दिल जीत जीत लेते हैं रिश्ते!!
-ओम प्रकाश तिवारी

झारखंड डायरी

# सरना धर्म कोड पर हेमंत की सधी चाल



प्रदीप सिंह
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर

झारखंड की राजनीति में एक बार फिर आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड का मुद्दा गर्म हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासी समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांग को नए सिरे से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाकर राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर बड़ा संदेश दिया है। यह केवल एक प्रशासनिक मांग नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, सांस्कृतिक पहचान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। झारखंड विधानसभा में सर्वसम्मति से अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस मांग को लागू करने की अपील भी कर चुके हैं। ऐसे समय में जब भाजपा आदिवासी इलाकों में अपनी खोई जमीन वापस पाने के लिए सक्रिय दिख रही है। हेमंत ने इस मुद्दे को एक ऐसे राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, जो भाजपा के अभियान को कठिन बना सकता है।

भारत की जनगणना में धर्म के कालम में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन जैसे विकल्प मौजूद हैं। झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बंगाल और पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में रहने वाले आदिवासी समुदाय लंबे समय से सरना धर्म को अलग कोड के रूप में मान्यता देने की मांग करते रहे हैं। आदिवासी संगठनों का तर्क है कि उन्हें हिंदू या अन्य धर्मों के अंतर्गत दिखाना उनकी मूल सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करता है। वे प्रकृति, जल, जंगल और जमीन की पूजा करते हैं। उनकी परंपराएं और सामाजिक व्यवस्था अलग है। ऐसे में जनगणना में अलग धर्म कोड उनकी वास्तविक संख्या और सांस्कृतिक अस्तित्व को सामने लाएगा।

दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अच्छी तरह जानते हैं कि झारखंड की राजनीति का केंद्र आदिवासी भावना और पहचान है। राज्य निर्माण आंदोलन से लेकर आज तक जल-जंगल-जमीन और प्रांतीय अस्मिता सबसे प्रभावशाली राजनीतिक मुद्दे रहे हैं। भाजपा पिछले कुछ वर्षों में आदिवासी क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। लेकिन हेमंत सोरेन ने अलग धर्म कोड के मुद्दे को हवा देकर भाजपा को रक्षात्मक स्थिति में ला खड़ा किया है।



हेमंत सोरेन। फाइल

इधर भाजपा की वैचारिक राजनीति आदिवासियों को व्यापक हिंदू समाज का हिस्सा मानती रही है। दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा और क्षेत्रीय आदिवासी संगठन आदिवासी पहचान को अलग सांस्कृतिक इकाई के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यही वह वैचारिक अंतर है, जिस पर हेमंत सोरेन अपनी राजनीति को मजबूत कर रहे हैं। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आदिवासी समुदाय को नाराज भी नहीं करना चाहती और अपनी वैचारिक रेखा से पूरी तरह अलग भी नहीं जा सकती। यदि पार्टी खुलकर अलग धर्म कोड का समर्थन करती है तो उसका पारंपरिक हिंदुत्व विमर्श प्रभावित हो सकता है। लेकिन विरोध करने पर आदिवासी क्षेत्रों में राजनीतिक नुकसान का खतरा है।

यही कारण है कि भाजपा इस मुद्दे पर बेहद सावधानी से कदम रखती दिखाई देती है। पार्टी आदिवासी विकास, योजनाओं और केंद्रीय सहायता के जरिये अपनी पैठ बढ़ाना चाहती है, लेकिन पहचान आधारित राजनीति में वह उतनी सहज नहीं दिखती जितनी झामुमो। हेमंत सोरेन इसी राजनीतिक असहजता का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

यदि जनगणना में अलग सरना धर्म कोड लागू होता है तो देश में आदिवासी प्रकृति पूजक समुदाय की वास्तविक संख्या स्पष्ट होगी। इससे भविष्य में नीति निर्माण और राजनीतिक समीकरणों पर भी प्रभाव पड़ सकता है। यही वजह है कि यह मुद्दा केवल झारखंड तक सीमित नहीं रह गया है। हेमंत सोरेन ने इस मांग को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाकर खुद को आदिवासी राजनीति के बड़े चेहरे के रूप में स्थापित करने की कोशिश की है।

इस बीच भाजपा आदिवासी इलाकों में संगठनात्मक स्तर पर काफी सक्रिय हुई है। केंद्रीय योजनाओं, जनजातीय गौरव दिवस, आदिवासी नायकों के सम्मान और बूथ स्तर तक पहुंच बढ़ाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। लेकिन झारखंड में केवल विकास का विमर्श पर्याप्त नहीं होता। यहां भावनात्मक और सांस्कृतिक पहचान की राजनीति का प्रभाव गहरा है। अलग धर्म कोड का सवाल आदिवासी समाज में भावनात्मक जुड़ाव पैदा करता है।

ऐसे में हेमंत सोरेन भाजपा को आदिवासी पहचान बनाम वैचारिक राजनीति के फ्रेम में घेरने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। यदि यह नैरेटिव मजबूत होता है तो भाजपा का अभियान प्रभावित हो सकता है, खासकर संथाल परगना और कोल्हान जैसे क्षेत्रों में। यह सवाल सबसे महत्वपूर्ण है कि क्या यह मुद्दा चुनावी स्तर पर बड़ा असर डालेगा। इसका उत्तर पूरी तरह राजनीतिक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। यदि केंद्र सरकार इस मांग पर सकारात्मक संकेत देती है तो उसका राजनीतिक लाभ भाजपा भी लेने की कोशिश करेगी। लेकिन यदि मामला लंबा खिंचता है तो हेमंत सोरेन इसे आदिवासी अधिकारों की अनदेखी के रूप में लगातार उठाते रहेंगे।

मंथन

# राष्ट्रहित में त्याग की परंपरा

वसुधैव कुटुंबकम् का अर्थ केवल वैश्विक भाईचारा नहीं, साझा संसाधनों के प्रति उत्तरदायित्व भी है। संकट के समय में समाज की शक्ति त्याग और सामूहिक सहयोग से बढ़ती है



डा. मीना कुमारी जांगिड़
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का इतिहास बताता है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति केवल उसकी सेना, अर्थव्यवस्था या राजनीतिक नेतृत्व में नहीं होती, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना में होती है जो संकट के समय समाज को अनुशासित और एकजुट बनाए रखती है। आज जब प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी मुद्रा बचाने, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, अनावश्यक उपभोग सीमित करने, सोने की खरीद कम करने और 'वर्क फ्राम होम' जैसी अपीलें की जा रही हैं, तो इन्हें केवल आर्थिक निर्णयों के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े 'सामूहिक उत्तरदायित्व' के विचार के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

भारतीय ज्ञान परंपरा में संयम को केवल व्यक्तिगत सद्गुण नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता का आधार माना गया है। उपनिषदों से लेकर बौद्ध और जैन दर्शन तक, आवश्यकता और विलासिता के बीच संतुलन पर बल दिया गया। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में राज्य के सात अंगों में 'कोष' और 'जनपद' को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। कौटिल्य लिखते हैं कि संकट के समय राजा को विलासिता सीमित करनी चाहिए, आयातित वस्तुओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और स्थानीय उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि राज्य की आर्थिक शक्ति सुरक्षित रहे। यह विचार आज के स्वदेशी और विदेशी मुद्रा संरक्षण के आग्रह से सीधा संबंध रखता है। भारतीय प्रशासनिक चिंतन में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नीति नहीं थी, यह राजनीतिक स्वतंत्रता की शर्त मानी जाती थी।

**साझा संपदा का संरक्षण** : भारतीय परंपरा में जल, अन्न और ऊर्जा जैसे संसाधनों को 'साझा संपदा' माना गया। दक्षिण भारत की चोल और पांड्य व्यवस्थाओं में जलाशयों और सिंचाई टैंकों का सामुदायिक प्रबंधन होता था। राजस्थान में बावड़ियां और तालाब केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि संकट प्रबंधन की व्यवस्था थे। युद्ध और अकाल के समय मुनादी कर लोगों से जल और अन्न के संरक्षण का आह्वान किया जाता था। यह सब आधुनिक 'सस्टेनेबल रिसोर्स मैनेजमेंट' की अवधारणा का भारतीय रूप था। मध्यकालीन भारत में भी युद्ध केवल सैन्य संघर्ष नहीं था, वह आर्थिक और सामाजिक अनुशासन की परीक्षा भी होता था। राजपूत और मराठा राज्यों में संकट के समय जनता को किलों में सुरक्षित पहुंचाने, कृषि भूमि बचाने और आवश्यक वस्तुओं के नियंत्रित उपयोग की घोषणाएं की जाती थीं।

विश्व इतिहास में भी ऐसे उदाहरण अनेक हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटेन ने 'डिग फार विक्ट्री' अभियान चलाकर नागरिकों को घरों में खाद्यान्न उगाने के लिए प्रेरित किया। निजी वाहनों का उपयोग सीमित किया गया और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई। अमेरिका में पेट्रोल, रबर और धातुओं की बचत के लिए राष्ट्रीय अभियान चले। जापान ने युद्धकाल में औद्योगिक अनुशासन और न्यूनतम उपभोग संस्कृति अपनाई।

भारत ने भी स्वतंत्रता के बाद ऐसे अनुभव देखे। वर्ष 1965 के खाद्यान्न संकट और युद्धकाल में तबके प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का आह्वान किया। यह केवल नारा नहीं था, इसके पीछे भारतीय आत्मनिर्भरता का दर्शन था। देश में साप्ताहिक उपवास का आह्वान किया गया, ताकि अन्न की बचत हो सके। लोगों ने इसे सरकारी आदेश से अधिक राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में स्वीकार किया।

सोने की खरीद सीमित करने की अपील का भी भारतीय संदर्भ महत्वपूर्ण है। भारतीय समाज में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि सुरक्षा और प्रतिष्ठा का प्रतीक रहा है। लेकिन आर्थिक संकट के समय अत्यधिक सोना आयात करना विदेशी मुद्रा पर दबाव डालता है। इसलिए विभिन्न समय में सरकारों ने नागरिकों से संयम बरतने की अपील की। आज जब सार्वजनिक परिवहन, स्वदेशी उपभोग और सीमित विलासिता की बात की जाती है, तो यह केवल आर्थिक रणनीति नहीं है, यह भारतीय ज्ञान परंपरा के उस विचार का आधुनिक रूप है जिसमें हमारा आचरण राष्ट्रहित से जुड़ा माना गया है।



सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग से ऊर्जा संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा। फाइल

इतिहास यह स्पष्ट करता है कि महान राष्ट्र केवल युद्ध जीतकर नहीं बनते, वे अपने नागरिकों की जीवनशैली, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना से मजबूत होते हैं। चाहे वह प्राचीन भारत का अन्न-संरक्षण हो, शास्त्री युग का उपवास अभियान हो, या आधुनिक समय में स्वदेशी और संसाधन संरक्षण की अपील इन सबका मूल संदेश एक ही है: राष्ट्रीय शक्ति का निर्माण नागरिकों के दैनिक व्यवहार से होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने अर्थव्यवस्था, नैतिकता और समाज को अलग-अलग नहीं देखा। आज की नीतियों में यदि उस परंपरा के तत्व दिखाई देते हैं, तो यह केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की स्थिरता की दिशा में एक सांस्कृतिक पुनर्स्मरण भी है।

## एलजी इलेक्ट्रानिक्स को 692 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली :** घरेलू उपकरण बनाने वाली कंपनी एलजी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया ने गुरुवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के दौरान उसका शुद्ध लाभ 8.19 प्रतिशत घटकर 692.7 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष समान तिमाही में कंपनी को 754.54 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। हालांकि, बीती तिमाही में कंपनी का संचालन राजस्व 8.12 प्रतिशत बढ़कर 8,053.55 करोड़ रुपये रहा है। जनवरी-मार्च 2025 में कंपनी का संचालन राजस्व 7,448.42 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)



भू-राजनीतिक तनावों के बीच वैश्विक माल ढुलाई लागत में 28-30 प्रतिशत की बढ़ोतरी भारत के इस्पात उद्योग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है।
– डीबी सुंदर रमम, वाइस प्रेसिडेंट, टाटा स्टील

| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना (प्रति दस ग्राम) | चांदी (प्रति किलो ग्राम) | डालर | क्रूड (प्रति बैरल) |
|---|---|---|---|---|---|
| 75,183.36 ▼ 135.03 | 23,654.70 ▼ 4.30 | ₹ 1,65,500 ▲ ₹ 600 | ₹ 2,71,000 ▲ ₹ 5,000 | ₹ 96.36 ▼ ₹ 0.50 | $ 104.3 |

### एक नजर में

**10 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देगी एलआइसी**

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआइसी के बोर्ड ने अपने शेयरधारकों को 10 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देने की सिफारिश की है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये और कुल आय बढ़कर 2,53,592 करोड़ रुपये रही है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़कर 57,419 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 48,151 करोड़ रुपये रहा है। (प्रेट्र)

**पश्चिम एशिया संकट से गेल का लाभ 38% घटा**

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को बताया कि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत घटकर 1,262.18 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति में आई रुकावटें हैं। मार्च की शुरुआत से ही, ईरान युद्ध के कारण सबसे बड़े सप्लायर कतर से होने वाले लिक्विफाइड नेचुरल गैस आयात में रुकावट आ गई थी। (प्रेट्र)

**आइपीओ से जेप्टो जुटा सकता है 11 हजार करोड़**

**नई दिल्ली :** क्विक कामर्स प्लेटफार्म जेप्टो जुलाई में 11 हजार करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) लाने की योजना बना रहा है। इसको इस महीने की शुरुआत में सेबी से आइपीओ लाने की मंजूरी मिल चुकी है। जेप्टो जल्द ही अपडेट आइपीओ दस्तावेज जमा करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि जेप्टो के संस्थापकों ने 31 जुलाई से पहले शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने का लक्ष्य रखा है। अगस्त 2023 में 1.4 अरब डालर के मूल्यांकन पर 20 करोड़ डालर जुटाए जाने के साथ जेप्टो को यूनिकार्न का दर्जा मिला था। (प्रेट्र)

# बढ़ती महंगाई पर लगाम के लिए जून में ब्याज दरों को बढ़ा सकता है आरबीआइ

### अगले माह के पहले सप्ताह में होगी केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में हो रही लगातार गिरावट और पश्चिम एशिया संकट के कारण बढ़ती महंगाई को देखते हुए आर्थिक विशेषज्ञ बैंक दरों में बढ़ोतरी का कयास लगाने लगे हैं। आरबीआइ की मौद्रिक नीति की समीक्षा बैठक जून के पहले सप्ताह में होगी, जिसमें बैंक दरों में बढ़ोतरी की जा सकती है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड के अर्थशास्त्री का मानना है कि कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी और रुपये के कमजोर होने से महंगाई बढ़ रही है, जिस पर लगाम के लिए आरबीआइ यह कदम उठा सकता है।

आरबीआइ ने अपनी पिछली समीक्षा बैठक में बैंक दर में कोई बदलाव नहीं किया था। हालांकि, अभी खुदरा महंगाई की दर आरबीआइ के उच्चतम पैमाने से काफी नीचे हैं। आरबीआइ छह प्रतिशत से अधिक की खुदरा महंगाई दर को काबू से बाहर मानता है। अप्रैल में खुदरा महंगाई दर बढ़ोतरी के साथ 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है। हाल ही में पेट्रोल और डीजल के दाम में करीब चार रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इससे ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने माल भाड़ा में चार प्रतिशत बढ़ोतरी का एलान किया है, जिससे सभी वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी। रुपये में हो रही लगातार गिरावट से आयातित वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। औद्योगिक जिंसों के साथ कृषि जिंस भी महंगे हो रहे हैं। ऐसे में मई की खुदरा महंगाई दर चार प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद की जा रही है। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में पर लगातार दबाव बना हुआ है। अमेरिका और ईरान में कोई समझौता नहीं होता दिख रहा है, जिससे अनिश्चितता बनी हुई है और कीमतें प्रभावित हो रही हैं। सरकार ने आरबीआइ को दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है।

- पश्चिम एशिया संकट से लगातार दबाव में है कच्चा तेल
- रुपये में लगातार गिरावट से आयातित वस्तुएं हो रही महंगी



### 3.5 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दे सकता है आरबीआइ

**मुंबई, आइएएनएस :** आरबीआइ वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार को 2.7 लाख करोड़ से 3.5 लाख करोड़ रुपये तक का लाभांश दे सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि सरप्लस ट्रांसफर पर विचार के लिए आरबीआइ बोर्ड की शुक्रवार को बैठक होगी। अगर अनुमान के ऊपरी स्तर को मंजूरी मिलती है तो यह आरबीआइ की तरफ से सरकार को अब तक का सबसे ज्यादा लाभांश भुगतान होगा।

## अब 270 गीगावाट के पार बिजली की मांग

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** देश में गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 270.82 गीगावाट के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 265.44 गीगावाट थी। बता दें कि बिजली मंत्रालय ने अनुमान लगाया था कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। बिजली मंत्रालय ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुरुवार लगातार चौथे दिन बिजली की अधिकतम मांग अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। दोपहर 3:45 बजे 270.82 गीगावाट की अधिकतम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि मांग में यह वृद्धि देशभर में मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए कूलिंग अप्लायंसेज के ज्यादा इस्तेमाल से जुड़ी हुई लगती है। बिजली की अधिकतम मांग में थर्मल पावर की हिस्सेदारी 62.8 प्रतिशत, सोलर की 22.0 प्रतिशत, विंड की 5.0 प्रतिशत, हाइड्रो से 5.8 प्रतिशत और बाकी दूसरे स्रोतों की रही।

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से 50 पैसे मजबूत हुआ रुपया

**मुंबई, प्रेट्र :** कच्चे तेल की कीमतों में ऊंचे स्तर से गिरावट आने के बाद गुरुवार को रुपया अपने अब तक के सबसे निचले स्तर से 50 पैसे बढ़कर डालर के मुकाबले 96.36 पर बंद हुआ। भू-राजनीतिक तनाव कम होने और रुपये में तेज उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए आरबीआइ के दखल की संभावना ने भी रुपये को मजबूती प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हाल के भू-राजनीतिक तनाव के बाद रुपये में तेजी आई है, लेकिन निवेशक अभी तेल की कीमतों की संवेदनशीलता का अंदाजा लगा रहे हैं। इस बीच, रुपये का एक साल का फारवर्ड मार्केट बुधवार को 100 रुपये प्रति डालर के निशान को छू गया। इससे पता चलता है कि मुद्रा बाजार अगले 12 महीनों में रुपये के और कमजोर होने की आशंका जता रहा है।

विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 96.25 पर खुला, फिर इंट्राडे ट्रेड में 96.05 के शुरुआती उच्चस्तर और 96.60 के निचले स्तर को छुआ। हालांकि, अंत में यह 96.36 पर बंद हुआ।

### सोना 600 तो चांदी 5,000 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** गुरुवार को लगातार तीसरे दिन सोने 600 रुपये बढ़कर 1,65,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले तीन कारोबारी दिनों में कीमती धातु 2,700 रुपये बढ़ी है। चांदी की कीमतों में भी रिकवरी दर्ज की गई और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।



बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## जेपी फर्टिलाइजर का 1,500 करोड़ में अधिग्रहण करेगी अदाणी पोर्ट्स

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनमिक जोन (एपीएसईजेड) 1,500 करोड़ रुपये में जेपी फर्टिलाइजर्स एंड इंडस्ट्रीज (जेएफआइएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए मंजूर समाधान योजना के तहत यह अधिग्रहण किया जाएगा।

जेपी फर्टिलाइजर्स एंड इंडस्ट्रीज कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (केएफसीएल) की होल्डिंग कंपनी है। केएफसीएल के पास कानपुर में 243 एकड़ जमीन है और यह कंपनी के लाजिस्टिक्स बिजनेस के लिए बहुत उपयोगी है। शेयर बाजार को दी जानकारी में अदाणी पोर्ट्स ने कहा कि इस अधिग्रहण से कंपनी की उत्तर भारत में इनलैंड लाजिस्टिक्स मौजूदगी और सर्विस क्षमताएं और मजबूत होंगी।

- कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड की होल्डिंग कंपनी है जेपी फर्टिलाइजर्स
- अदाणी पोर्ट्स ने कहा-इससे उत्तर भारत में लाजिस्टिक्स मौजूदगी बेहतर होगी

**जेपी पावर की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी लेगी अदाणी पावर :** अदाणी पावर ने जयप्रकाश पावर वेंचर्स में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी और अन्य तापीय परिसंपत्तियां करीब 4,193.59 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए जयप्रकाश एसोसिएट्स से अंतिम समझौते किए हैं। इसके अलावा, अदाणी पावर ने जयप्रकाश एसोसिएट्स के चुर्क (उत्तर प्रदेश) में स्थित 180 मेगावाट तापीय बिजली संयंत्र और अन्य संबंधित संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए एक व्यवसाय हस्तांतरण समझौता किया है।

## 30 हजार रुपये महंगे होंगे मारुति के वाहन

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** दिग्गज कार निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने गुरुवार को अपने सभी वाहनों के मूल्य में 30 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा की। कंपनी ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में बताया कि महंगाई के दबाव और प्रतिकूल लागत परिवेश के चलते मूल्य में यह वृद्धि की गई है, जो जून से लागू होगी। यह मूल्य वृद्धि माडल के अनुरूप अलग-अलग होगी।

कंपनी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से बढ़ती लागत के असर को कम करने के लिए, लगातार कोशिशें की जा रही हैं। अब जब महंगाई का दबाव काफी बढ़ गया है और लागत का प्रतिकूल माहौल बना हुआ है, तो कंपनी को बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार पर डालना पड़ रहा है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्राहकों पर इसका असर कम से कम हो। जीएसटी दरों में कटौती के बाद कंपनी ने पिछले वर्ष सितंबर में अपने वाहनों का मूल्य घटाया था।

# पेटेंट में अव्वल, अंतिम उत्पाद बनाने में पिछड़ा है भारत

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** नीति आयोग का मानना है कि रिसर्च और पेटेंट के क्षेत्र में भारत का प्रदर्शन मजबूत हो रहा है, लेकिन इन रिसर्च और पेटेंट को व्यावसायिक रूप से सफल बनाने में अपेक्षा के अनुरूप कामयाबी नहीं मिल पा रही है। इनोवेशन के आइडिया आ रहे हैं, प्रोटोटाइप बन रहे हैं, लेकिन वह वैश्विक स्तर के अंतिम उत्पाद में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि भारत में टेक्नोलाजी ट्रांसफर मैकेनिज्म की कमी है और बौद्धिक संपदा के प्रबंधन को लेकर स्पष्टता नहीं है।

गत वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में 1,43,729 पेटेंट फाइल किए गए जो पूर्व के वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले 30 प्रतिशत अधिक है। जानकारों का कहना है कि 10 प्रतिशत से कम पेटेंट ही अंतिम उत्पाद में तब्दील हो पाते हैं। आयोग का मानना है कि सीमित फंड और विभिन्न प्रकार के इंसेंटिव की कमी से अधिकतर रिसर्च प्रयोगशाला तक ही सीमित रह जाते हैं। ऐसे में आयोग ने सुझाव दिया है कि पेटेंट और इनोवेशन (नवाचार) को व्यावसायिक रूप से सफल बनाने के लिए औद्योगिक क्लस्टर में ही रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन (आरडीआइ) क्लस्टर बनाए जाने चाहिए। रिसर्च को अंतिम उत्पाद में तब्दील करने में मदद के लिए विज्ञान निधि नामक डिजिटल फेलोशिप प्लेटफार्म भी बनाए जा सकते हैं।

- नीति आयोग ने इनोवेशन, विज्ञान और तकनीक को लेकर सरकार को दिए कई सुझाव
- रिसर्च को अंतिम उत्पाद में बदलने के लिए डिजिटल फेलोशिप प्लेटफार्म बनाने का प्रस्ताव




### आरएंडडी पर जीडीपी का दो प्रतिशत खर्च करना चाहिए

नीति आयोग ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर भारत को अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत खर्च करना चाहिए जबकि अभी यह खर्च जीडीपी का 0.5 प्रतिशत भी नहीं है। अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया जैसे देश आरएंडडी व इनोवेशन पर अपने जीडीपी का दो प्रतिशत से अधिक खर्च करते हैं। नीति आयोग ने अपनी सिफारिश में कहा है कि औद्योगिक क्लस्टर में ही आरडीआइ क्लस्टर की स्थापना की जा सकती है। आरडीआइ क्लस्टर में विज्ञान व तकनीक से जुड़े विभिन्न फर्म के साथ सरकारी एजेंसी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के केंद्र और स्टार्टअप शामिल होंगे। राज्यों में बनने वाले इस प्रकार के आरडीआइ क्लस्टर से सभी केंद्रीय सार्वजनिक कंपनियों व एमएसएमई को भी जुड़ना चाहिए।

### सरकारी नीति पर अमल के लिए बनाया जाए संस्थान

आयोग ने इंडस्ट्री से जुड़े रिसर्च और पीएचडी के बाद के रिसर्च को समर्थन देने के लिए विज्ञान निधि नामक एक डिजिटल फेलोशिप प्लेटफार्म स्थापित करने की भी सिफारिश की है। नीति आयोग का मानना है कि आरडीआइ को लेकर सरकार की नीति और उस पर अमल के साथ उसकी निगरानी के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट फार साइंस पालिसी एंड गवर्नेंस (एनआइएसपीजी) की भी स्थापना होनी चाहिए। इसमें रिसर्च व इनोवेशन से जुड़े सभी डाटा के संग्रह के साथ विश्लेषण, मूल्यांकन करने का काम किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय फलक

# 'अमेरिकी कंपनियों ने भारत में 60 अरब डालर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई'

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी कंपनियों ने भारत में 60 अरब डालर से ज्यादा के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें एमेजान और गूगल जैसी कंपनियों द्वारा बड़े डाटा सेंटर निवेश भी शामिल हैं।

अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स की वार्षिक लीडरशिप समिट में गोयल ने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक भरोसेमंद ढांचा प्रदान करता है और पैमाने, प्रतिभा व बाजार के अवसरों को इस तरह से जोड़ता है जिसका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भरोसेमंद साझेदार की तलाश में है और भारत ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान दिखाया है। साथ ही समय पर उच्च गुणवत्ता वाला काम भी करके दिखाया है। गोयल ने कहा कि भारत के पास कुशल प्रतिभाओं का एक विशाल भंडार है और 1.4 अरब महत्वाकांक्षी भारतीयों की मांग, बढ़ती आय और बढ़ते मध्यम वर्ग के जरिये यह अमेरिकी नवाचार को बड़े पैमाने पर विस्तार प्रदान करता है।

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, वैश्विक कंपनियों को भरोसेमंद ढांचा प्रदान करता है भारत



पीयूष गोयल। फाइल

**चालू खाता घाटा रोकने के लिए कई उपायों पर विचार :** पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार मौजूदा स्थिति पर नजर रखे हुए है और बढ़ते चालू खाता घाटे (सीएडी) को नियंत्रित करने के लिए कई उपायों पर विचार किया जा रहा है। आरबीआइ के दो मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का सीएडी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 13.2 अरब डालर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया, जो उससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 11.3 अरब डालर था।

**अगले महीने आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल :** उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार समझौते से जुड़ी शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल अगले महीने भारत आ सकता है। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या यह प्रतिनिधिमंडल विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ आएगा तो गोयल ने इससे इन्कार किया।

## अमेरिकियों को ठगने वाले भारत स्थित काल सेंटर का संचालन बंद

**न्यूयार्क, प्रेट्र :** अमेरिका के अधिकारियों ने भारत स्थित एक काल सेंटर का संचालन बंद कर दिया है, जिसने कथित तौर पर तकनीकी सहायता धोखाधड़ी के माध्यम से सैकड़ों बुजुर्ग अमेरिकियों से लाखों डालर ठग लिए। यह कार्रवाई वर्षों की जांच के बाद की गई, जिसमें पांच "टेलीमार्केटिंग जालसाजों" को गिरफ्तार किया गया और दोषी ठहराया गया।

बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआइ) बोस्टन ने कहा कि जांच के कारण जालसाजों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली काल रूटिंग कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी को भी गिरफ्तार किया गया और दोषी ठहराया गया। पोस्ट में कहा गया है कि काल सेंटर धोखाधड़ी ने सैकड़ों बुजुर्गों को निशाना बनाया। इसमें कंपनी के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल ही में इस फर्जीवाड़े को नजरअंदाज करने की बात स्वीकार की है।

## 'चेक बाउंस में जुर्माना नहीं भरने पर जेल की सजा रकम के अनुपात में हो'

**राज्य ब्यूरो, जागरण • चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में कहा है कि जुर्माना या मुआवजा अदा नहीं कर पाने पर दी जाने वाली सजा (कैद) की अवधि बकाया रकम के अनुपात में होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता की कीमत असंगत नहीं हो सकती और "कास्ट आफ लिबर्टी" का सिद्धांत समानता एवं न्याय के संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए।

जस्टिस अनूप चितकारा ने यह टिप्पणी हरियाणा के गुलाब सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए की। अदालत ने दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए याची की सजा को पहले से भुगती गई अवधि तक सीमित कर दिया, जबकि शिकायतकर्ता को दी जाने वाली मुआवजा राशि बढ़ा दी। मामला 3.80 लाख रुपये के चेक बाउंस से जुड़ा था। ट्रायल कोर्ट ने जुलाई 2024 में आरोपित को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष की कैद और 5.70 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए सजा कम करने की मांग की। शिकायतकर्ता ने 50 हजार रुपये अतिरिक्त मुआवजे की मांग रखी, जबकि आरोपित ने 40 हजार रुपये बढ़ाने पर सहमति जताई। अदालत ने कहा कि समान परिस्थितियों वाले दोषियों को समान प्रकार की सजा मिले और जेल की अवधि बकाया राशि के अनुरूप हो। अदालत ने सजा को "पहले से भुगती गई अवधि" तक सीमित कर दिया और मुआवजे की राशि 5.70 लाख रुपये से बढ़ाकर 6.10 लाख रुपये कर दी। साथ ही आदेश दिया कि यदि आरोपित किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

- हाई कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए सजा घटाई, 40 हजार रुपये का मुआवजा बढ़ाया

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे वीडियोकान के संस्थापक वेणुगोपाल धूत

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** वीडियोकान के संस्थापक वेणुगोपाल धूत राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के एक आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। उन्होंने उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें ग्रुप की दो इकाइयों वीडियोकान इंडस्ट्रीज लिमिटेड और वीडियोकान आयल वेंचर्स लिमिटेड के लिए अलग-अलग दिवाला कार्यवाही को बरकरार रखा गया है। साथ ही न्यायाधिकरण के एक पूर्व के आदेश को भी रद कर दिया गया, जिसमें दोनों मामलों को साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया था।

न्यायाधिकरण ने 14 मई को कहा था कि वीडियोकान इंडस्ट्रीज लिमिटेड और वीडियोकान आयल वेंचर्स लिमिटेड के कर्जदाताओं ने दोनों कंपनियों की अलग प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कारपोरेट ऋण शोधन प्रक्रियाओं (सीआइआरपी) को स्वतंत्र चलाने की बात कही थी।

## रेलवे भर्ती परीक्षा हिंसा मामले में मनसे प्रमुख राज ठाकरे बरी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति को हिलाकर रख देने वाले करीब 18 साल पुराने रेलवे भर्ती परीक्षा हिंसा मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए बरी कर दिया है। गुरुवार को ठाणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिजीत कुलकर्णी की अदालत ने पर्याप्त सुबूतों के अभाव में राज ठाकरे समेत सभी जीवित आरोपितों को बरी करने का आदेश सुनाया।

यह मामला 19 अक्टूबर 2008 का है, जब अखिल भारतीय रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की परीक्षा देने के लिए उत्तर भारत (विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार) से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचे थे। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर मनसे कार्यकर्ताओं ने कल्याण रेलवे स्टेशन और अन्य केंद्रों पर उग्र प्रदर्शन किया था। आरोप था कि मनसे कार्यकर्ताओं ने उत्तर भारतीय परीक्षार्थियों के साथ बेरहमी से मारपीट की और रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। तत्कालीन सरकार ने राज ठाकरे पर कार्यकर्ताओं को उकसाने और भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मामला दर्ज कर उन्हें रत्नागिरी से गिरफ्तार किया था। इस मामले की लंबी सुनवाई पहले कल्याण कोर्ट और बाद में ठाणे रेलवे कोर्ट में चली। बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत में दलील दी कि यह पूरा मामला राजनीतिक द्वेष से प्रेरित और विरोधाभासों से भरा है। बताया कि चार्जशीट या मौखिक साक्ष्यों में ऐसा कोई सुबूत नहीं है जो साबित कर सके कि राज उस दिन घटनास्थल पर मौजूद थे।

- स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर हुआ था उग्र प्रदर्शन
- इस मामले में राज ठाकरे सहित आठ लोगों को बनाया गया था आरोपित

# लखनऊ में हिंदू युवक से प्रेम करने पर पिता ने की थी 15 साल की बेटी की निर्मम हत्या

**जागरण संवाददाता, लखनऊ**

हिंदू युवक से प्रेम करने पर 15 साल की किशोरी की निर्मम हत्या उसके पिता ने अपनी बहन और बहनोई के साथ मिलकर की थी। घर में ही बांके से शव को छह हिस्सों में काट डाला। फिर सिर को घर से कुछ दूर पर स्थित तालाब में फेंक दिया, जबकि धड़ के पांच हिस्सों को बक्सा और बैग में पैककर छपरा-गोमती नगर एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी पर रख दिया था। जीआरपी ने हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ हत्यारे पिता, उसकी बहन और बहनोई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की दो बड़ी बेटियों ने हिंदू युवकों से प्रेम विवाह किया है। वह नहीं चाहता था कि छोटी बेटी भी ऐसा करे।

गत 17 मई को जीआरपी ने गोमती नगर स्टेशन (लखनऊ) की वाशिंग लाइन में छपरा-गोमती नगर एक्सप्रेस की एस-1 बोगी में लावारिस बक्सा और बैग से बिना सिर के पांच टुकड़ों में किशोरी की लाश बरामद की थी। जीआरपी ने सीसी कैमरे की फुटेज खंगाली तो कुशीनगर जिले के 44 वर्षीय ई-रिक्शा चालक विग्गन अंसारी तक पहुंची। पूछताछ में विग्गन ने मृतक की पहचान 15 वर्षीय बेटी के रूप में की। बताया कि बेटी हिंदू युवक से प्रेम विवाह करना चाहती थी। इसलिए हत्या की योजना बहनोई मोजिबुल्ला अंसारी और बहन नूरजहां के साथ मिलकर बनाई।

- छपरा-गोमती नगर एक्सप्रेस में बक्सा व बैग में मिली थी किशोरी की सिर कटी लाश
- कोच के सीसी कैमरे के जरिये हत्यारे तक पहुंची जीआरपी, बहन-बहनोई भी गिरफ्तार

### कंकाल बना सिर

तालाब में जाल डालकर जीआरपी ने गुरुवार सुबह एक सिर बरामद किया है। जीआरपी डीएनए जांच से शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। जिस घर में हत्या की गई, उसे सील कर दिया गया है। एक फारेंसिक टीम कुशीनगर जाकर जांच करेगी।

### हिंदू युवक से प्रेम विवाह करने वाली दूसरी बेटी भी लापता

ग्रामीणों ने बताया कि हिंदू युवक से प्रेम विवाह से मना करने पर छोटी बेटी ने आत्महत्या का प्रयास किया था। आरोपित विग्गन की बड़ी बेटी खुशबू लापता है। ग्रामीणों ने उसकी भी हत्या का संदेह जताया। दूसरी बेटी नरगिस गांव के ही हिंदू युवक संग विवाह कर बाहर रह रही है।

## गहनों का पता लगाने तांत्रिक के पास पहुंचा अधिकारी, हटाने का आदेश

**जागरण संवाददाता, जोधपुर**

राजस्थान हाई कोर्ट ने नागौर जिले से संबंधित गहनों की चोरी के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि आपराधिक मामले की जांच तांत्रिक के इशारों पर नहीं चल सकती। जस्टिस मुन्नुरी लक्ष्मण की सिंगल बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए, नागौर एसपी को जांच अधिकारी को बदलने का आदेश दिया।

कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि आदेश की प्रति मिलने के 15 दिन के भीतर जांच श्रीबालाजी थाने से हटाकर किसी अन्य थाने के सब-इंस्पेक्टर या उससे ऊंची रैंक के अधिकारी को सौंपी जाए। जांच अधिकारी पर अनुसंधान के दौरान तांत्रिक की मदद लेने का आरोप है। बता दें कि 80 वर्षीय महिला ने श्रीबालाजी थाने में 8 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि सात मार्च की रात को घर से उनके और उनकी बहू के गहने चोरी हो गए। इनमें डेढ़ तोला सोना, 300 तोला चांदी और 24 हजार कैश शामिल था। पुलिस न तो आरोपितों को गिरफ्तार कर पाई और न ही चोरी हुए जेवर बरामद कर सकी।

- राजस्थान हाई कोर्ट ने नागौर एसपी को दिया जांच अधिकारी को बदलने का आदेश
- कहा- आपराधिक मामले की जांच किसी तांत्रिक के इशारों पर नहीं चल सकती




राजस्थान हाई कोर्ट। फाइल

## प्रेरणा

अपने भीतर की आवाज पर भरोसा करना ही सच्ची स्वतंत्रता है। - राल्फ वाल्डो इमर्सन

### संपादकीय

# हमारी शिक्षा व्यवस्था में आखिर कहां कमी है?

**रूजवेल्ट** ने कहा था, मताधिकार के सही प्रयोग के लिए शिक्षा अनिवार्य है और यही प्रजातंत्र का रक्षा-कवच भी है। भारत में आजादी के 76 साल बाद भी उच्च माध्यमिक (11-12वीं कक्षा और 16-18 वर्ष वय) स्तर पर मात्र 58.4% छात्र ही रह जाते हैं। जाहिर है किशोर से युवा होते ये बच्चे या उनके अभिभावकों की नजर पढ़ने/पढ़ाने से ज्यादा कमाने पर होती है। नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल 24.70 करोड़ बच्चे 14.70 लाख स्कूलों में एक करोड़ शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाते हैं। उक्त आंकड़े के हिसाब से करीब दस करोड़ बच्चे इंटर तक नहीं पहुंचते। एआई के दौर में अगर करोड़ों युवा असंगठित क्षेत्र में खोमचा लगाकर, ठेला चलाकर या गिग वर्कर बनकर कम उत्पादक कार्यों में रहेंगे तो देश इस दौड़ में कैसे आगे बढ़ेगा? शिक्षा के प्रति उदासीनता का मुख्य कारण है शिक्षा का आजीविका से परोक्ष या अपरोक्ष रिश्ता न होना। कई रिपोर्ट्स बताती हैं कि बेरोजगारों का प्रतिशत ग्रेजुएट्स में सबसे ज्यादा है। चिंता की बात यह कि कुल स्कूलों में सरकारी स्कूलों का प्रतिशत 68.10 है, लेकिन उनमें कुल छात्र 49.20% ही हैं। जाहिर है इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर गरीबों को भी भरोसा नहीं है, लिहाजा वे या तो बच्चों को काम पर लगा देता हैं या निजी स्कूलों में भेजते हैं। असर की रिपोर्टें सालों से इन स्कूलों में शिक्षा की खराब गुणवत्ता का जिक्र कर रही हैं।

### जीने की राह




**पं. विजयशंकर मेहता**

humarehanuman@gmail.com


# मेलजोल और अपनापन भी एक तरह की देशसेवा है

**राजनीतिक** दल एक-एक करके हमारे देश के प्रदेशों पर खूब काम कर रहे हैं। सरकारें बदल गईं, नई-नई योजनाएं रूप ले रही हैं। हर प्रदेश प्रमुख का दावा है कि हमने श्रेष्ठ कर दिया, लेकिन अब प्रदेश के साथ-साथ समाज और परिवार पर भी काम करने का समय आ गया। हमारे भारत देश को आने वाले समय में जिस कठिनाई का सामना करना है, उसमें हमारी ताकत हमारा परिवार और समाज है। कोई 16-17 साल पहले यह दुनिया एक कठिन आर्थिक दौर से गुजरी थी। हमारे शीर्षस्थ राजनेताओं ने संकेत कर दिया है- बुरे दिन आने वाले हैं। ऐसे में परिवार और समाज की भूमिका हमें और दृढ़ करनी पड़ेगी। अगर हम समाज और परिवार में केवल एक खतरनाक बदलाव पर ध्यान दें और उसमें सुधार करें तो भी देशसेवा बहुत बड़ी हो जाएगी और वो है- अकेलापन। तो अपने घर के सदस्यों के साथ और अपने निवास स्थान में पड़ोसियों के साथ अत्यधिक मेलजोल, अपनापन बनाए रखिएगा। अगर हम इतना करते हैं तो ये भी एक देशसेवा होगी।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**मुद्दा • सुप्रीम कोर्ट के सवालों पर ध्यान देना होगा**

# दोष सिद्ध होने से पहले ही सजा देना कितना न्यायपूर्ण?

### न्यायिक




**पवन के. वर्मा**

पूर्व राज्यसभा सांसद व राजनयिक

pavankvarma1953@gmail.com


**सुप्रीम** कोर्ट ने हाल ही में उमर खालिद को जमानत देने से अतीत में किए गए अपने ही इनकार पर प्रश्न उठाए हैं। उमर पांच वर्ष से अधिक समय से कारावास में हैं। यह संकेत देता है कि देश की सर्वोच्च अदालत स्वयं राज्यसत्ता और संवैधानिक-स्वतंत्रताओं के बीच उचित संतुलन खोजने का प्रयास कर रही है।

दशकों से भारतीय न्यायशास्त्र एक मूलभूत सिद्धांत पर आधारित रहा है : जमानत नियम है, जेल अपवाद। इस सिद्धांत को न्यायमूर्ति वीआर कृष्णा अय्यर ने राजस्थान राज्य बनाम बालचंद (1977) के मामले में स्मरणीय ढंग से प्रतिपादित किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने रेखांकित किया था कि दोषसिद्धि से पहले व्यक्तिगत स्वतंत्रता का बलिदान नहीं दिया जा सकता। इस सिद्धांत की पुष्टि बार-बार हुई है, जिनमें गुडीकांति नरसिंहुलु बनाम लोक अभियोजक (1978) का मामला भी शामिल है। इसमें न्यायालय ने कहा था कि दोषसिद्धि से पूर्व स्वतंत्रता से वंचित करना केवल असाधारण परिस्थितियों में ही उचित ठहराया जा सकता है।

हाल के समय में, भारत सरकार बनाम केए नजीब (2021) वाले मामले में भी सर्वोच्च न्यायालय की तीन-न्यायाधीशों वाली पीठ ने निर्णय दिया कि यूएपीए के कठोर प्रावधान भी अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त संवैधानिक गारंटियों को निष्प्रभावी नहीं कर सकते, जिनमें लंबा कारावास और मुकदमों में देरी स्वयं अन्याय के उपकरण बन जाते हों। न्यायालय ने कहा था कि ऐसी परिस्थितियों में यूएपीए की धारा 43डी(5) की कठोरता भी घटाई जा सकती है।

लेकिन इस स्थापित सिद्धांत के बावजूद उमर खालिद सितंबर 2020 से ही दिल्ली दंगा षड्यंत्र मामले में कारावास में बने हुए हैं। मुकदमा किसी सार्थक दिशा में आगे नहीं बढ़ पाया है। इसलिए एक गम्भीर प्रश्न उठता है : यदि राज्य- अपनी समस्त जांच और अभियोजन शक्तियों के बावजूद- उचित समय के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं कर सकता, तो क्या अभियुक्त को अनिश्चित काल तक जेल में सड़ते रहना चाहिए? क्या यह वस्तुतः दोषसिद्धि से पहले ही दंड नहीं है?

जनवरी 2026 में न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने उमर खालिद और शर्जील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया था, जबकि कई सह-अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई। पीठ ने कहा कि मुकदमे में देरी को यूएपीए मामलों में जमानत के लिए ट्रम्प कार्ड नहीं बनाया जा सकता। साथ ही उन्होंने आरोपों की गम्भीरता पर भी बल दिया।

हालांकि इसके कुछ ही महीनों बाद हुए एक उल्लेखनीय घटनाक्रम में न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने सार्वजनिक रूप से उस पूर्व-निर्णय पर गम्भीर आपत्तियां व्यक्त कीं। 18 मई 2026 को यूएपीए से जुड़े एक अलग मामले में एक अभियुक्त को जमानत देते हुए पीठ ने दृढ़ता से दोहराया कि जमानत नियम है और जेल अपवाद- यहां तक कि यूएपीए के मामलों में भी। पीठ ने यह भी कहा कि उमर खालिद को जमानत देने से अतीत में किया गया इनकार भारत सरकार बनाम केए नजीब वाले मामले में वृहत्तर पीठ द्वारा दिए निर्णय के अनुरूप प्रतीत नहीं होता।

इसके निहितार्थ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि यदि किसी अभियुक्त को बिना दोषसिद्धि के- और मुकदमे में किसी सार्थक प्रगति के अभाव में- पांच वर्षों से अधिक समय तक कारावास में रखा जा सकता है, तो प्रक्रिया स्वयं ही दंड में बदल जाती है। ऐसी स्थिति में यदि दस वर्ष बाद अभियुक्त बरी भी हो जाए, तब भी उसके जीवन के खोए हुए वर्ष, उसकी धूमिल हुई प्रतिष्ठा, खंडित पारिवारिक जीवन और कारावास के दौरान झेला गया मानसिक आघात वापस नहीं लौटाया जा सकता।

**यूएपीए जैसे कठोर कानूनों को मूलतः आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा के गम्भीर खतरों से निपटने के लिए बनाया गया था। लेकिन दुःखद है कि धीरे-धीरे इनका विस्तार राजनीतिक असहमति और वैचारिक संघर्ष के क्षेत्र तक हो गया है।**

मुद्दा केवल उमर खालिद तक सीमित नहीं है। यह सभी सरकारों द्वारा यूएपीए जैसे कठोर कानूनों के लगातार विस्तृत होते प्रयोग से जुड़ा प्रश्न है। इन प्रावधानों को मूलतः आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा के गम्भीर खतरों से निपटने के लिए बनाया गया था, लेकिन धीरे-धीरे इनका विस्तार राजनीतिक असहमति और वैचारिक संघर्ष के क्षेत्र तक हो गया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियां संकेत देती हैं कि अदालत इस बात से अवगत है कि कठोर वैधानिक प्रावधानों के प्रति अत्यधिक झुकाव- या अंतहीन प्रक्रियात्मक विलम्ब- स्वयं संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता के वचन को क्षीण कर सकते हैं।

प्रश्न कहीं बड़ा है। वो यह है कि क्या भारतीय गणराज्य राज्यसत्ता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच के संवैधानिक संतुलन को बनाए रखना चाहता है? सर्वोच्च न्यायालय ने सही प्रश्न उठाया है। राष्ट्र को उसके उत्तर का सामना करने का साहस दिखाना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**सरोकार • खिलाड़ियों के लिए ओरिएंटेशन कोर्स जरूरी**

# खेल की दुनिया में नस्लवादी टिप्पणियों की कोई जगह नहीं

### रैसिज्म




**बोरिया मजुमदार**

सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा के सहलेखक और खेल पत्रकार


**कुछ** दिनों पहले मैंने सोशल मीडिया पर अर्शदीप सिंह द्वारा तिलक वर्मा की चमड़ी के रंग का मजाक उड़ाने संबंधी एक पोस्ट को देखा। तिलक ने उस बात को सहज रूप से टाल दिया और सोशल मीडिया पर भी इसे सामान्य ढंग से ही लिया गया। लेकिन यही तो समस्या है। हम ऐसी बातों को सामान्य मान लेते हैं, क्योंकि हम इनको लेकर पर्याप्त संवेदनशील नहीं हैं। समस्या केवल अर्शदीप तक सीमित नहीं है। यह एक भारतीय समस्या है, और हम सबने इसे 'इसमें ऐसी कौन-सी बड़ी बात है' कहकर स्वीकार कर लिया है।

धनराज पिल्लई का ही उदाहरण लीजिए। जब पिल्लई पहली बार परिदृश्य में उभरे थे, तो उन्होंने अपनी प्रतिभा से सबको चकित कर दिया था। उन्हें रोक पाना असम्भव लगता था। लेकिन हॉकी मैचों में उनकी त्वचा के रंग की ओर संकेत करने वाली एक टिप्पणी लगातार सुनाई देती थी। स्वयं पिल्लई ने मुझे यह घटना सुनाई थी तो उन्हें भी इसमें कुछ असामान्य नहीं लगा। बल्कि इसे नॉर्मल माना था। आखिर हम इसी तरह तो बोलते हैं, फिर इसमें इतनी बड़ी बात क्या है?

यहां उन नाइजीरियाई फुटबॉल खिलाड़ियों के मुद्दे को भी जोड़ लें, जिन्होंने कोलकाता में खेलते हुए अपना करियर बनाया। उनमें से कुछ आज भी बेहद लोकप्रिय हैं। लेकिन इससे लोग उन पर रंगभेदी या नस्लवादी टिप्पणी करने से नहीं रुके। चीमा ओकरी इसका उदाहरण हैं। वे भारत में फुटबॉल में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से हैं, लेकिन उन्हें भी 'काला चीता' कहकर पुकारा जाता था। यह सब इतना स्वाभाविक बना दिया गया है कि हमें इन शब्दों के इस्तेमाल में कोई समस्या दिखाई ही नहीं देती।

शायद अर्शदीप सिंह को नहीं पता कि सीमारेखा कहां खींची जानी चाहिए। उनके लिए यह सब मजाक और हल्की-फुल्की चुहलबाजी का विषय भर हो सकता है। यहां तक कि तिलक वर्मा भी शायद यह नहीं समझ पाए कि इस पर उनकी प्रतिक्रिया कैसी होनी चाहिए, इसलिए उन्होंने बात को वहीं पर छोड़ दिया। लेकिन हमें इस तरह के मामलों में अधिक शिक्षा और संवेदनशीलता की आवश्यकता है, और यह जितनी जल्दी हो, भारत के लिए उतना ही बेहतर होगा।

आज भी यदि हम कोलकाता में सप्ताहांत का कोई मैच देखने जाएं- जिसमें कोई अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहा हो- तो लगभग निश्चित है कि कोई न कोई दर्शक उस पर नस्लवादी टिप्पणी करेगा। जहां यह उस खिलाड़ी की जिम्मेदारी है कि वह तुरंत इस बात को रेफरी के संज्ञान में लाए, वहीं वहां मौजूद हर व्यक्ति का भी यह फर्ज है कि वह ऐसे व्यक्ति को रोके और टोके। यह एक सामूहिक अभियान होना चाहिए, जिसे केवल अधिकारियों और प्रशासकों पर नहीं छोड़ा जा सकता।

हमारे पास ऐसे लोगों की पूरी जमात है, जो त्वचा के रंग को अपमान करने का अपना विशेषाधिकार मानते हैं। सदियों से हमें इस वायरस की कोई वैक्सीन नहीं मिली है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे विकसित करें। यह भी अत्यंत आवश्यक है कि खिलाड़ी इस बुराई के विरुद्ध एकजुट हों, प्रतीकात्मकता से आगे बढ़ें और इस संकल्प को वास्तव में चरितार्थ करें कि नस्लीय अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दरअसल, जो लोग नस्लीय टिप्पणियों के शिकार हुए हैं लेकिन बोलने से बचते रहे हैं, वे भी इस बुराई को बढ़ावा देने के उतने ही दोषी हैं। उन्हें समझना चाहिए कि मानवीय गरिमा के सामने खेल की कोई कीमत नहीं है, और समाज के प्रति उनकी भी एक जिम्मेदारी है।

**बीसीसीआई और फ्रेंचाइजियों को संवेदनशीलता पर आधारित एक ओरिएंटेशन कोर्स शुरू करने पर विचार करना चाहिए। सोशल मीडिया के इस दौर में खिलाड़ियों को पहले की तुलना में कहीं अधिक सजग होने की आवश्यकता है।**

आने वाले समय में बीसीसीआई और फ्रेंचाइजियों को संवेदनशीलता पर आधारित एक ओरिएंटेशन कोर्स शुरू करने पर विचार करना चाहिए। सोशल मीडिया के इस दौर में- जहां खिलाड़ी हर समय प्रशंसकों और अन्य लोगों की निगाहों में रहते हैं- उन्हें पहले की तुलना में कहीं अधिक सामाजिक और राजनीतिक रूप से सजग होने की आवश्यकता है।

पहले यदि ऐसी बातें कही भी जाती थीं, तो वे सार्वजनिक नहीं होती थीं, क्योंकि हर चीज सोशल मीडिया पर नहीं आती थी। लेकिन अब तो एक्स और इंस्टाग्राम पर ही पूरा जीवन जिया जा रहा है। ऐसे में खिलाड़ियों का एक ओरिएंटेशन कोर्स उन्हें 'क्या करें' और 'क्या न करें' का अंतर स्पष्ट बता सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

## ब्रांड से सबक

**अमेरिकन एक्सप्रेस :** ग्लोबल पेमेंट कंपनी

# 84% गिर गए थे शेयर, सरकारी मदद से बची आज सबसे प्रीमियम पेमेंट ब्रांड है 'अमेक्स'

**दुनियाभर** में क्रेडिट कार्ड प्रदान करने वाली अधिकांश वित्तीय फर्म या बैंक जहां फ्री या बेहद कम ज्वाइनिंग और सालाना फीस के साथ कार्ड ऑफर करती हैं, वहीं अमेरिकन एक्सप्रेस, अपने प्लैटिनम कार्ड के लिए करीब 66 हजार रु. सालाना फीस लेती है। इसके 'ब्लैक कार्ड', जिसे सेंटुरियन/सेंचुरियन कार्ड' भी कहा जाता है, के लिए करीब 4.80 लाख रु. वन टाइम ज्वाइनिंग फीस और 9.60 लाख रु. सालाना फीस देनी पड़ती है। बावजूद इसके कंपनी के दुनियाभर में 14 करोड़ एक्टिव ग्राहक हैं। दरअसल यह 'प्रीमियमनेस' और स्टेटस सिंबल ही कंपनी की असली पहचान है। ग्राहक इसे 'अमेक्स' कहते हैं।

करीब 176 साल पुरानी इस कंपनी में दो ऐसे दौर आए जब लगा कि यह बर्बाद हो जाएगी। 1963 में 'एलाइड क्रूड वेजिटेबल ऑइल' कंपनी के 'सलाद ऑइल स्कैम' का खुलासा होने के बाद अमेक्स के शेयर 50% गिर गए थे। वहीं 2008 की मंदी में कंपनी के शेयर 84% तक गिर गए। तब दिवालिया होने से बचने के लिए अमेक्स ने खुद को कार्ड कंपनी से 'कमर्शियल बैंक' में बदला ताकि जनता से डिपॉजिट फंड मिल सके। इसके बाद अमेरिकी सरकार से 339 करोड़ डॉलर की सरकारी मदद मिली, जिससे कंपनी संकट से उबरी।





अमेरिकन एक्सप्रेस पहले डाक, सोना और अन्य सामान डिलीवर करती थी।

**सबक...** अगर आपकी साख बनी हुई है तो वित्तीय नुकसान भी बहुत समय तक आपको नहीं रोक पाएंगे।

**170** से अधिक देशों में सेवाएं और नेटवर्क संचालित।

**14** करोड़ से ज्यादा एक्टिव कार्ड धारक हैं पूरी दुनिया में।

**23** लाख रु. वर्ष में खर्च करता है विदेशी कार्ड धारक औसतन।

**46** हजार रु. महीना औसतन खर्च करता है इसका भारतीय ग्राहक।

### यूं संकट में फंसी थी...

- **केंद्रित बिजनेस मॉडल:** पूरा बिजनेस 'प्रीमियम और कॉर्पोरेट ट्रैवल एंड एंटरटेनमेंट' खर्च पर निर्भर था। मंदी आने पर यात्रा और बिजनेस मीटिंग्स के बजट कटते, जिससे अमेक्स का रेवेन्यू प्रभावित होता था।
- **कोर बिजनेस पर अधिक निर्भरता :** यह इन्वेस्टमेंट बैंकों की तरह होलसेल फंडिंग पर निर्भर था। जब 2008 की मंदी में क्रेडिट मार्केट फ्रीज हुआ तो इसकी फंडिंग रुक गई, जो इसके लिए घातक साबित हुई।
- **बदलावों में सुस्ती :** 2010 में जब फिनटेक स्टार्टअप्स और मोबाइल पेमेंट्स उभर रहे थे, तब कंपनी 'प्लास्टिक और पेपर' रिवॉर्ड पर ही अड़ी रही।
- **निगरानी और नियंत्रण में चूक :** कंपनी अंदरूनी निगरानी में चूकती रही। 1963 के सलाद ऑइल स्कैम से लेकर क्रेडिट रिस्क असेसमेंट तक ऑडिट में विफल हुई। डिफाल्ट बढ़ने पर निपटना मुश्किल हुआ।

### इस तरह की वापसी...

- **खुद को कमर्शियल बैंक में बदला :** 2008 के संकट में खुद को एक बैंक होल्डिंग कंपनी में बदल लिया। इससे न केवल सरकारी वित्तीय मदद मिली, बल्कि जनता से डिपॉजिट स्वीकार करने के योग्य बन गई।
- **संकट में वॉरेन बफेट का निवेश :** खराब संकट के दौर में भी वॉरेन बफेट ने निवेश जारी रखा। इससे बाजार में भरोसा बना रहा। कंपनी को बाउंस बैक करने का मनोवैज्ञानिक संबल मिला।
- **युवाओं पर फोकस :** डाइनिंग, स्ट्रीमिंग सर्विसेज के सब्स्क्रिप्शन और लाइफस्टाइल के ट्रेंडी रिवॉर्ड्स जोड़े। इससे भारी संख्या में अमीर युवा जुड़े।
- **प्रीमियम सब्स्क्रिप्शन मॉडल :** ट्रांजैक्शन फीस की जगह सालाना फीस मॉडल पर जोर दिया। लोग केवल कार्ड रखने के लिए 250 से 695 डॉलर तक फीस देते हैं। बदले में प्रीमियम सुविधाएं मिलती हैं।

• वर्तमान स्थिति

### 20 लाख करोड़ रु. की कंपनी है 'अमेक्स'

कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार इसके नेटवर्क पर सालाना करीब 145 लाख करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन वर्तमान में होता है। कंपनी का मार्केट कैप करीब 20 लाख करोड़ रुपए है। दुनियाभर में इसके करीब 14 करोड़ एक्टिव कार्डधारक हैं। दुनियाभर में इसके 74 हजार से अधिक कर्मचारी हैं। 2026 के ताजा आंकड़ों के अनुसार काम करने के लिहाज से दुनिया की टॉप 100 कंपनियों में यह चौथे नंबर पर है। हाल ही में अमेरिकी क्रेडिट कार्ड ग्राहकों पर जेडी पावर द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार कंपनी ग्राहक संतुष्टि के मामले में दुनिया में पहले नंबर पर है।

### शुरुआत : तीन कंपनियों के विलय ने रखी थी अमेरिकन एक्स. की नींव

1850 में न्यूयॉर्क के बफेलो में 3 कंपनियों- वेल्स, लिविंग्स्टन-फार्गो और बटरफील्ड वासन एंड कंपनी के विलय से अमेरिकन एक्सप्रेस की स्थापना हुई। उस समय यह एक एक्सप्रेस शिपिंग कंपनी थी, जो डाक से लेकर सोना, कीमती सामान और दस्तावेज का पार्सल करती थी। 1890 के दशक में फाइनेंशियल सर्विसेज में कदम रखा।

### नए कदम : खुद को लाइफस्टाइल एप के रूप में स्थापित कर रहा है

अमेक्स ने हाल के वर्षों में 'कैबेज' जैसी डिजिटल लेंडिंग कंपनियों और रेस्टोरेंट रिजर्वेशन प्लेटफॉर्म 'रेजी' का अधिग्रहण किया है ताकि खुद को लाइफस्टाइल एप के रूप में स्थापित कर सके। इसके अलावा एआई और मशीन लर्निंग टूल में भारी निवेश कर रही है ताकि रियल टाइम ट्रांजेक्शन फ्रॉड को रोक सके।

**ऐसे पड़ा नाम :** सबसे तेजी से सामान और डाक पहुंचाने की एक्सप्रेस सेवा के कारण इसका नाम अमेरिकन एक्सप्रेस कंपनी रखा गया।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** ग्लोबल पेमेंट प्रोसेस में वीजा और मास्टरकार्ड इसके बड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। वहीं लग्जरी रिवार्ड सेगमेंट में चेस और सिटीबैंक से टक्कर मिलती है।

## पीपुल भास्कर

**सुनील भारती मित्तल,** भारती एंटरप्राइजेस के फाउंडर

# 20 हजार से शुरू किया था बिजनेस, सुनील कहते हैं- स्पीड चुनें, परफेक्शन आ ही जाएगा

**साल** 1983, सुनील मित्तल उस वक्त जापान से पोर्टेबल जनरेटर इम्पोर्ट करने का सफल कारोबार चला रहे थे। 24 साल की उम्र में वे भारत के सबसे बड़े जनरेटर इम्पोर्टर बन चुके थे। तभी सरकार ने अचानक जनरेटर इम्पोर्ट पर बैन लगा दिया। बैन से वे रातोंरात संकट में आ गए, लेकिन मित्तल ने घबराने के बजाय अवसर खोजा। वे ताइवान के एक ट्रेड फेयर में गए और वहां उन्होंने पहली बार 'पुश-बटन टेलीफोन' देखा। भारत में तब भी रोटरी फोन ही चल रहे थे। उन्होंने तुरंत इस मौके को पहचाना और देश में 'मिटब्रा' नाम से पुश बटन फोन की नींव रख दी। एक रात में तबाह हुए कारोबारी ने एक नई इंडस्ट्री शुरू कर दी।

**चर्चा में क्यों :** हाल ही में अगले 5 साल के लिए फिर से कंपनी के चेयरमैन चुने गए हैं। 10 सालों में कंपनी की कमान नई पीढ़ी को देने की बात कही है।



सुनील कहते हैं 'सफलता वो है जब आप शाम को काम पूरा कर लें तो लगे कि कुछ किया। एक गुदगुदी सी हो। मेरा मानना है कि सफलता आदमी के अंदर रहती है और आपको बताती है कि आप ठीक दिशा में जा रहे हैं।'

**जन्म :** 23 अक्टूबर 1957, लुधियाना, पंजाब

**शिक्षा :** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में स्नातक।

**संपत्ति :** करीब 1.32 लाख करोड़ रुपए (फोर्ब्स के अनुसार)

**'सुनील ने यह साबित किया है कि भारतीय उद्यमी बिना बड़े पारिवारिक औद्योगिक बैकग्राउंड के भी वैश्विक स्तर का साम्राज्य खड़ा कर सकते हैं'**

**रतन टाटा, टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन**

सुनील कहते हैं उन्होंने बचपन में ही तय कर लिया था कि बिजनेसमैन बनना है और बड़ा बिजनेस करना है। 68 वर्षीय सुनील मित्तल खुद को फिट रखने के लिए नियमित रूप से योग और वॉक करते हैं। अगर कहीं बाहर हुए तो बाग-बगीचों में टहलने चले जाते हैं। अगर वो भी न मिले तो ट्रेडमिल पर चलते हैं। उन्हें सामाजिक संदेश देने वाली और इतिहास से जुड़ी फिल्में पसंद हैं। अंग्रेजी फिल्म 'द लास्ट समुराय' उन्होंने दो बार देखी थी। आमिर खान की 'रंग दे बसंती' फिल्म भी पसंदीदा है। युवा अवस्था में स्कीइंग जैसे रोमांचक खेल बहुत पसंद थे।

• शुरुआत

### पिता सांसद रहे, पढ़ाई में नहीं लगता था मन

सुनील के पिता सतपाल मित्तल एक राजनेता थे। दो बार कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रहे। उन्होंने तब अंतरजातीय विवाह किया था। इसके बाद उन्होंने तय किया कि बच्चों के नाम के आगे भारती लगेगा। सुनील बताते हैं कि उनका पढ़ने में बिल्कुल भी मन नहीं लगता था। इसको लेकर उनकी पिटाई भी हुई। उनके दो भाई राजन और राकेश भारती मित्तल हैं।

• विवाह

### दोस्त की साली से किया था प्रेम विवाह

सुनील मित्तल की शादी स्कॉटलैंड की रहने वाली नायना से हुई है। नायना उनके दोस्त की साली हैं। वे स्कॉटलैंड से भारत घूमने आई थीं। इसी दौरान दोनों की मुलाकात हुई। मुलाकात के 20 से 25 दिन बाद ही दोनों ने शादी कर ली। उनकी बेटी ईशा का जन्म भी स्कॉटलैंड में हुआ था। दोनों के तीन बच्चे हैं, जिनमें जुड़वा बेटे- श्रविन और केविन मित्तल भी हैं।

• करियर

### साइकिल बिजनेस से टेलीकॉम बॉस तक

ग्रेजुएशन के तुरंत बाद सुनील ने पिता से 20 हजार रुपए लिए और हीरो साइकिल कंपनी के लिए पार्ट्स बनाना शुरू किया, लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि इस व्यापार की एक सीमा है। इसके बाद 1980 में भारती ओवरसीज ट्रेडिंग कंपनी शुरू की और मुंबई शिफ्ट हो गए। 1995 में दिल्ली से एयरटेल सेवा शुरू की, जो देश की पहली निजी सेलुलर सेवा प्रदाताओं में से थी।

### खास : एक बेटे ने 'हाइक' दूसरे ने 'अनबाउंड' की रखी नींव

- उनके बेटे केविन हाइक मैसेंजर के फाउंडर और सीईओ हैं। वहीं दूसरे बेटे श्रविन लंदन स्थित निवेश फर्म 'अनबाउंड' के संस्थापक हैं।
- उनका दर्शन है कि पहले तेजी से आगे बढ़ो, परफेक्शन काम करने के साथ-साथ खुद ही आता जाता है।

### उपलब्धि : 2007 में भारत सरकार ने दिया पद्म भूषण

- 2024 में ब्रिटेन किंग चार्ल्स तृतीय ने ऑनरेरी नाइटहुड की उपाधि प्रदान की थी।
- हार्वर्ड बिजनेस स्कूल ने उन्हें एलुमिनी अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया है।
- 2006 में फॉर्चून एशिया बिजनेसमैन के रूप में नामित किए जा चुके हैं।

### रोचक : कुल संपत्ति का 10% हिस्सा दान करने का संकल्प

- शुरुआती संघर्ष के दिनों में 30 से 35 घंटे की यात्रा ट्रेनों में बैठकर की। ट्रकों से गोदी में सामान उठाकर उसे बाजार में लाकर बेचते थे।
- 1979-80 में 20-21 की उम्र में अपनी कमाई से फिएट कार खरीदी थी। उसे भी मॉडिफाइड कर फैशनेबल बनाया था।

मंथन शुरू • केंद्रीय बैंक में बैठकों का दौर, मिशन मोड में गवर्नर संजय मल्होत्रा, 3-5 जून के बीच समीक्षा

# रुपया संभालने के उपाय दो हफ्तों में

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

रुपया इस हफ्ते 97 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर के करीब आने के बाद रिजर्व बैंक में आपात बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुआई में नीति-निर्माता अब हर उस विकल्प को परख रहे हैं, जो रुपए की कमजोरी रोक सके। आरबीआई के शीर्ष अधिकारी ब्याज दरें बढ़ाने, प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए विशेष जमा योजना और सरकार की तरफ से सॉवरेन डॉलर बॉन्ड जारी करने जैसे उपायों पर गौर कर रहे हैं।

करीब दो हफ्तों बड़े फैसले हो सकते हैं। केंद्रीय बैंक की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक 3-5 जून को होगी। आरबीआई जरूरत पड़ने पर समय से पहले भी कोई निर्णय ले सकता है। मई 2022 में ऐसा ही किया गया था। रेपो रेट में यदि बढ़ोतरी की गई तो होम, ऑटो लोन समेत बैंकों से मिलने वाले सभी तरह के कर्ज महंगे हो जाएंगे। इन कयासों के चलते गुरुवार को रुपया 50 पैसे रिकवर होकर 96.36 प्रति डॉलर बंद हुआ।

### 2026: रुपए में 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट ने बढ़ाई चिंता

- **2026 में अब तक** 7.22%
- **बीते एक साल में** 12.61%
- **27 फर. की ऊंचाई से:** 5.81%
- **रिकॉर्ड निचला स्तर:** 96.86



**बीते 10 दिन में डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल**

| तारीख | क्लोजिंग | +/- |
|---|---|---|
| 11 मई | 95.28 | -0.79 |
| 12 मई | 95.68 | -0.40 |
| 13 मई | 95.66 | +0.02 |
| 14 मई | 95.64 | +0.02 |
| 15 मई | 96.65 | -1.01 |
| 18 मई | 96.20 | +0.45 |
| 19 मई | 96.70 | +0.50 |
| 20 मई | 96.86 | -0.16 |
| 21 मई | 96.36 | +0.50 |

### रुपए में स्थिरता, रिकवरी के लिए फिलहाल चार विकल्पों पर गौर कर रहा आरबीआई

**1. ब्याज दर बढ़ाना**
- **अनुमानः** 2026-27 में 0.50% तक बढ़ोतरी (स्टैंडर्ड चार्टर्ड)
- **असरः** अमेरिका और भारत के बीच ब्याज दर का अंतर दशक के न्यूनतम स्तर पर आ गया है। नीतिगत दर (जैसे रेपो) बढ़ाने से विदेशी निवेशक भारतीय बॉन्ड में दिलचस्पी लेंगे, डॉलर की आवक बढ़ेगी और रुपए को सहारा मिलेगा।

**2. एनआरआई डिपॉजिट स्कीम**
- **उम्मीदः** 50 अरब डॉलर तक आ सकते हैं (रिजर्व बैंक का अपना अनुमान) 2013 के संकट में यही तरीका अपनाया गया था। तब करीब 30 अरब डॉलर यानी अभी के हिसाब से 2.9 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए थे। इस बार भी एनआरआई को आकर्षक दरों पर डिपॉजिट की पेशकश से डॉलर रिजर्व बढ़ाया जा सकता है।

**3. सॉवरेन डॉलर बॉन्ड**
- **संदर्भः** 2019 में पहली बार घोषणा की गई थी (लागू नहीं हो पाई)
- **असरः** सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर में बॉन्ड जारी कर सकती है। इससे सीधे देश में विदेशी पूंजी आएगी और रुपए पर दबाव कम होगा। लेकिन इस पर फैसला रिजर्व बैंक नहीं, बल्कि सरकार करेगी।

**4. करेंसी स्वैप**
- **ट्रेंडः** एक बार में 5-10 अरब की स्वैप नीलामी (सीमा बढ़ सकती है)
- **असरः** रिजर्व बैंक ने बुधवार को 5 अरब डॉलर का स्वैप नीलामी किया। बैंकिंग सिस्टम में नकदी डाली और खुद डॉलर रिजर्व बढ़ाया। इस तरह के और स्वैप से छोटी अवधि में करेंसी मार्केट को राहत मिल सकती है।

**सलाहः चुनौती बड़ी, दांव भी बड़ा होना चाहिए**

रिजर्व बैंक को बड़ा दांव खेलना होगा। एक उपाय नहीं, बल्कि एक साथ कई मोर्चों पर काम करना पड़ेगा।
**-राजीव बत्रा,** जेपी मॉर्गन

ब्याज दरों में आपात बढ़ोतरी बहुत बड़ा झटका साबित होगी। यह कदम अर्थव्यवस्था पर बड़ा बोझ डाल सकता है।
**-ए. प्रसन्ना, ICICI** सिक्युरिटीज

**गंभीरताः रुपया संभालना रिजर्व बैंक की सबसे बड़ी प्राथमिकता**

नीति-निर्माताओं का मानना है कि भारत की आर्थिक बुनियाद और बैंकिंग सिस्टम मजबूत है, लेकिन यह ताकत रुपए की विनिमय दर में नहीं दिख रही। आरबीआई की प्राथमिकता रुपए में गिरावट रोकना है। मामले से जुड़े लोगों के मुताबिक, केंद्रीय बैंक इसके लिए जो भी करना पड़े करने को तैयार है।

**चुनौतीः बड़ी संस्थाएं दे रहीं रुपए की कमजोरी बढ़ने की चेतावनी**

इस साल अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर (1.8 लाख करोड़ रुपए) से अधिक की निकासी कर चुके हैं। यह पिछले साल के रिकॉर्ड निकासी से ज्यादा है। एबरडीन इन्वेस्टमेंट्स और मेटलाइफ जैसी बड़ी संस्थाएं रुपए के 100 प्रति डॉलर तक कमजोर होने की आशंका जता रही हैं। डीबीएस ने अपना अनुमान संशोधित करके 95-100 प्रति डॉलर कर दिया है।

मेगा इश्यू • मस्क बनेंगे दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर

# स्पेसएक्स का आईपीओ कंफर्म, ₹193 लाख करोड़ तक जुटाएगी

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने बहुप्रतीक्षित मेगा आईपीओ के लिए आवेदन कर दिया है। लिस्टिंग से पहले स्पेसएक्स खुद को सिर्फ स्पेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी नहीं, बल्कि एआई और कनेक्टिविटी कंपनी के रूप में पेश कर रही है। कंपनी ने नैस्डेक पर 'SPCX' टिकर के तहत लिस्टिंग के लिए आवेदन किया है।



जानकारों के मुताबिक, आईपीओ का वैल्युएशन 1.75-2 लाख करोड़ डॉलर (₹169-193 लाख करोड़) हो सकता है। यह सऊदी अरामको के 2019 में आए 1.7 ट्रिलियन डॉलर (₹164 लाख करोड़) के आईपीओ का रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू बन सकता है। स्पेसएक्स की ओनरशिप और वोटिंग कंट्रोल के चलते आईपीओ के बाद मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (कम से कम 1 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 96 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक) बन सकते हैं। मस्क अब भी 676 अरब डॉलर (करीब ₹65.15 लाख करोड़) की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

**नियंत्रणः मस्क के पास ही रहेगा पूरा कंट्रोल, 85% वोटिंग पावर**

आईपीओ के बाद भी स्पेसएक्स पर मस्क का ही कंट्रोल रहेगा। उनके पास 85% वोटिंग पावर बने रहने की उम्मीद है। मस्क का सालाना वेतन अब भी 54,080 डॉलर (₹52 लाख) है। कंपनी ने उन्हें एक अरब शेयर देने का प्रस्ताव रखा है। ये तभी मिलेंगे जब कंपनी मंगल पर दस लाख लोगों की बस्ती बसाएगी।

**उम्मीदः बड़े लक्ष्यों के साथ जोखिम भी**

स्पेसएक्स का वैल्युएशन 6.6 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने के लिए अंतरिक्ष में बड़े डेटा सेंटर बनाने होंगे। पर कंपनी ने खुद माना है कि कुछ प्रोजेक्ट्स कभी सफल नहीं हो सकते।

**आयः स्टारलिंक से ही हो रही कमाई**

2025 में स्टारलिंक को 11.38 अरब डॉलर की आय हुई। अन्य कंपनियां घाटे में है। स्पेस डिवीजन ने 408 करोड़ डॉलर आय के मुकाबले 65.7 करोड़ डॉलर का नुकसान उठाया है।

**खर्चः एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश**

कंपनी ने जनवरी-मार्च में एआई पर 772 करोड़ डॉलर निवेश किए। इस बीच स्पेसएक्स की नई एआई कंपनी एक्सएआई 2025 में 635 करोड़ डॉलर नुकसान झेल चुकी है।

### ओपनएआई भी कुछ हफ्तों में आईपीओ के लिए करेगी आवेदन

एआई मॉडल चैटजीपीटी तैयार करने वाली कंपनी ओपनएआई जल्द शेयर बाजार में दस्तक देने की तैयारी कर रही है। कंपनी कुछ हफ्तों में गोपनीय तरीके से आईपीओ के लिए आवेदन करने वाली है। यह एआई सेक्टर के अब तक के सबसे बड़े ऑफर में से एक हो सकता है। सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो सितंबर तक इसका आईपीओ आ सकता है। सैम ऑल्टमैन के नेतृत्व वाली यह कंपनी फिलहाल गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली के साथ मिलकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## बिजनेस ब्रीफ

### प्राइवेट सेक्टरः चुनौतियों के बीच ग्रोथ थोड़ी ही धीमी

**नई दिल्ली** | पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद देश के प्राइवेट सेक्टर की ग्रोथ मामूली घटी है। एचएसबीसी की फ्लैश पीएमआई रिपोर्ट के मुताबिक, मई में भारत का कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स अप्रैल के 58.2 से घटकर 58.1 रह गया। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई भी 54.7 से 54.3 पर आ गया। हालांकि ये चार साल की सबसे कमजोर ग्रोथ में से एक है। मांग कमजोर पड़ने से निर्यात ऑर्डर 19 महीने के निचले स्तर पर आ गए।

### जेप्टो का 11,000 करोड़ का आईपीओ जुलाई में

**मुंबई** | क्विक-कॉमर्स कंपनी जेप्टो जुलाई में 11,000 करोड़ का आईपीओ लाने की तैयारी में है। सेबी से मंजूरी मिल चुकी है। अब कंपनी जल्द दस्तावेज जरूरी दस्तावेज जमा करेगी। स्टैनफोर्ड ड्रॉपआउट आदित पालीचा और कैवल्य वोहरा की यह कंपनी 61 शहरों में 1,255 डार्क स्टोर चलाती है। बर्नस्टीन के मुताबिक, जेप्टो की रणनीति विस्तार नहीं, बल्कि मौजूदा बाजारों में ही पैठ गहरी करने की है।

### मेटा ने 8,000 कर्मचारियों की छंटनी प्रक्रिया शुरू की

**न्यूयॉर्क** | फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने 20 मई से करीब 8,000 कर्मचारियों की छंटनी शुरू की है। यह कंपनी के 78,865 कर्मचारियों का 10% है। इसकी जद में सबसे ज्यादा रियलिटी लैब्स, फेसबुक और सेल्स टीम के कर्मचारी आए हैं। आगे और कटौती की योजना है। कंपनी इस साल एआई इंफ्रास्ट्रक्चर पर 125-145 अरब डॉलर खर्च कर रही है।

### एनवीडियाः तिमाही आय रिकॉर्ड ₹7.8 लाख करोड़

**न्यूयॉर्क** | अप्रैल में खत्म तिमाही में एआई चिप कंपनी एनवीडिया की आय 85% बढ़कर रिकॉर्ड 81.6 अरब डॉलर (₹7.8 लाख करोड़) हो गई, जबकि अनुमान 79.2 अरब डॉलर का था। बीती तिमाही डेटा सेंटर डिवीजन को 75.2 अरब डॉलर की आय हुई। कंपनी ने डिविडेंड बढ़ाया और 80 अरब डॉलर (7.7 लाख करोड़ रुपए) के शेयर बायबैक की घोषणा भी की।

नया ट्रेंड... आयात पर निर्भरता कम करने के लिए गोल्ड एक्सचेंज स्कीम बढ़ी

# ऊंचे दाम के बीच पुराने सोने की रीसाइक्लिंग 44% बढ़कर 31 टन तक पहुंचीः डब्ल्यूजीसी

हिमाली पटेल | मुंबई

देश में इन दिनों बड़े ज्वेलरी रिटेलर्स 'गोल्ड एक्सचेंज स्कीम' को प्रमोट कर रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की 'गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स' रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 की पहली तिमाही में भारत की नेट रीसाइक्लिंग या स्क्रैप सप्लाई सालाना 20% और तिमाही आधार पर 44% बढ़कर 31.2 टन तक पहुंच गई। ऐसे में पुराना जौहरी को सौंपने से वैल्युएशन का खेल समझना होगा, वरना घाटा झेलना पड़ सकता है। झावेरी ब्रदर्स डायमंड्स एंड गोल्ड की डायरेक्टर संगीता चेतन कहती हैं, 'लोग अक्सर उन गहनों को बदलते हैं जिनसे वे बोर हो चुके हैं या जो टूट-फूट गए हैं।' वहीं, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी सुवंकर सेन का कहना है, 'सोने की कीमतों में भारी उछाल, बढ़ी इम्पोर्ट ड्यूटी और आयात पर निर्भरता कम करने के फोकस के चलते पुराने सोने का एक्सचेंज और रीसाइक्लिंग तेज हुई है।' हालांकि सेन आगाह करते हैं, 'कई बार शुद्धता के आकलन और कटौती को लेकर जौहरी और ग्राहक में विवाद भी हो जाता है, खासकर तब जब जौहरी सोने का कैरेट उम्मीद से कम बताए।

**भास्कर गाइड** नुकसान से बचाव के ये तरीके अपनाएं



जब आप पुराना सोना जौहरी पास ले जाते हैं तो वो 'एक्स-रे फ्लोरेसेंस' (एक्सआरएफ) टेस्टिंग या मेल्टिंग टेस्ट के जरिए शुद्धता जांचता है। फिर गहनों में लगे पत्थर, इनेमल (मीनाकारी) और मोती हटाकर सोने का वजन किया जाता है। अशुद्धियों, पत्थरों, वेस्टेज या मेकिंग चार्ज को एडजस्ट करके उस दिन का भाव तय किया जाता है।' नुकसान से बचने के लिए ये 3 तरीके अपनाएं...

- **प्योरिटी और रेट खुद वेरिफाई करेंः** संगीता चेतन के मुताबिक, ग्राहकों को पता होना चाहिए कि उनके सोने की शुद्धता 22 कैरेट, 18 कैरेट या 14 कैरेट में से क्या है। अपनी आंखों के सामने ही एक्सआरएफ टेस्टिंग कराएं और लिखित रिपोर्ट लें।
- **35 से 200 में सरकारी** केंद्र से कराएं टेस्ट फिनएटवर्क इन्वेस्टमेंट के फाउंडर सौरभ बंसल कहते हैं, "दुकान पर जाने से पहले आप खुद गहनों की स्वतंत्र जांच कराएं। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) के मान्यता प्राप्त असेयिंग और हॉलमार्किंग सेंटर्स महज 35 से 200 रुपए प्रति नग में शुद्धता और वजन की जांच कर देते हैं।
- **गहने बेचते समय उनमें जड़े रत्नों का मूल्यांकन जरूर कराएंः** बंसल के मुताबिक, पुराने सोने के एक्सचेंज में पत्थरों, हीरों, मोतियों और मीनाकारी की सही कीमत मिलना नामुमकिन होता है। ऐसे में एक्सचेंज से पहले सभी पत्थरों को अलग करवा लें। हीरे किसी रत्न विशेषज्ञ से चेक कराकर अलग से बेचें। रंगीन पत्थरों, पोल्की, मूंगा और मोतियों की अपनी स्वतंत्र रीसेल वैल्यू होती है।

खाद का कारोबार भी

### अदाणी पोर्ट्स ने अब जेपी फर्टिलाइजर्स को खरीदा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई



गौतम अदाणी अब खाद बिजनेस में भी उतर गए हैं। उनके नेतृत्व वाली कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने जयप्रकाश एसोसिएट्स की कंपनी जयप्रकाश फर्टिलाइजर्स एंड इंडस्ट्रीज (जेएफआईएल) में 100% हिस्सेदारी खरीद ली है। ये डील नकद ₹1,500 करोड़ में हुई। ये अधिग्रहण दिवालिया प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। जेएफआईएल के पास कानपुर में 243 एकड़ जमीन है। इसका इस्तेमाल कंपनी लॉजिस्टिक्स पार्क और वेयरहाउसिंग बनाने में करेगी। इससे उत्तर भारत में कंपनी की लॉजिस्टिक्स क्षमता बढ़ेगी। साल 2031 तक मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क 12 से बढ़कर 16 हो जाएंगे। जेपी फर्टिलाइजर्स के कर्ज निपटान योजना को इसी साल मार्च में मंजूरी मिली थी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से अगस्त 2025 में ही इस सौदे की अनुमति मिल चुकी थी।

रिजल्ट • सालाना आय 14 साल में पहली बार 1 अरब डॉलर पार

# नायका का मुनाफा 286% बढ़कर ₹78 करोड़, ब्यूटी प्रोडक्ट्स से आय 40% बढ़ी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

जनवरी-मार्च में ब्यूटी और फैशन रिटेल मार्केट प्लेस नायका की पैरेंट कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स का मुनाफा 286% बढ़कर ₹78 करोड़ हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह ₹20 करोड़ था। इस बीच ब्यूटी प्रोडक्ट्स से आय 27% बढ़कर ₹2,410 करोड़ और फैशन से आय 40% बढ़कर ₹ 225 करोड़ हो गई। नायका का मुनाफा बढ़ने की सबसे बड़ी वजह लागत पर सख्त नियंत्रण रही। बीती तिमाही में कंपनी की कुल आय 28% बढ़कर ₹2,648 करोड़ हो गई। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफा 202% बढ़कर ₹199 करोड़ और आय 26% बढ़कर ₹10,022 करोड़ हो गई। पहली बार सालाना आय 1 अरब डॉलर से ऊपर निकल गई।

**विस्तारः अब देश के 99 शहरों में नायका का ऑफलाइन नेटवर्क**

ऑनलाइन विस्तार के बाद कंपनी अब ऑफलाइन स्टोर पर फोकस दे रही है। देशभर के 99 शहरों में नायका के 313 स्टोर हो गए हैं। पिछले साल ही 76 नए स्टोर खोले गए हैं। इस बीच कंपनी 5.5 करोड़ से ज्यादा प्रीमियम ग्राहकों को जोड़ चुकी है।

- **रणनीतिः** कंपनी का बिजनेस मॉडल धीरे-धीरे बदल रहा है। अब कंपनी सिर्फ ऑनलाइन ग्राहकों तक सीमित नहीं है। नायका का बी2बी बिजनेस 'सुपरस्टोर' तेजी से फैल रहा है। यह 1,100 शहरों के 4.93 लाख दुकानदारों को सीधे सामान पहुंचा रही है। इससे नायका की पहुंच उन ग्राहकों तक भी बढ़ रही है, जो ऑनलाइन शॉपिंग नहीं करते।

ट्रेंडः स्टेटस, एक्सक्लूसिविटी, यादगार अनुभव पर जोर

# लॉयल्टी पॉइंट्स से शाही सफर के साथ शॉपिंग का भी इंतजाम कर रहे भारतीय

**सुनयना चड्ढा | नई दिल्ली.** होटल लॉयल्टी पॉइंट्स अब सिर्फ फ्री-नाइट्स के लिए नहीं, भारतीय इन्हें वीआईपी अनुभव, लग्जरी शॉपिंग और एक्सक्लूसिव अपग्रेड के लिए भी भुना रहे हैं। इस मामले में भारतीय यात्री पूरे एशिया-प्रशांत में सबसे आगे हैं।

**मेरियट बोनवॉय '2026 लॉयल्टी ट्रेंड्स' रिपोर्ट**
- भारत एशिया-प्रशांत (चीन छोड़कर) में लॉयल्टी प्रोग्राम में दूसरा सबसे सक्रिय बाजार बन गया है।
- रिपोर्ट भारतीयों को 'एक्सपीरियंस सीकर्स' की श्रेणी में रखती है। ये ऐसे कंज्यूमर हैं, जो बचत से ज्यादा स्टेटस, एक्सक्लूसिविटी और यादगार अनुभव को तरजीह देते हैं। 73 फीसदी भारतीय एक साथ कई लॉयल्टी प्रोग्राम में सक्रिय हैं।

**हम एशिया-प्रशांत में सबसे आगे**

**93%** भारतीय किसी न किसी लॉयल्टी प्रोग्राम से जुड़े

**69%** बड़े इनाम के लिए पॉइंट भुनाते हैं, एशिया-पशांत में सबसे आगे

**41%** एक्सक्लूसिव एक्सपीरियंस के लिए प्रोग्राम में बने रहते हैं

**शॉपिंग के लिए 56% ट्रैवल**



- **यात्रा का मकसदः** 49% लेजर+बिजनेस
- **पसंदीदा स्टेः** होटल, रिसॉर्ट
- **पसंदः** दर्शनीय स्थल 62%,
- **शॉपिंग** 56%
- **बैंक ट्रांसफर से पॉइंटः** 43%
- **भारतीय, एशिया-प्रशांत का औसत** 36%
- **पॉइंट अर्निंग्सः** 63% फूड ऑर्डर

### चलन में कैश 11.5% बढ़ा, रिकॉर्ड 42.8 लाख करोड़

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

डिजिटल पेमेंट के बढ़ते इस्तेमाल के बावजूद देश में कैश की मांग भी बढ़ रही है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 15 मई तक चलन में करेंसी सालाना 11.5% बढ़कर ₹42.86 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। 1 अप्रैल से चालू वित्त वर्ष 2026-27 के महज डेढ़ महीने में ₹1.15 लाख करोड़ की नकदी सिस्टम में और आ गई।

अर्थशास्त्रियों ने इस उछाल के कई कारण गिनाए हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा, 'चुनावों के दौर में नकदी की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। इस बीच बाजार की अनिश्चितता में लोग कैश रखना सुरक्षित विकल्प मानते हैं।' आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की गौरा सेन गुप्ता ने सरकार की कैश ट्रांसफर स्कीम्स को भी कैश सर्कुलेशन बढ़ने का बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि महिला, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी योजनाओं के तहत जारी नकदी बैंकिंग सिस्टम से बाहर जा रही है।

### ग्रैंड टूरिंगः हाथों से तराशी गई सुपरबाइक; 1,800 सीसी का दमदार इंजन, 6 एग्जॉस्ट



**मिलान** | बीएमडब्ल्यू मोटराड ने नया 'विजन के18' कॉन्सेप्ट पेश किया है। सुपरसोनिक कॉनकॉर्ड जेट से प्रेरित यह मोटरसाइकिल भविष्य की सवारी का अनुभव देती है। इसे रेट्रो या इलेक्ट्रिक के बजाय 'लग्जरी ग्रैंड टूरिंग मशीन' के रूप में तैयार किया गया है। इसमें 1,800 सीसी का दमदार इनलाइन-सिक्स इंजन लगा है।

**खास सस्पेंशन बाइक रुकने पर ऊंचाई कम करते हैंः** बाइक में 6 एग्जॉस्ट आउटलेट, 6 एयर इनटेक और इतने ही फ्रंट एलईडी लाइट्स हैं। बॉडी पैनल हाथ से तैयार एल्युमीनियम से बने हैं। हाइड्रोलिक सस्पेंशन बाइक रुकने पर ऊंचाई कम कर देता है। यह प्रोजेक्ट उत्पादन से अधिक कंपनी के शिल्प कौशल का प्रदर्शन है।

इमरजेंसी • तीन माह का अस्थायी फैसला

# श्रीलंका ने गाड़ियों पर लगाया 50% सरचार्ज, भारत को झटका

यश कुमार सिंघल | नई दिल्ली

श्रीलंका ने विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए आयातित वाहनों पर 50% अस्थायी सरचार्ज लगाया है। यह तीन महीने जारी रहेगा। इसमें बस, कार, हाइब्रिड, ईवी के साथ ही विशेष वाहन भी शामिल हैं। इस सरचार्ज से भारत से वाहन निर्यात सुस्त पड़ सकती है। भारतीय कंपनियों के लिए श्रीलंका उभरता बड़ा बाजार है। श्रीलंका ने इससे पहले भी आर्थिक संकट के कारण 2022 में वाहन आयात पर रोक लगाई थी, जिसे 2025 में हटा लिया गया था।

**कुल भारतीय निर्यात में वाहनों की हिस्सेदारी 5.46%:** वित्त वर्ष 2026 में श्रीलंका के कुल भारतीय निर्यात में कारों की हिस्सेदारी 5.46% रही। यह 2017 के बाद सबसे ज्यादा है। मूल्य के हिसाब से मोटर वाहन भारत से श्रीलंका को निर्यात होने वाला चौथा सबसे बड़ा उत्पाद रहा।

**उछालः मार्च तिमाही में आयात 1,200% बढ़ा**

साल 2025 में श्रीलंका ने रिकॉर्ड 15,484 करोड़ रुपए मूल्य के वाहनों का आयात किया था। 2026 की मार्च तिमाही में आयात 4,430 करोड़ रहा, जो सालाना आधार पर 1,200% अधिक है।

| वर्ष | आयात (करोड रु.) |
|---|---|
| 2020 | ₹2,726 |
| 2021 | ₹123 |
| 2022 | ₹113 |
| 2023 | ₹267 |
| 2024 | ₹638 |
| 2025 | ₹15,484 |
| 2026* | ₹4,430 |

नोटः 2026 के आंकड़े जनवरी-मार्च के हैं।

- वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कार निर्यात 23% बढ़ा है। कुल कार निर्यात में श्रीलंका की हिस्सेदारी 2.73% हो गई, जो वित्त वर्ष 2017 के बाद सबसे ज्यादा है।

## बिजनेस एंकर

लाइफस्टाइल इकोसिस्टम और जेनरेशनल वेल्थ के लिए प्रॉपर्टी में निवेश कर रहीं महिलाएं

# अमेरिकी हाउसिंग मार्केट में दिलचस्प ट्रेंड, कुल महिला खरीदारों में 29 वर्ष तक की युवतियों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 35% तक पहुंची

बिजनेस संवाददाता | न्यूयॉर्क

मियामी में 50 करोड़ रुपए का वॉटरफ्रंट अपार्टमेंट हो, न्यूयॉर्क में पेंटहाउस हो या नैशविले में इन्वेस्टमेंट प्रॉपर्टी। अमेरिका के इन टॉप-एंड रियल एस्टेट बाजार में अब एक नया चेहरा दिख रहा है। और यह चेहरा युवा महिलाओं का है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स के मुताबिक अमेरिका में सिंगल महिला होमबायर्स की हिस्सेदारी 21% है, जबकि सिंगल पुरुष खरीदार महज 9% ही हैं। इतना ही नहीं, सिंगल महिला होमबायर्स में 29 वर्ष की युवतियों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 35% पहुंच गई है। 2 करोड़



से ज्यादा सिंगल महिलाएं अमेरिका में घर की मालकिन हैं। पुरुषों के मामले में यह संख्या 1.4 करोड़ है। जहां बात 40 करोड़ से ऊपर की प्रॉपर्टी की हो, वहां तस्वीर और भी दिलचस्प है। कोल्डवेल बैंकर की रिपोर्ट कहती है कि 50 लाख डॉलर (करीब ₹ 48 करोड़) नेटवर्थ वाली महिलाएं 15% लग्जरी घरों की मालकिन हैं।

### सिर्फ घर नहीं, पूरे 'लाइफस्टाइल इकोसिस्टम' पर बढ़ा फोकस

मैनहट्टन में प्राइवेट इक्विटी बैकग्राउंड की जेन शी ने अपनी बिल्डिंग पांच बार विजिट करने के बाद खरीदारी का फैसला किया और वह भी फिनिशिंग देखने नहीं, बल्कि यह जांचने कि रोज की जिंदगी कैसे चलती है। महिलाएं उस 'इनविजिबल वैल्यू' को ज्यादा समझती हैं जो अच्छे सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर से आती है। मियामी के फोर सीजन्स प्राइवेट रेसिडेंस (कीमत 50 करोड़ से शुरू) में चीफ मार्केटिंग ऑफिसर क्रिस्टीन मार्टिनेज डे कास्त्रो कहती हैं, 'अगर वाइफ को फोर सीजन्स पसंद आ गया, तो बस। फिर कोई बातचीत नहीं होती।'

### नंबरों में देखिए महिलाओं की बढ़ती ताकत

| कैटेगरी | आंकड़ा |
|---|---|
| अमेरिका में सिंगल महिला होमबायर्स | 21% |
| सिंगल पुरुष होमबायर्स | 9% |
| घर की मालकिन सिंगल महिलाएं | 2 करोड़+ |
| घर के मालिक सिंगल पुरुष | 1.4 करोड़ |
| ₹42 करोड़+नेटवर्थ महिलाओं का लग्जरी होम शेयर | 15% |

### अमीर महिला खरीदार क्या चाहती हैं ?

- **फुल-सर्विस बिल्डिंगः** बटलर, कंसियर्ज, हाउसकीपिंग
- **वेलनेस अमेनिटीः** स्पा, पूल, योगा
- **सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चरः** कम्युनिटी स्पेस, एंटरटेनिंग एरिया
- **लॉन्ग-टर्म वैल्यूः** जेनरेशनल वेल्थ की सोच
- **प्राइवेसी, सिक्योरिटीः** 24/7 सुरक्षा, मैनेज्ड इकोसिस्टम

सप्लाई चेन टूटी, 43 डिग्री की भीषण गर्मी में सड़ रही किसानों की फसल

# डीजल नहीं तो ट्रक भी नहीं... एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी में नीलामी बंद हुई

भास्कर न्यूज़ | नासिक

अमेरिका-ईरान युद्ध की आंच प्याज की सप्लाई तक पहुंच गई है। देशभर में ईंधन की किल्लत के बीच ट्रकों को पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में अनिश्चितकाल के लिए प्याज की नीलामी बंद करा दी गई है।

चूंकि ट्रक मंडी नहीं आ पा रहे हैं, लिहाजा प्याज दूसरे राज्यों में नहीं भेजा जा सकता। इसके चलते व्यापारी एसोसिएशन ने नीलामी में शामिल न होने का पत्र बाजार समिति को भेज दिया है। लासलगांव मंडी में आम तौर पर रोजाना 10-15 हजार क्विंटल प्याज की आवक होती है। इसका 90% हिस्सा ट्रकों से दूसरे राज्यों में जाता है। ईंधन की किल्लत से यह सप्लाई चेन टूट गई है। ऐसे में किसान को बमुश्किल 500-600 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहे हैं। प्याज व्यापारी प्रवीण कदम ने कहा, 'गाड़ियां न होने से ऑर्डर की डिलीवरी समय पर नहीं हो रही। कई सौदे टूट रहे हैं। इससे दाम और नीचे जाने का डर है।'

**किसान एक साथ तीन चुनौतियों से जूझ रहे**



- खाड़ी देशों के युद्ध और बांग्लादेश से मांग ठप होने के कारण प्याज का निर्यात पहले से बंद है। इस बीच भाव लगातार घटते जा रहे हैं।
- ऊपर से 43 डिग्री की भीषण गर्मी में गोदामों का प्याज सड़ रहा है। अब नीलामी बंद होने से दाम और गिरने की आशंका है।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# वायरस और मौसम

भारत में घातक इबोला वायरस को लेकर चिंता और सतर्कता बहुत जरूरी है। दिल्ली हवाई अड्डे पर उन नागरिकों की निगरानी शुरू हो गई है, जो इबोला प्रभावित देशों से भारत आ रहे हैं। इबोला से संक्रमित देशों से होकर गुजरने वाले यात्रियों की भी निगरानी के निर्देश सराहनीय हैं। यह हवाई अड्डों पर पूरी चौकसी बरतने का वक्त है। लोग भूले नहीं हैं कि भारत में कोरोना वायरस भी हवाई अड्डों से ही फैला था। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिल्ली ही नहीं, अन्य सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी रखी जाए। इबोला प्रभावित देशों से आ रहे लोगों को भी अपने नागरिक धर्म के प्रति सजग होना चाहिए। हालात बहुत बिगड़े नहीं हैं, पर कांगो में इससे मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा हो गई है। यहां यह दोहराने में हर्ज नहीं कि इबोला वायरस अत्यधिक संक्रामक है और संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने से फैलता है। फिलहाल इबोला का एक रूप बंडीबुग्यो वायरस खतरनाक रूप धारण कर चुका है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से भी सलाह जारी हुई है। अभी कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान बहुत उच्च जोखिम वाले देश हैं और इन देशों की यात्रा या इनके पास से गुजरने से भी बचना चाहिए। किसी संक्रामक बीमारी से बचने का सबसे आसान तरीका यही है कि परस्पर दूरी को सुनिश्चित किया जाए। जिनमें भी इस रोग के लक्षण हैं, उन्हें क्वारंटीन करने की भी तैयारी रखनी चाहिए। इसके लक्षण सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं, जैसे बुखार, कमजोरी, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी, दस्त, बेवजह रक्तस्राव और गले में खराश। यहां सबसे ज्यादा जिम्मेदारी उन लोगों पर होगी, जो इबोला वाले देशों से आ रहे हैं। उनमें अभी भले कोई लक्षण न हो, पर आगे 21 दिन में अगर लक्षण उभरते हैं, तो जांच से भागना नहीं चाहिए। याद रहे, कोरोना संक्रमण को एक समय लोग छिपाते थे। जांच से भी बचने की कोशिश करते थे, ऐसी कोई कोशिश अब नहीं होनी चाहिए, तभी इबोला का खतरा हमें नहीं डराएगा। इबोला अभी उतना बड़ा खतरा नहीं है, पर सजगता अनिवार्य है। इबोला से बचाव के लिए विश्व स्तर पर प्रयास शुरू हो चुके हैं। दस साल बाद इस महीने के अंत में चौथा भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन आयोजित होना था, पर इसे उचित ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब डीआर कांगो की फुटबॉल टीम की फीफा विश्व कप में भागीदारी पर सवालिया निशान लग गए हैं। यह अच्छा है कि इबोला के खतरे को अमेरिका गंभीरता से ले रहा है। वहां कोरोना को पर्याप्त गंभीरता से नहीं लिया गया था, जिसकी भारी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ी थी।

**बाहर और भीतर से भारत के लिए यह स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सतर्कता का समय है। यहां अनेक इलाकों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है।**

भारत में यह वैसे भी स्वास्थ्य के प्रति अत्यधिक सतर्कता का समय है। यहां अनेक इलाकों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जा रहा है। रात के समय भी हवा में तपन महसूस हो रही है। ताप की वजह से होने वाली बीमारियों और संक्रमण को भी बल मिल रहा है। दूषित पानी से भी यह सावधान रहने का समय है। आम तौर पर देखा गया है कि गर्मी में पेयजल का अभाव होता है और उसकी गुणवत्ता के साथ समझौते से सेहत की समस्याएं बढ़ती हैं। ध्यान रहे, इधर अस्पतालों में टायफायड के मामले बढ़ गए हैं। ऐसे में, खानपान, जीवनशैली और दिनचर्या को मौसम के अनुकूल रखना समय की सबसे बड़ी मांग है। देश के बाहर से जो खतरे आ सकते हैं और देश के अंदर जो बढ़ती चिंताएं हैं, सभी के प्रति सावधान रहना हमारा नागरिक धर्म होना चाहिए।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 22 मई, 1951

## ब्रिटिश युद्ध मंत्री की चेतावनी

अमरीका के अर्थ और मैत्री-पाश में बंधा हुआ ब्रिटेन संयुक्त राष्ट्र संघ में चाहे अमरीकी नीतियों का साथ देने के लिए बाध्य हो, परन्तु उन नीतियों पर चलने में खतरा स्पष्ट देख रहा है, यह मजदूरपक्षीय बैठक में ब्रिटेन के युद्धमंत्री श्री स्ट्रैची द्वारा चीन के संबंध में व्यक्त किए गए विचारों से बखूबी समझा जा सकता है। चीन में युद्ध-प्रसार की पहल संयुक्त राष्ट्र संघ को नहीं करनी चाहिए, यह मत व्यक्त करते हुए उन्होंने ब्रिटिश सैनिक परामर्शदाताओं की इस मान्यता पर जोर दिया है कि स्थल-सेना द्वारा चीन को नहीं जीता जा सकता। इसके विरुद्ध वह कहते हैं, स्थल-सेनाओं को अनिश्चित रूप से चीन में फंसा देने का परिणाम यह होगा कि शेष समस्त संसार रूसी सेनाओं की प्रभुता में आ जायेगा। रह गया जल और वायु द्वारा आक्रमण का विकल्प। इसकी क्षमता को चुनौती न देते हुए भी वह इसे श्रेयस्कर नहीं मानते, जिसके लिए उनकी युक्तियां दरगुजर करने लायक नहीं हैं।

'मेरी यह विचारपूर्ण सम्मति है', श्री स्ट्रैची कहते हैं, 'कि यदि हमें 40 करोड़ चीनियों को हमेशा के लिए पश्चिम का कट्टर शत्रु बनाना हो, तो उनके नगरों पर बमवर्षा इसका सर्वोत्तम उपाय है।' यानी, सीधी-सादी भाषा में कहें, तो उनका कहना है कि, चीनी नगरों पर बमवर्षा का यह दुष्परिणाम होगा कि 40 करोड़ चीनी हमेशा के लिए पश्चिम के कट्टर शत्रु बन जाएंगे। यही नहीं बल्कि कुछ अन्य दुष्परिणाम भी उन्होंने खयाल किए हैं, जो संक्षेप में निम्न प्रकार हैंः

1. चीनी नगरों पर बमवर्षा से न केवल चीन की सरकार बल्कि सारा चीन रूस का घनिष्ठ साथी बन जायेगा। 2. एशिया भर में पश्चिम वालों के प्रति दुर्भावना फैलकर उनके लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी और भारत, पाकिस्तान, बर्मा व लंका में स्वाधीनता-स्थापन के द्वारा ब्रिटेन ने पिछले पांच वर्षों में सद्भावना प्रसार का जो भारी काम किया है, वह नष्ट हो जायेगा। 3. हांगकांग का ब्रिटिश उपनिवेश राजनीतिक और सैनिक दृष्टि से अरक्षित हो जायेगा।

इसमें ब्रिटिश उपनिवेश हांगकांग का हाथ से चला जाना ब्रिटेन के स्वार्थ पर सीधी चोट है, परन्तु स्ट्रैची महोदय कहते हैं कि प्रश्न इस या उस ब्रिटिश उपनिवेश अथवा स्वार्थ का ही नहीं है, बल्कि मूलभूत बात यह है कि एशिया में पश्चिमी लोगों की कोई स्थिति नहीं रहेगी।

# अमीर होकर गरीबी ओढ़ने का चलन



यहां स्कैन करें

मनु जोसेफ | पत्रकार और उपन्यासकार

**कोई गरीब नहीं होना चाहता, पर बड़ी हस्तियां गरीबी का अतीत जरूर चाहती हैं। इससे उनकी छवि एक ऐसे शख्स की बनती है, जिसने बेहद मुश्किलों से यह मुकाम पाया।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले भाषण में जोसेफ विजय ने तमिल में कहा- 'मैंने गरीबी देखी है; भूखा भी रहा हूं। मैं किसी शाही परिवार से नहीं हूं।' यह सुनकर लगा, मानो अपना देश ऐसे लोगों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपने तईं अपनी किस्मत खुद बनाई है। हालांकि, असलियत में इनमें से ज्यादातर ऐसे हैं नहीं।

जब मैं लगभग आठ साल का था, तब संयोग से जोसेफ विजय का सहपाठी था। मुझे वह याद रहा और बाद में फिल्मी पोस्टरों पर उसे मित्र के रूप में इसीलिए पहचान पाया, क्योंकि वह ऐसा पहला अमीर लड़का था, जिसे मैं जानता था। कम-से-कम चेन्नई के कोडम्बाक्कम इलाके के हिसाब से तो वह अमीर था ही। दसेक साल बाद, जब वह अठारह साल का हुआ, तब उसे उस फिल्म में मुख्य भूमिका मिली, जिसे उसके पिता बना रहे थे।

ऐसे लोग अक्सर अपने कठिन दिनों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। समय पर भोजन न मिलने की बात हो या कर्ज वसूलने वालों के घर पर आ धमकने की घटना या मकान-मालिक द्वारा किराया मांग लेना, इसे ही वे यह मान बैठते हैं कि सचमुच 'शून्य' से उठे हैं। इसका कारण संभवतः यह है कि वे तंगहाली को गरीबी समझ लेते हैं, जबकि ये दोनों दो अलग-अलग बातें हैं। सौभाग्यशाली लोगों के क्षणिक दुर्योग को गरीबी नहीं कहा जा सकता। गरीबी केवल पैसों की तंगी नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे माहौल में जीना है, जो हर तरह के अभावों से पटा पड़ा है। यह पैसे को पूरी तरह भूल जाने जैसा है। गरीब होने का मतलब है, समय में कहीं अटक जाना- किस्मत वालों से बिल्कुल अलग, किसी दूसरी दुनिया में जीना।

फिर भी, न केवल भारत, बल्कि दुनिया के बाकी हिस्सों में भी लोग गरीबी का दावा करने में कतई देर नहीं लगाते। वे 'गरीबी को ऐसे ओढ़ते हैं, जैसे मेकअप कर रहे हों'। यह बात इलिनोइस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर लेनार्ड डेविस ने अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस के बारे में कही थी, क्योंकि गरीबी में पले-बढ़े होने के उनके दावे अतिरंजित लगते हैं।



विडंबना यह है कि कोई गरीब नहीं होना चाहता, पर हर कोई गरीबी वाला अतीत जरूर चाहता है, खास तौर से नामचीन हस्तियां। दरअसल, इससे उनकी छवि एक ऐसे शख्स की बनती है, जिसने बेहद मुश्किलों और संघर्षों का सामना करते हुए सफलता पाई है। भीड़ के लिए किसी व्यक्ति का यह गुण खास आकर्षण रखता है, भले ही उस व्यक्ति को निजी जीवन में यह उतना लुभावना न लगे।

देखा जाए, तो गरीब पृष्ठभूमि के बहुत कम लोगों को ही अपने जीवन में यह दावा करने का मौका मिल पाता है कि उन्होंने घोर कठिनाइयों के बावजूद सफलता हासिल की है। कामयाब होने वाले ज्यादातर लोग 'नेपो-बेबीज' (रसूखदार परिवारों के बच्चे) होते हैं और उनके पास 'मेरे पिता ने भी बुरे दिन देखे हैं' जैसी कुछ कहानियां होती हैं।

अमेरिका में ही रहने वाले कई अनिवासी भारतीय इस बात को लेकर काफी मुखर रहते हैं कि वे 'कठिन हालात' को झेलते हुए सफल हुए हैं। हालांकि, अमेरिका तक उनका पहुंचना उनकी प्रतिभा का प्रमाण नहीं, बल्कि इस बात का भी सुबूत है कि वे भारत के कुछ खुशकिस्मत परिवारों में से एक हैं। दरअसल, 80 के दशक में केवल उच्च मध्यम वर्ग और अमीर लोग ही ऐसी चुनिंदा जगहों पर जा पाते थे, जहां से उन्हें आखिरकार अमेरिका जाने का मौका मिलता था। हो सकता है कि इनमें कुछ अपवाद हों, लेकिन अपवादों के आधार पर तथ्य कायम नहीं होते।

बाद के दशकों में अमेरिका पहुंचने की क्षमता समाज के निचले तबकों में भी पैदा हुई, यानी दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों से बाहर रहने वाले मध्यम वर्गों तक। किंतु मेरा मानना है कि यह विशेषाधिकार, आज भी भारत में गरीबी में जीने वाले लोगों से बहुत ऊपर केवल ऊपरी तबके को ही हासिल है। हालांकि, जब भी मैं ऐसा कुछ कहता हूं, तो अमेरिका में रहने वाले मेरे परिचित भारतीय नाराज हो जाते हैं। क्या वे वाकई इस बात से अनजान हैं कि उनका मूल देश वास्तव में कितना गरीब है?

शायद यह एक ऐसा मसला है, जो गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई को भी परेशान करता है। एक बार, कुछ इसी तरह की बातों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा था- मेरे पिता ने अमेरिका के लिए हवाई टिकट पर अपनी एक साल की तनख्वाह खर्च कर दी थी, ताकि मैं स्टैनफोर्ड जा सकूं। 90 के दशक की शुरुआत में भारत की प्रतिव्यक्ति आय और अमेरिका के टिकट की कीमत पर यदि गौर करें, तो लगता यही है कि अपनी सालाना कमाई हवाई टिकट पर खर्च करने वाले उनके पिता भारत के शीर्ष पांच फीसदी परिवारों में शामिल रहे होंगे। ऐसा इसलिए, क्योंकि तब भारत बेहद गरीब था।

जाहिर है, नामचीन हस्तियों की गरीबी वाली इन काल्पनिक कहानियों ने समाज में एक बीमारी को जन्म दिया है, जिसे 'प्रेरक कहानियां' कहते हैं। इस तरह की कहानियों में व्यक्ति यह दावा कर रहा होता है कि 'उसने निजी जिंदगी में भूख देखी है' या 'रेलवे स्टेशन पर रातें बिताई हैं'। ऐसा कहते हुए वह दरअसल यह बता रहा होता है कि उसने अपनी बेहतरीन मानवीय खूबियों के दम पर सफलता हासिल की है। इससे हर पीढ़ी के लोगों के मन में कम-से-कम यह धारणा जरूर पुख्ता होती है कि नारकीय जिंदगी से बाहर निकलने का एक रास्ता जरूर है, और अगर वे ऐसा नहीं कर पाए हैं, तो शायद उनमें ही कोई कमी है। नतीजतन, ज्यादातर गरीबों को यही लगता है कि उनमें, उनकी योग्यता में, उनके चरित्र में या फिर उनके भाग्य में कोई-न-कोई खोट जरूर है।

उच्च वर्ग के लोगों का खुद के भाग्यशाली होने से नकारना विचित्र बात है। हाल ही में पश्चिम बंगाल चुनाव में वोट डालने के लिए हजारों घरेलू कामगार महानगरों से अपने राज्य में लौटे, तो गुरुग्राम इससे खूब प्रभावित हुआ। मेरी सोसाइटी के वाट्सएप ग्रुप पर धनाढ्यों ने इन कमागारों के इस 'गैर-पेशेवर रवैये' को खूब कोसा। उनके शब्द थे- 'हमने आज तक जो भी हासिल किया है, अपनी मेहनत से पाया है। कितनी भी विपदा आई, हमने काम से मुंह नहीं मोड़ा ...'।

इन सबको देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि समझदारी और संपन्नता का कोई रिश्ता नहीं होता।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# झारखंड को राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ बनाइए



यहां स्कैन करें

महुआ माजी | सदस्य, राज्यसभा

आज पूरी दुनिया ऊर्जा संकट और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, युद्ध जैसी परिस्थितियां और तेल उत्पादक देशों की राजनीति का असर सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार पर पड़ रहा है। भारत जैसे देश इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सबसे अधिक परेशानी गरीब तथा मध्यम वर्ग को झेलनी पड़ती है। ऐसे समय में देश के भीतर मौजूद ऊर्जा संसाधनों का महत्व और बढ़ जाता है। इसी संदर्भ में झारखंड की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

भारत के कुल कोयला भंडार का बड़ा हिस्सा झारखंड में है। दामोदर घाटी, झरिया, बोकारो और कर्णपुरा जैसे इलाके लंबे समय से देश की ऊर्जा व्यवस्था को शक्ति देते आए हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि झारखंड भारत की ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ है। पतरातू थर्मल पावर स्टेशन, एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना और सीसीएल की बड़ी खदानें देश की ऊर्जा व्यवस्था को लगातार ईंधन उपलब्ध कराती हैं, लेकिन, इसके साथ एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। जिस झारखंड ने देश को ऊर्जा दी, उद्योगों को चलाया और विकास को गति दी, वही राज्य आज भी विकास के कई पैमानों पर पीछे क्यों दिखाई देता है?

**झारखंड का प्रश्न केवल एक राज्य का नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि भारत अपने विकास को किस दृष्टि से देखता है।**

शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और प्रति व्यक्ति आय जैसे मामलों में झारखंड की स्थिति अब भी चिंताजनक है। नीति आयोग और अन्य संस्थाओं की रिपोर्ट बताती हैं कि मानव विकास के कई सूचकांकों में झारखंड नीचे के राज्यों में गिना जाता है। यह स्थिति केवल इसी राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि हमारे विकास मॉडल पर भी सवाल खड़े करती है। किसी राज्य में केवल खनिज संपदा होना पर्याप्त नहीं है। जरूरी यह है कि उस संपदा का लाभ वहां रहने वाले लोगों तक भी पहुंचे। यह भी सच है कि राज्य सरकार ने पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

फिर भी झारखंड जैसे राज्य की जिम्मेदारी केवल राज्य सरकार के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। जब देश की बिजली का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा आज भी कोयले से बनता है और उसमें झारखंड की अहम भूमिका है, तब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी हो जाती है। खनन से राष्ट्रीय स्तर पर जो लाभ मिलता है, उसका एक उचित हिस्सा खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण और आधारभूत ढांचे पर खर्च होना चाहिए। आज जब वैश्विक ऊर्जा संकट और गहरा रहा है, तब भारत को अपने घरेलू संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग करना होगा। झारखंड इस दिशा में देश को बड़ी राहत दे सकता है। इसके लिए कुछ ठोस कदम जरूरी हैं।

सबसे पहले पुराने ताप विद्युत संयंत्रों को आधुनिक बनाना होगा, ताकि बिजली उत्पादन अधिक कुशल और कम प्रदूषण वाला हो सके। दूसरा, कोल गैसीफिकेशन जैसी नई तकनीकों को तेजी से बढ़ावा देना होगा, ताकि कोयले से गैस बनाकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम की जा सके। तीसरा, रेलवे और कोयला परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना होगा। चौथा, केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर एक ऐसा समन्वित ढांचा तैयार करना चाहिए, जिससे संकट के समय बिजली आपूर्ति बाधित न हो और पांचवां, कोयला आधारित ऊर्जा के साथ-साथ सौर और हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं को भी तेजी से आगे बढ़ाना होगा, ताकि भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था संतुलित और टिकाऊ बन सके।

झारखंड के आदिवासी समाज के लिए जंगल, जल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि उनकी पहचान और अस्तित्व का आधार हैं। इसलिए विकास की किसी भी नीति में उनकी भागीदारी, सहमति व सम्मान अनिवार्य होना चाहिए। अंततः झारखंड का प्रश्न केवल एक राज्य का नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि भारत अपने विकास को किस दृष्टि से देखता है। जिस राज्य ने देश को ऊर्जा दी, उद्योगों को शक्ति दी और अर्थव्यवस्था को गति दी, उसके लोगों को भी सम्मान, सुरक्षा व बेहतर जीवन का अधिकार मिलना चाहिए। लोकतंत्र की असली मजबूती इसी में है कि विकास का लाभ उन लोगों तक भी पहुंचे, जिनकी मेहनत से विकास संभव हुआ है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# संघर्ष का दूसरा पहलू

एक बार एक किसान भगवान से लड़ने चला गया- 'आपको खेती के बारे में क्या मालूम? जब मन में आता है, बारिश करा देते हो। गलत समय पर हवाओं को भेज देते हो। आपकी वजह से हम बर्बाद हो गए हैं। ऐसे काम किसी किसान को सौंप दो।' भगवान ने कहा, 'ठीक है, आगे से बारिश, हवा सब तुम्हारे नियंत्रण में रहेंगे,' यह वरदान देकर वह चले गए।

किसान की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। अगला मौसम आया। किसान ने आज्ञा दी, वर्षा बरसो। पानी बरस उठा। जब रुकने के लिए कहा, बारिश रुक गई। उसने गीली माटी को जोता। हवा को आवश्यक गति पर बहाकर खेत में बीजों को बिखेर दिया। वर्षा, धूप, हवा सभी ने उसका हुक्म माना। खेत में धान की बालियां लहलहा उठीं। खेत देखने में रमणीय लगने लगा।

फसल काटने का समय आया, तो किसान ने एक बाली को खोलकर देखा। अंदर दाने नदारद। फिर कुछ और बालियों को तोड़कर उसने देखा। किसी में भी दाना नहीं मिला। उसने गुस्से में भगवान को पुकारा- 'मैंने वर्षा, धूप, हवा सभी का सही अनुपात में तो प्रयोग किया। फिर भी फसल बेकार हो गई, क्यों?'

भगवान मुस्कराए। कहा, 'प्रकृति के तत्व जब मेरे संचालन में थे, तब हवा जब जोर से चलती थी, तो जिस तरह बच्चे मां की छाती को कसकर पकड़ लेते हैं, वैसे ही धान के छोटे-छोटे पौधे धरती के अंदर अपनी जड़ों को गहराई में फैलाकर पकड़ लेते थे। बारिश कम होने पर जड़ों को पानी की तलाश में चारों तरफ भेजते। संघर्ष की स्थिति में ही वनस्पतियां अपनी रक्षा करते हुए मजबूती से बढ़ती हैं। तुमने उनके लिए सब कुछ आसान कर दिया था। ऐसे में, तुम्हारे पौधों में सुस्ती छा गई। भले ही वे लहलहाकर समृद्ध हुए, पर उन्हें स्वस्थ दानों को पैदा करना नहीं आया।'

आखिरकार किसान ने फिर से प्रकृति संचालन के काम भगवान को सौंप दिए। अगर जिंदगी हर तरह से सुविधापूर्ण बन जाए, तो उस स्थिति जैसा खालीपन और कहीं नहीं है। समस्या आने पर ही हमें स्पष्ट रूप से पता चलता है कि हमारी क्षमता कितनी है और हम कहां खड़े हैं? हमें यह देखना चाहिए कि अपने विकास के लिए उस अनुभव का कैसे उपयोग किया जाए।

**अगर जिंदगी हर तरह से सुविधापूर्ण बन जाए, तो उस स्थिति जैसा खालीपन और कहीं नहीं है। समस्या आने पर ही हमें स्पष्ट रूप से पता चलता है कि हमारी क्षमता कितनी है और हम कहां खड़े हैं?**

अंधेरा नाम की एक समस्या थी, तभी तो इंसान ने बिजली की बत्ती ईजाद की। यात्रा करने में समस्याएं आईं, तभी तो उसने तरह-तरह के वाहनों का निर्माण किया। दूरस्थ लोगों से संपर्क करना दूभर था, तभी तो मनुष्य ने टेलीफोन को रूप दिया। अगर समस्याएं ही न रहें, तो अपने दिमाग की काबिलियत के बारे में आप क्या जानेंगे? ठीक तरह से न संभाल पाने के कारण ही मामूली समस्याएं भी भीमकाय दिखाई देती हैं।

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री



**पहले और आज के भारत में एक स्पष्ट अंतर है। कभी दुनिया भारत को केवल एक सॉफ्ट पावर के रूप में देखती थी, लेकिन आज इसे समाधान देने वाली शक्ति के रूप में देखा जाता है।**

# खूंखार कुत्तों को मारना बिल्कुल जायज

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों खूंखार कुत्तों को मारने की अनुमति देकर बिल्कुल ही उचित फैसला सुनाया है। मानव जीवन सबसे ऊपर है और खूंखार कुत्तों को, जो इंसानों की जान ले रहे हैं, जीवित रहने देने का कोई औचित्य नहीं है। लगभग हर दिन कुत्ते द्वारा किसी-न-किसी की जान लेने की खबर आती ही है। इसमें ज्यादातर बच्चे और बुजुर्ग होते हैं। बच्चे और बुजुर्ग की हालत ऐसी होती है कि वे कुत्तों के हमले में भाग भी नहीं पाते। ऐसी कोई परिस्थिति, जो मानव जीवन पर खतरा पैदा करे, उसे खत्म कर देना ही उचित है। इसमें किसी तरह की शंका नहीं होनी चाहिए। पशुप्रेमी भी मानव जीवन को कुत्तों के हमले से बचाने के लिए कहां कुछ करते हैं। ऐसे में, खूंखार या कटखने कुत्तों को मार देना ही बेहतर है। इंसानों की जान लेने का हक किसी को नहीं है।

**शैलबाला कुमारी,** गृहिणी

**आवारा** कुत्ते यदि लोगों की जान के लिए खतरा बन जाएं और अगर कोई कुत्ता रेबीज से संक्रमित हो, तो उसको मारने की इजाजत सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में दी है। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर जो सवाल उठा रहे हैं, उनसे एक सवाल कि यदि एक आवारा कुत्ता पागल हो जाता है और वह चार लोगों को काट लेता है, जिससे उन लोगों की जान चली जाती है, तो क्या इसे इंसानियत कहेंगे? आवारा कुत्तों की दहशत इतनी है कि अब लोग कई स्थानों पर सुबह की सैर में भी नहीं जाते। कई ऐसी घटनाएं टीवी खबरों या अखबारों में आई हैं कि किस तरह से छोटे-छोटे बच्चों को कुछ कुत्तों ने घेरकर लहुलूहान कर दिया और मरणासन्न कर दिया। बुजुर्गों की भी यही दशा होती है। कल्पना कीजिए उस कष्ट का, जो कुत्तों को काटने के कारण लोग भुगतते हैं- असीमित दर्द और फिर इंजेक्शन। कई बार तो सेलिब्रिटी भी इन कटखने कुत्तों के शिकार बने हैं। बाघ बकरी चाय के मालिक का मामला तो अब तक कई लोगों को याद होगा। दिक्कत यह है कि प्रशासनिक प्रयासों से इनको संभाला जा सकता था, लेकिन अफसोस प्रशासन इसके प्रति ढुलमुल रवैया अपनाता रहा है, जिसकी पोल देश के विभिन्न क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के बढ़ते शिकार और रेबीज की बढ़ती घटनाओं से खुल रही है। जब कोई जानवर पागल या आक्रामक होकर लोगों की जान का दुश्मन बन जाए, तो उसे मार देने से जरा भी गुरेज नहीं करना चाहिए। हालांकि, इस फैसले को कितनी ईमानदारी से लागू किया जा सकेगा, इस पर संदेह है। ऐसे में, मीडिया को चाहिए कि वह सरकार और प्रशासन को कुत्तों के आतंक के मुद्दे पर कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए विशेष अभियान चलाए।

**राजेश कुमार चौहान,** टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### कटखने कुत्ते



# बेजुबानों को मारे बिना सुलझाएं समस्या

आवारा कुत्ते भारत में एक बड़ी समस्या बन गए हैं, लेकिन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया ने कैसे अपने यहां इस समस्या को खत्म किया? पहले जर्मनी की चर्चा। वह सर्दियों की सुबह थी, 1954 का साल। दूध की गाड़ियां, ऊनी टोपी पहने बच्चे, और उनके बीच एक और आम नजारा, दुबले-चौकन्ने कुत्ते, जो कूड़ेदानों के बीच चुपचाप घूमते थे। कुछ के गले में पुराने कॉलर थे, जिनके मालिक शायद युद्ध में खो गए थे। कुछ का जन्म इन मलबों में हुआ था। आवारा कुत्ते कोई बड़ा खतरा नहीं थे, लेकिन वे शहर की रफ्तार का हिस्सा बन रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में कुत्तों की कहानी शुरू से ही अलग थी। उपनिवेशी दौर में वे साथी, चरवाहे और शिकारी थे, सड़कों के बेतरतीब बाशिंदे नहीं। 20वीं सदी की शुरुआत तक ऑस्ट्रेलियाई शहरों में आवारा कुत्ते कोई आम नजारा नहीं थे। जंगलों और दूरदराज के इलाकों में जंगली कुत्ते और डिंगो जरूर थे, लेकिन वे शहरों की समस्या नहीं बने। जब तक ऑस्ट्रेलियाई शहर पूरी तरह आधुनिक हुए, तब तक आवारा कुत्तों को स्वीकार न करने की आदत समाज और कानून, दोनों में बैठ चुकी थी।

दोनों देशों में कुत्तों का गायब हो जाना सिर्फ अमीरी या तरक्की का नतीजा नहीं था, बल्कि लगातार चलने वाली नीतियों का असर था। जर्मनी ने 'जिम्मेदारी से रोकथाम' वाला रास्ता चुना। हर साल लगने वाला 'कुत्ता टैक्स', जो मालिक को सोच-समझकर कुत्ता पालने पर मजबूर करता है; अनिवार्य पंजीकरण और माइक्रोचिप, ताकि खोया हुआ जानवर तुरंत पहचाना जा सके; और पूरे देश में पशु आश्रय, जो 'नो-किल' नीति के तहत कुत्तों को नया घर देते हैं, से कुत्ते सड़कों से गायब हो गए। प्रजनन पर सख्त नियंत्रण और समाज से यह उम्मीद कि सड़क पर कुत्ता दिखे, तो तुरंत रिपोर्ट किया जाएगा, ने भी इस नीति में भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया का मॉडल 'काबू और लागू' पर टिका था। स्थानीय परिषदों में पंजीकरण, सख्त कानून व तेजी से पकड़े जाने की व्यवस्था ने आवारा कुत्तों को जगह बनाने ही नहीं दी। साथ ही नसबंदी अभियानों व बिना लाइसेंस वाले प्रजनन पर रोक ने नई पीढ़ियां भी नहीं बनने दीं।

दोनों जगहों में राज एक ही था, कानून, समाज और व्यवस्था, तीनों का लगातार एक साथ चलना। कुत्ते रातों-रात नहीं गायब हुए; वे इसलिए गायब हुए, क्योंकि उनकी अगली पीढ़ी को सड़कों पर आने का मौका नहीं मिला। एक बात और, पश्चिमी देशों में कुत्ते साथी हैं, शान और हैसियत दिखाने की चीज नहीं। हमें भी इसी तरह की नीतियां अपनाकर इस समस्या का समधान करना चाहिए।

**विवेक आसरी,** टिप्पणीकार

# सेहत पर भारी पड़ने लगी तकनीक

**सुबह अलार्म बंद करने से लेकर रात को आखिरी रील स्क्रॉल करने तक, स्मार्टफोन और लैपटॉप हमारी जिंदगी का अटूट हिस्सा बन चुके हैं। तकनीक की ये अधिकता हमारे शरीर की तकलीफ बढ़ा रही है। लगातार गैजेट्स के इस्तेमाल और गलत पॉस्चर के कारण मांसपेशियों और जोड़ों के कई दर्द हमारी जिंदगी में शामिल हो गए हैं। तन और मन समय से पहले बूढ़े हो रहे हैं। तकनीक के इस दौर में अपनी सेहत कैसे बचाए रखें, बता रही हैं तृप्ति मिश्रा**

आप क्या यह जानते हैं कि जब आप गर्दन नीचे झुकाकर मोबाइल या लैपटॉप पर काम करते हैं, तो आपकी गर्दन पर सिर के वजन का दबाव चार से पांच गुणा बढ़ जाता है? ऐसे में लगातार 2 से 3 घंटे तक बिना ब्रेक मोबाइल या लैपटॉप देखने पर गर्दन की मांसपेशियों पर तनाव बढ़ने से रीढ़ की प्राकृतिक बनावट प्रभावित हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, टेक नेक की यह समस्या युवाओं में तेजी से बढ़ रही है। इतना ही नहीं, ज्यादा स्क्रीन के कारण गर्दन या कमर ही नहीं, शरीर के सभी हिस्सों पर असर पड़ रहा है।

## बच्चों में बढ़ते मायोपिया के मामले

बढ़ते स्क्रीन टाइम और बाहर खेलने संबंधी गतिविधियों में कमी के कारण बच्चों और युवाओं में मायोपिया यानी दूर की नजर कमजोर होने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। एक अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण में 3.35 लाख से अधिक बच्चों पर हुए अध्ययन में, स्क्रीन टाइम का हर अतिरिक्त घंटा मायोपिया का जोखिम औसतन 21 फीसदी तक बढ़ा सकता है। इतना ही नहीं, विशेषज्ञों के अनुसार, आमतौर पर हम एक मिनट में 15 से 20 बार पलक झपकाते हैं, लेकिन मोबाइल या लैपटॉप पर लगातार देखने के दौरान यह संख्या घटकर 5 से 7 बार तक रह जाती है। जिससे आंखों में ड्राइनेस, जलन और थकान तेजी से बढ़ती है।

## असमय बूढ़ा बना रहा स्मार्टफोन?

ऑक्सफोर्ड एकैडमिक स्टडी के अनुसार, स्मार्टफोन की लत से मस्तिष्क के प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स और एंटीरियर सिंगुलेट कॉर्टेक्स में 'ग्रे मैटर' का वॉल्यूम कम हो सकता है। ठीक ऐसा ही बदलाव, उम्रदराज या डिमेंशिया से पीड़ित मरीजों में देखा जाता है, जो निर्णय लेने और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर करता है। इसी तरह हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के एक अध्ययन के अनुसार, लगातार आने वाले नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग हमारी एकाग्रता कम करते हैं। गहराई से सोचने की क्षमता कम होती है और कॉर्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है।

द लैंसेट की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्टफोन से निकलने वाली नीली रोशनी, नींद के लिए जरूरी 'मेलाटोनिन' हार्मोन को रोकती है। इससे दिमाग को खुद की मरम्मत का समय नहीं मिलता, जिससे मस्तिष्क में सूजन बढ़ सकती है। लगातार मोबाइल देखने से कम उम्र में ही गर्दन पर रेखाएं, चेहरे पर थकान और त्वचा का ढीलापन जैसे संकेत भी दिखाई दे सकते हैं।

## वात-पित्त बिगड़ने से हो रहा अवसाद

आयुर्वेद के अनुसार लंबे समय तक गैजेट्स का इस्तेमाल करने से वात व पित्त दोष बिगड़ सकते हैं। शरीर के अलावा इसका असर मानसिक सेहत पर भी पड़ सकता है। डिजिटल ओवरलोड धीरे-धीरे चिड़चिड़ापन, गुस्सा, बेचैनी और मानसिक थकान बढ़ा सकते हैं। कई लोग इसे सामान्य तनाव मानकर नजरअंदाज करते रहते हैं, जबकि लंबे समय तक यही स्थिति 'ब्रेन फॉग', भावनात्मक थकावट और अवसाद का कारण बन सकती है।

**हमारे विशेषज्ञ:**
**डॉ. मनोज दुबे**, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ, क्लियर मेडी हॉस्पिटल, नोएडा।
**डॉ. डी. एलांचेझियन**, रिसर्च ऑफिसर (योगा एंड नेचुरोपैथी), सीआरआईवाईएन, झज्जर।
**वैद्य स्वाति त्यागी**, इम्यूनिटी क्लीनिक भारतीय धरोहर वैद्यशाला, नोएडा

## स्क्रीन, समय और सेहत का संबंध



**कारपल टनल सिंड्रोम:** लगातार की-बोर्ड टाइपिंग या माउस का उपयोग करने से कलाई की नसों पर दबाव पड़ता है, जिससे हाथों और उंगलियों में दर्द, सुन्नपन या झुनझुनी महसूस होती है।

**कंप्यूटर हंच :** स्क्रीन (लैपटॉप या फोन) की ओर झुककर काम करने के कारण सिर का आगे की ओर निकल जाना। इससे गर्दन के प्राकृतिक वक्र में बदलाव आता है।

**माउस आर्म और टेनिस एल्बो:** कंप्यूटर माउस को लगातार पकड़ने या कलाई/कोहनी के गलत एंगल पर रहने से कंधे और कोहनी के आसपास की मांसपेशियों में सूजन और दर्द होता है।

**डिजिटल आई स्ट्रेन:** कंप्यूटर या स्मार्टफोन की स्क्रीन को लंबे समय तक एकटक देखने से आंखों में सूखापन, धुंधलापन और सिरदर्द की समस्या रहना।



**टेक्स्ट नेक पोस्चर:** कछुए की तरह गर्दन को आगे और कंधों को उचका कर स्क्रीन में देखने की आदत। इसका रीढ़ पर भी असर पड़ता है। इसे एसएमएस नेक भी कहा जाता है।

**गेमर थंब:** गेमिंग कंट्रोलर या स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग (अंगूठे से लगातार टाइपिंग/स्क्रॉलिंग) से अंगूठे के जोड़ों में अकड़न और दर्द होना।

**डेड बट सिंड्रोम:** बहुत देर तक बैठने के कारण कूल्हे की मांसपेशियां निष्क्रिय हो सकती हैं। ऐसे में अचानक खड़े होने पर पैर की मांसपेशियां शरीर को सपोर्ट नहीं कर पातीं।

**नोमोफोबिया:** फोन के न होने या इस्तेमाल न कर पाने के कारण होने वाला डर या बेचैनी



**स्लीप डिसॉर्डर:** देर तक स्क्रीन देखने के कारण, स्क्रीन की नीली रोशनी से मेलाटोनिन हार्मोन के बनने में कमी आती है, जिससे नींद आने में समस्या होती है।

**रिंगिंग सिंड्रोम:** कानों या सिर के भीतर लगातार घंटी बजने की आवाज सुनाई देना। तेज आवाज में ईयरफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल इसका बड़ा कारण है।

**सुस्त जीवनशैली:** तकनीक के साथ ज्यादा समय बिताने पर शारीरिक गतिविधियों और लोगों से मिलने-जुलने में कमी आती है।



| | |
|---|---|
| 20–30 मिनट | लगातार स्क्रीन देखने पर आंखों में सूखापन व हल्की थकान की शुरुआत। |
| 1 घंटा | बिना ब्रेक स्क्रीन देखने पर सिर दर्द और धुंधलापन महसूस होना। |
| 2 घंटे | लगातार स्क्रीन के सामने बैठने पर गर्दन और कंधों में तनाव बढ़ना। |
| 3-4 घंटे | गलत पोस्चर में रहने पर पीठ दर्द और 'टेक नेक' की स्थिति का बनना। |
| 4 घंटे से अधिक | कमर और कंधों में जकड़न का बढ़ना। |
| देर रात तक | नींद चक्र पर बुरा असर। |

### कब हो जाएं सावधान

■ आंखों में लगातार जलन, सूखापन या धुंधलापन रहना ■ मोबाइल या लैपटॉप देखते समय बार-बार सिरदर्द हो ■ गर्दन, कंधे या पीठ में रोज जकड़न महसूस हो ■ सुबह उठने पर भी थकान बनी रहे ■ रात में देर तक नींद न आए ■ बच्चों का स्क्रीन टाइम तेजी से बढ़ रहा हो और आउटडोर खेल कम हो जाएं ■ आंखें मिचमिचाकर देखना या स्क्रीन बहुत पास लाकर पढ़ना पड़े ■ लगातार स्क्रॉलिंग के बाद चिड़चिड़ापन या मानसिक थकान हो

## टेक्नोलॉजी के साथ ऐसे साधें संतुलन



**20-20-20** का नियम अपनाएं। हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए लगभग 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने से आंखों की मांसपेशियों को आराम मिल सकता है।



हर **45** मिनट बाद सीट से उठें, चलें या स्ट्रेचिंग करें।



बच्चों की आंखों की नियमित जांच कराएं। आउटडोर खेल, योग, धूप और शारीरिक गतिविधियों को महत्व दें।



ताड़ासन, भुजंगासन और ग्रीवा स्ट्रेच जैसे योगासन से गर्दन व रीढ़ को राहत दें। गहरे श्वास का अभ्यास करें। मानसिक तनाव कम करने के लिए नियमित ध्यान व योग का अभ्यास करें।



मोबाइल आंखों से बहुत करीब न रखें। हर रोज रात में **स्क्रीन फ्री टाइम** तय करें।



आंखों को ठंडे पानी से धोएं, पर्याप्त नींद लें और संतुलित दिनचर्या अपनाएं।

आयुर्वेदिक तरीके जैसे शिरोधारा, नेत्र तर्पण, सिर व तलवों पर हल्की तेल मालिश और अभ्यंग जैसी थेरेपी अपनाएं। इसे मानसिक थकान कम करने में मदद मिलती है।



## सवाल-जवाब

# रिटायरमेंट के बाद जब सताए खालीपन

**■ सवाल: मेरी उम्र 65 वर्ष है। रिटायरमेंट के बाद खालीपन बहुत सताता है। छोटी-छोटी बातें भी भूलने लगा हूं। कई बार लगता है, सब कुछ न कुछ कर रहे हैं, मैं ही खाली हूं। मानसिक रूप से सक्रिय रहने के लिए और अकेलेपन से बचने के लिए सलाह दें।**



डॉ. गगनदीप कौर
वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ

**जवाब:** इस समस्या से बहुत सारे लोग जूझ रहे हैं। रिटायरमेंट से पहले हमारी एक व्यस्त दिनचर्या होती है। रिटायरमेंट के बाद एक तरह से जीवन की दूसरी पारी शुरू होती है। अक्सर व्यस्त दिनों में हम सोचते हैं कि समय मिलने पर क्या-क्या करेंगे, लेकिन जब समय मिलता है, तो न काम करने की इच्छा होती है और न ही हम कुछ तय कर पाते हैं।

सबसे पहले, रिटायरमेंट के प्रति अपना नजरिया बदलना होगा। अगर आप सोचेंगे कि परिवार को आपकी जरूरत नहीं है या आप उन पर बोझ हैं, तो नकारात्मक भावनाओं के कारण आपकी मानसिक सेहत खराब हो जाएगी। इसके विपरीत, यदि आप रिटायरमेंट को जिंदगी दोबारा जीने और शौक पूरे करने के अवसर के रूप में देखेंगे, तो अपने समय का बेहतर उपयोग कर पाएंगे।

याद रखें, खुद को व्यस्त रखने के लिए हमेशा दूसरों की जरूरत नहीं होती। आप अकेले भी कई रचनात्मक काम कर सकते हैं; जैसे- बागवानी करना, पालतू पशु पालना, योग-ध्यान करना, किताबें पढ़ना या अपनी सेहत और खान-पान को बेहतर बनाना। इसके अलावा आप सोशल मीडिया पर अपना ज्ञान और जीवन के अनुभव लोगों के साथ साझा कर सकते हैं और दूसरे लोगों से जुड़ सकते हैं। घर की सहूलियत से कोई छोटा बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं। पैसा कमाने से अधिक ऐसा करना आपको सक्रिय रखेगा। याद रखें, जो दिमाग लगातार कुछ न कुछ नया सीखता और पढ़ता रहता है, वह डिमेंशिया और अन्य मानसिक रोगों से दूर रहता है। जब हम कुछ नया और रचनात्मक करते हैं, तो हमारे दिमाग में 'डोपामाइन' (खुशी का हार्मोन) रिलीज होता है।

आप अपने रिश्तेदारों और परिवार के छोटे बच्चों के साथ समय बिताएं। खुद को सामाजिक सेवा के कार्यों से जोड़ें। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन अपने जैसे हमउम्र लोगों का क्लब बनाकर उनसे जुड़ सकते हैं। दोस्तों के साथ आसपास घूमने की योजना बना सकते हैं। जब मनुष्य अपने जीवन का कोई उद्देश्य या अर्थ ढूंढ लेता है और उस राह पर आगे बढ़ता है, तो वह कभी भी अकेलापन महसूस नहीं कर सकता।

**■ सवाल: मेरी छोटी बहन की उम्र 20 साल है। वह पिछले तीन माह से डिप्रेशन व कमजोरी की दवाएं ले रही है। आराम मिला है, पर फरवरी के बाद से पीरियड्स नहीं आए हैं। क्या यह डिप्रेशन की दवाओं के कारण है? क्या उसे दवाएं हमेशा खानी होंगी। हम क्या करें?**

अगर ऐसा हो रहा है, तो सबसे पहले अपने मनोचिकित्सक से इस बारे में बात करें। यह दवाओं के कारण हो जरूरी नहीं है। यह इस पर भी निर्भर करता है कि उन्हें कौन सी एंटी डिप्रेसेंट दी जा रही है। यह देखना होगा कि उनका वजन कितना है। कई बार वजन बहुत कम होने के कारण भी पीरियड्स की समस्या होती है। डिप्रेशन की दवाएं सारी जिंदगी नहीं चलती है। डिप्रेशन, दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर्स और सोच की गड़बड़ी के कारण होता है। दवाएं न्यूरोट्रांसमीटर पर काम करती हैं, सोच पर नहीं, इसलिए काउंसिलिंग व थेरेपी भी जरूरी हो जाते हैं। इससे व्यक्ति ज्यादा बेहतर तरीके से खुद को संभाल पाता है और दवाएं रुक जाती हैं। अभी आपकी बहन की उम्र कम है, तो दवाओं के साथ काउंसिलिंग की मदद से उनकी सोच को ठीक किया जा सकता है।

### भेजें अपने सवाल

**सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com** पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-
**तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301**

# दिल को दिक्कत में डालती थायरॉइड की अनदेखी



**हमारे शरीर** में गले के निचले हिस्से में तितली के आकार की थायरॉइड ग्रंथि से टी-3 व टी-4 हार्मोन निकलते हैं। ये दोनों हार्मोन कैलोरी को ऊर्जा में बदलने और शरीर के तापमान को काबू करते हैं। साथ ही यह तय करते हैं कि हमारा दिल कितनी तेजी से धड़केगा और धमनियों में रक्त संचार कैसा होगा। थायरॉइड का दिल पर दो तरह से असर होता है-

1. **हाइपोथायरॉइडिज्म :** जब थायरॉइड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में हार्मोन नहीं बना पाती, तो शरीर का मेटाबॉलिज्म सुस्त पड़ जाता है, इसी कारण थकान और वजन बढ़ने के लक्षण दिखते हैं। मणिपाल हॉस्पिटल, गुड़गांव में कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीक्षित गर्ग के अनुसार, 'सही उपचार न करने पर दिल की धड़कन सामान्य से कम हो सकती हैं और रक्तवाहिकाओं का लचीलापन कम होने लगता है। इस कारण डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। लिवर फैट को सही तरीके से प्रोसेस नहीं कर पाता, जिससे हानिकारक कॉलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है।'
2. **हाइपरथायरॉइडिज्म :** इसमें थायरॉइड ग्रंथि जरूरत से ज्यादा हार्मोन बनाने लगती है। इस कारण शरीर की सक्रियता बढ़ने लगती है। वजन कम होने लगता है। इसका उपचार न करने से दिल तेजी से धड़कने लगता है। बेचैनी महसूस होती है और अनियमित धड़कनों के कारण दिल के ऊपरी हिस्सों में थक्के जमने की आशंका बढ़ सकती है।

## महिलाएं अधिक शिकार

महिलाओं में हार्मोनल उतार-चढ़ाव (पीरियड्स, प्रेग्नेंसी और मेनोपॉज) के कारण यह ग्रंथि जल्दी प्रभावित होती है। थायरॉइड बेकाबू रहने से महिलाओं को गर्भधारण में दिक्कत आ सकती है। गर्भावस्था में बीपी बढ़ने का जोखिम बढ़ सकता है। **फीचर डेस्क**

### इन लक्षणों पर रहे नजर

■ **थायरॉइड के सामान्य लक्षण:** अचानक वजन बढ़ना या कम होना, अधिक थकान व कमजोरी रहना, हर समय डिप्रेशन या चिड़चिड़ाहट, बहुत ठंड या गर्मी लगना, रूखी त्वचा व आवाज में भारीपन।
■ **दिल पर असर के लक्षण:** सीढ़ियां चढ़ने या थोड़ा चलने पर ही सांस फूलना, सीने में भारीपन या दर्द रहना, दिल की धड़कन अनियमित होना, पैरों, टखनों या तलवों में सूजन आना आदि।

### 35 के बाद जांच जरूरी

■ **नियमित स्क्रीनिंग :** यदि परिवार में थायरॉइड या हृदय रोगों का इतिहास रहा है, तो 35 के बाद साल में एक बार कंपलीट थायरॉइड जांच जरूर कराएं।
■ **दवा खुद न बदलें :** थायरॉइड की दवा खुद से कम या ज्यादा न करें।
■ **स्वस्थ जीवनशैली:** आयोडीन युक्त नमक खाएं। तनाव काबू करने के लिए योग या ध्यान करें। रोज आधा घंटा टहलें।

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। माता का साथ मिलेगा।

**मिथुन:** मन परेशान हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिले सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों को सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**सिंह:** मन परेशान तो रहेगा, परंतु शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कन्या:** मन प्रसन्न तो रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। बेकार के वाद-विवाद से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। मीठे खान-पान में रुचि बढ़ेगी।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से बदलाव हो सकता है।

**मकर:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान भी हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कला व संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

22 मई, शुक्रवार, **शक संवत्** : 01 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 08 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 04 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल षष्ठी तिथि प्रातः 06.25 बजे तक पश्चात सप्तमी सूर्योदय पूर्व 05.05 बजे तक तदनंतर अष्टमी तिथि, तैतिल करण, चंद्रमा कर्क राशि में रात्रि 02.08 बजे तक उपरांत सिंह राशि। **सूर्य उत्तरायण**। प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। भद्रा सूर्योदय पूर्व 5. 05 मिनट से। सप्तमी तिथि का क्षय। गण्डमूल विचार।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**हमारे जीवन में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव है, कोई उपाय बताएं। –राजीव वर्मा, मेरठ**

■ यदि आप मुखिया हैं और दक्षिण पश्चिम के कमरे में बेडरूम नहीं बना सकते, तो ज्यादा से ज्यादा समय उस दिशा में गुजारें। थोड़ा भारी सामान इस दिशा के कमरे में रखें। जिस स्थान या कमरे की ऊर्जा भारी महसूस हो, वहां कम वक्त गुजारें।
■ फर्नीचर ऐसा लें, जो या तो फोल्डिंग हो या फिर आसानी से हट सके।
■ रोशनी एवं वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखें। दिन में पर्दे हटाकर रखें।
■ ज्यादा तेज आवाज में म्यूजिक आदि नहीं चलाएं। छोटे-छोटे पौधे घर के माहौल को हल्का करते है। इन्हें अवश्य लगाएं।

### वर्ग पहेली : 8336



**बाएं से दाएं**
1. मानता; मनौती (3)
3. गिरना; बूंद-बूंद कर निकलना (4)
5. देवता के पदचिह्न वाला गहना; तमगा (3)
7. समुद्र तट; सागर का किनारा; सागर तीर (3,2)
8. मन में होने वाला झुकाव; प्रेम; संगीत स्वरों का निश्चित क्रम (2)
9. खून, रुधिर; लहू (2)
10. धुलाई करना; पखारना ; प्रक्षालन करना; स्वच्छ करना (2)
12. झिल्ली; तल; परत; पेंदा; स्तर (2)
13. रमापति; लक्ष्मीकांत; लक्ष्मीवल्लभ; विष्णु (5)
15. आराम; चैन; सुख; करार (3)
16. चकित हो जाना; भ्रमित होना; घूमना (4)
17. मछली पकड़ने वाला (3)

**ऊपर से नीचे**
1. दिल खराब करना, नाराज होना; मन फेरना (2,3,3)
2. आंच से गरम होना; तप्त होना; तपस्या करना (3)
3. सिक्के ढालने का स्थान (4)
4. अत्याचार करना; आफत करना; जुल्म करना (3,2)
6. अधिक भोजन करने वाले को कम भोज्य सामग्री देना; बड़े डील-डौल वाले को आकार से कम खुराक देना (2,1,2,1,2)
9. पारा; महादेव; शिव (5)
11. भेंट होना; मिलना; आपस में उलझना (4)
14. किसी घटना से हुआ दुख; मृत का शोक (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | 2 फ | ल | ता | 3 पू | र्व | 4 क | ■ | 5 आ |
| ■ | ट | ■ | ■ | ज्य | ■ | र | ■ | ना |
| 6 आ | ना | जा | 7 ना | ■ | 8 य | व | नि | का |
| वं | ■ | ■ | 9 वि | ष | ■ | ट | ■ | नी |
| 10 ट | प्पा | ■ | क | ■ | 11 सं | ■ | 12 मू | क |
| न | ■ | 13 अ | ■ | 14 धा | वा | ■ | ■ | र |
| 15 क | हा | व | त | ■ | 16 दे | ह | 17 के | ना |
| र | ■ | रो | ■ | 18 वृ | ■ | ■ | सू | ■ |
| ना | ■ | 19 ह | स्ता | क्ष | र | क | र | ना |

### सुडोकू : 8318

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | 8 | | | |
| | 3 | | | | | | 9 | |
| | 2 | 6 | 9 | | 4 | 8 | 7 | |
| 8 | 4 | | | | | | 5 | 7 |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| 1 | 5 | | | | | | 3 | 6 |
| | 7 | 5 | 2 | | 6 | 3 | 4 | |
| | 6 | | | | | | 8 | |
| | | | 7 | | 1 | | | |

**खेलने का तरीका:** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8317

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 2 | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 |
| 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |

# Get Exclusive Access to My Private Channel

## ✅One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

**♦️ Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

**♦️ International Newspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

**♦️ Magazine Channel**

National & International [Genaral & Exam related]

**♦️ English & Hindi Editorials**

[National + International Editorials]

**Click here to join**